फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -198, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 16
फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 2



## रोहित-गिल ने जड़े शतक

**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

| इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

| बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

**13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग**

# सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।



- सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता
- फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

### सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।

## एक नजर

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### चुनावी बॉन्ड : 11 को शीर्ष कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की।

# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



### राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

### महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

### दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने पर संशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव



कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

### 15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

# मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

इंफाल, एजेंसी

- थोउबल जिला स्थित आवास से उठा ले गए थे असामाजिक तत्व

भारतीय सेना के जिस अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार सुबह अपहरण कर लिया, उन्हें शाम में सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया। सूत्रों ने बताया कि 'जूनियर कमीशंड ऑफिसर' (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। वह अभी थोउबल जिले के वाइकहोंग पुलिस थाने में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेसीओ को मुक्त कराने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया, जिसके चलते आखिरकार शाम साढ़े छह बजे उन्हें सुरक्षित रूप से मुक्त कराया जा सका। सिंह अभी अवकाश पर हैं। पूर्वाह्न नौ बजे उनका अपहरण कर लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। अपहरण के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथी घटना है।

**हर-हर महादेव**




महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने शिव की आराधना की। इसी कड़ी में ठाकुरगंज में कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात में भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई जिसमें भक्तों का उत्साह देखते ही बना। ● अमृत विचार

# नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।



- उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल

# शिव बरात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

कोटा/जयपुर, एजेंसी

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटा की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

## हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

**लापरवाही** अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

# गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया
- सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई। एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

### आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

"अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन

राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय**, एसडीएम पुवायां

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



**बुस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। गल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**
110 रन 150 गेंद
10 चौके 5 छक्के

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।



धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में शृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। शृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी)** 218

**भारत (पहली पारी)** 473/8 (120 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगाव: पड्डिकल

**धर्मशाला, एजेंसी**

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।



# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# कोहली के लंबे करियर का राज फिटनेस: डु प्लेसी

**बेंगलुरू, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे करियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया। डु प्लेसी ने कहा कि वह जबर्दस्त है। वह काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है। अगर आज के दौर में लंबा करियर चाहिए तो यह करना ही होगा। वह शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा करियर बनाने के लिए सिर्फ प्रतिभा से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा कि युवाओं को लगता होगा कि वह आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे, लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं। हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं। कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं। इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है।



### कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथियों को दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** विराट कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनके आईपीएल में वापसी की संभावना है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे आईपीएल से गहरा लगाव है। इसमें आप कई नए खिलाड़ियों के साथ खेलते हो। कई ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलते हो जिन्हें आप लंबे समय से जानते हो और जो आपके देश से नहीं है जिनसे आप अक्सर नहीं मिलते हो।

### आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

**मेलबर्न, एजेंसी।** मैथ्यू वेड आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में कहा कि उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें ऐतराज नहीं है। वेड ने 2022 में टाइटंस के लिए 10 मैचों में 157 रन बनाये थे लेकिन पिछले साल वह मैच नहीं खेल सके क्योंकि रिधिमान साहा को तरजीह दी गई।

# खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम: मोईन


**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद मोईन अली ने बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन टीम बनाया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का बचाव किया जिसकी इस समय आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें विश्वास नहीं करते। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। मोईन ने कहा कि भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में 5 बार की चैंपियन चेन्नई के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों से उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

### अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव ... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

## फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।




### मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।



## मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई,एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है।'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

### सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



बनीपारा जिनई स्थित बाणेश्वर मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार



शिवली के जागेश्वर मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार



मूसानगर के बड़े शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## भक्तों ने दूध व जल से अभिषेक कर पुष्प, भांग, धतूरा, बेलपत्र अर्पित कर किया पूजन, जगह-जगह प्रसाद वितरण हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को जिले के शिवालयों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। भक्तों ने भोलेनाथ का दूध व जल से अभिषेक कर पुष्प, भांग, धतूरा, बेल पत्र चढ़ाकर पूजन किया और मनौतियां मांगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के चलते अकबरपुर के ऐतिहासिक शुक्ल तालाब स्थित नर्मदेश्वर मंदिर, नबीपुर के झाड़ी बाबा समेत अन्य शिवालयों में भारी भीड़ रही। नबीपुर स्थित झाड़ी बाबा मंदिर में सुबह से ही भक्त पूजन के लिए पहुंचने लगे थे। परिसर में मेला लगा था।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने मंदिर व परिसर में लगे मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अकबरपुर के नर्मदेश्वर व नयागंज के शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बनीपारा के बाणेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी लाइन लगी रही।



रसूलाबाद के धर्मगढ़ बाबा मंदिर में पूजन के लिए भक्तों की लगी कतार।

इसी तरह जमदग्नि ऋषि आश्रम जोत, संगमेश्वर महादेव मंदिर खेड़ा कुर्सी, द्रोणेश्वर महादेव मंदिर असालतगंज, महाकालेश्वर मंदिर भीखदेव, नारदाश्रम धाम नार खास, शिवधाम उसरी, बराही देवी मंदिर कठारा सहित अन्य स्थानों पर भी महाशिवरात्रि पर पूजन किया गया। राजपुर के शीतला माता सहित कई मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया और शोभायात्रा निकाली गई।

बैरी सवाई स्थित महाकालेश्वर मंदिर व शिवली के ओंकारेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक हुआ। शोभन के नर्मदेश्वर, कडरी के भागवतेश्वर मंदिर, बाघपुर के योगेश्वर, शिवली के साकेतधाम, महाकालेश्वर मंदिर, मानसिला मंदिर व औनहां के पंचवटी, कुढ़वा के झारखंडेश्वर, सुजानपुर सुकताल धाम में शिवरात्रि पर विशेष पूजन हुआ। इस दौरान जगह-जगह प्रसाद वितरण भी किया गया। वहीं कई जगहों पर लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

### सिद्धपीठ मुक्तेश्वरी धाम में किया पूजन

**मूसानगर।** महाशिवरात्रि पर कस्बे के सभी शिवालयों में बम भोले व ऊं नम: शिवाय के उद्‌घोष गूंजते रहे। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आश्रम रोड स्थित बड़े महादेव मंदिर में भोर पहर से ही दर्शनार्थियों का तांता लग गया। भक्तों ने भोलेनाथ को जल, दूध, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि अर्पित किया। वहीं महिलाओं ने विधिविधान के साथ उपासना व पूजा-अर्चना की। मुख्य बाजार स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर व सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में देर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ती रही।

### बाणेश्वर मंदिर में लगी लंबी कतार

**रूरा।** महाशिवरात्रि पर प्रसिद्ध बनीपारा जिनई स्थित बाणेश्वर महादेव में पूजन के लिए सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने लोगों की कतार लगवाकर मंदिर में प्रवेश कराया। भक्तों ने पुष्प, बेलपत्र, दूध आदि चढ़ाकर भगवान शिव का पूजन किया और मनौतियां मांगी। रूरा थाना प्रभारी डीएन दुबे फोर्स के साथ मंदिर में व्यवस्थाओं को संभालते रहे।

### हर-हर महादेव के साथ किया अभिषेक

**शिवली।** धर्म और आस्था का प्रतीक शिवली कस्बे के जागेश्वर धाम मंदिर में भगवान शिव की आराधना के लिए सुबह से ही कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करना शुरू किया। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे और दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस व डाक्टरों की टीम भी तैनात रही।

### कपालेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

**डेरापुर।** महाशिवरात्रि पर डेरापुर कस्बा समेत आसपास क्षेत्र के भक्त हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक कपालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचे। इस दौरान भगवान शिव की आरती की गई और जयकारे लगाए गए। सीओ शिव ठाकुर व थाना प्रभारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### मंदिरों में ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी

**रसूलाबाद।** महाशिवरात्रि पर भगवान परशुराम के पिता जमदग्नि आश्रम, असालतगंज के द्रोणेश्वर मंदिर, कहिंजरी के महाकालेश्वर व कहिंजरी बाजार के दूधेश्वर कुर्सीखेड़ा के कपिलेश्वर समेत अन्य शिव मंदिरों में पूजन के लिए भीड़ रही। कोतवाल मुकेश सोलंकी ड्रोन कैमरों से नजर रखते रहे।

# धूमधाम से निकली शिव बारात, जमकर झूमे भक्त

संवाददाता, पुखरायां/राजपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर पुखरायां व राजपुर क्षेत्र में भव्य झांकियों के साथ शिव बारात निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भक्ति गीतों पर झूमते रहे। पुखरायां कस्बा के बड़े महादेवन मंदिर से आनंदेश्वर धाम तक विभिन्न झाकियों के साथ निकाली गई। इस दौरान भोलेनाथ नंदी पर सवार होकर निकले। लोग राधा-कृष्ण, शिवलिंग, हनुमानजी आदि सजीव झांकियों की पूजा अर्चना के बाद शिव बारात में डीजे की धुन पर झूमते रहे। कस्बा की सीमा देवी, ऊषा द्विवेदी, अर्चना, सरिता देवी, कंचन, अंजली अवस्थी, निशा, राजकुमारी, मालती, स्नेहा आदि शिव बारात में शामिल हुई और बड़े महादेवन मंदिर से बरसाती पुलिया, मौहर माता मंदिर, झगड़ेश्वर धाम, मंडी मोड़, बस स्टैंड से वापस लौटते हुए सराफा बाजार, नेतराम गली आदि जगहों पर यात्रा के साथ रहीं।





पुखरायां में निकाली जा रही शिव बारात। अमृत विचार

एसपी बीबीजीएस मूर्ति ने सुरक्षा व्यवस्था जांची। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि करुणा शंकर दिवाकर, राजकिशोर अग्रवाल, शिवम गर्ग, रजत, प्रफुल गोयल, लक्की गौड़, मदन मिश्रा, विकास गौड़, मनोज गौड़ रहे।

इसी तरह राजपुर में सत्संग चौक में शिवभक्तों ने प्रभु शिव की पहली आरती की। इसके बाद शिव बारात सत्संग चौक से प्रारंभ होकर कस्बे की विभिन्न गलियों से होकर निकली। शोभायात्रा में थानाध्यक्ष अजय कुमार पाठक व कस्बा इंचार्ज पंकज कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। शिवबारात में अवध विश्नोई, चुन्नी विश्नोई, चेयरमैन अंशू त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, बाबूजी विश्नोई, अंकुर विश्नोई, शैलेष सोनी, कपिल विश्नोई, अंकुश विश्नोई, अभिकाश पटेल, आस्तिक कौशल, अंकित कटियार, हरिओम त्रिवेदी, गोविंदा सोनी, अंकित सोनी, लल्ला अवस्थी, बिंटू विश्नोई, जब्बार खां, उत्तम विश्नोई, आस्तिक कौशल, नीरज कौशल, प्रियल सोनी, रजत विश्नोई, सत्यम सक्सेना, शंकर सोनी, आलोक गुप्ता, अंबरीश अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



राजपुर में आरती करते ब्लाक प्रमुख राकेश कटियार।



राजपुर में निकलती शिव बारात। अमृत विचार

# बिजली के पोल से टकराया लोडर 21 कांवड़ियों को आई चोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बाणेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कर गहोबा जा रहा कांवड़ियों से भरा लोडर किशुनपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया। जिससे लोडर में सवार 21 कांवड़िया घायल हो गए। पुलिस ने सभी को अस्पताल भेजा।

रूरा थाना क्षेत्र के गहोबा गांव से 21 कांवड़िया लोधेश्वर गए थे। वहां जलाभिषेक करने के बाद सभी गुरुवार रात बनीपारा जिनई आए थे। शुक्रवार की भोर सभी कांवड़िया लोडर में सवार होकर बनीपारा के बाणेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करने गए। लौटते समय डेरापुर-रूरा मार्ग पर किशुनपुर गांव के पास तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गया। हादसे में गहोबा निवासी लायक, राकेश, उनका बेटा मोनू, प्रदीप, आशीष, श्रीराम, रामविलास, संतोष, उनका बेटा संजय, आदित्य, रामनरेश, सचिन, सुमित, राजेश, सोनी, रामजी, प्रांशू, रंजीत, हिमांशू, ठेकेदार व गोली समेत अन्य लोग घायल हो गए।



रूरा थाने में खड़ा क्षतिग्रस्त लोडर।

- **बाणेश्वर मंदिर से गहोबा गांव लौटते समय किशुनपुर के पास हादसा हुआ**



घायल राजेश व राकेश।

# ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय भवन से निकाली शोभायात्रा

**पुखरायां।** कस्बा के प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय भवन सुखाई तालाब से शिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग की प्रतिमा की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली गई।

यात्रा सुखाई तालाब से चलकर जीजीआईसी रोड, मुख्य मार्ग से रेलवे स्टेशन तिराहा, बस स्टैंड, नगर पालिका रोड से हाईवे होकर नगर भ्रमण के लिए निकलने के साथ वापस ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय सुखाई तालाब पहुंची। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, उनके प्रतिनिधि करुणा शंकर दिवाकर, ब्रह्म कुमारी ममता, मीना, ललिता, रेणुका सचान रहे।

## एक नजर

### युवती से दुष्कर्म में दो नामजद, गिरफ्तार

**रसूलाबाद।** महिला ने दो लोगों पर बेटी को बहला फुसलाकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ जनपद इटावा गई थी। उसकी 19 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी सुखमपुर निवासी अनिल और ओमप्रकाश उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर खेत पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि तहरीर के अधार पर दो नामजद लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### डीसीएम ने कार में मारी टक्कर, तीन घायल

**पुखरायां।** हाईवे पर कार में डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। जिला जालौन के थाना कालपी के बरदौली गांव निवासी सत्येंद्र (28), संध्या (25) पत्नी पवन कुमार और कांति (28) पत्नी कैलाश कार में सवार होकर भोगनीपुर के पास लश्करी बाबा मजार के पास गेस्ट हाउस में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे थे। तभी झांसी-कानपुर हाईवे पर कार में डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला सहित कार सवार तीनों घायल हो गए। लोगों ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ गई। विरोहा गांव निवासी शिवपाल ने बताया कि कानपुर नगर के थाना सचेंडी के असगाहा गांव निवासी साला रितेश (25) अपने बहनोई के घर विरोहा गांव आया हुआ था। जहां पर किसी बात से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए।

### गुंडा एक्ट में दो जिला बदर

**कानपुर देहात।** गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत दो अभियुक्तों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। भोगनीपुर कोतवाली व थाना सट्टी पुलिस ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त दिलशाद निवासी ग्राम हीरापुर थाना भोगनीपुर व ताज निवासी थाना सट्टी जनपद को अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) के द्वारा असामाजिक क्रिया-कलापों में लिप्त होने का दोषी पाए जाने के फलस्वरूप छह माह के लिए जनपद कानपुर देहात एवं उसकी सीमा से निष्कासित कर जिला बदर किया गया है।


**अनदेखी** — एलटी तैनात न होने से बंद रहती लैब, निजी संचालक उठा रहे मौके का लाभ

# मूसानगर पीएचसी में सुविधाएं नहीं, मरीज परेशान

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं चौपट हैं। लाखों रुपये खर्च कर तैयार की गई लैब एलटी की तैनाती न होने से बंद रहती है। जिससे जांच कराने के लिए आने वाले मरीजों को भटकना पड़ता है।

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मूसानगर पीएचसी में महीनों से खामियों का अंबार है। हालत यह हैं कि अस्पताल के लिए वर्षों पहले लगवाई गई पानी टंकी टूट कर गायब हो गई है लेकिन पानी की टंकी अभी तक नहीं रखवाई गई है। ऐसे में मरीज व उनके तीमारदारों को परिसर में लगे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ता है। नगर पंचायत से अस्पताल परिसर में नया बना पिंक शौचालय में भी ताला लटका है। जबकि पिंक शौचालय का निर्माण करीब एक साल पहले ही हो चुका था। वहीं जननी सुरक्षा कक्ष में रखा चिकित्सकीय उपयोग का सामान भी कबाड़ हो रहा है। अस्पताल के खिड़की-दरवाजे भी जर्जर हालत में हैं। इसके बावजूद इस ओर अधिकारियों का ध्यान ही नहीं जाता। पीएचसी में समुचित व्यवस्थाएं न होने के कारण अधिकांश गर्भवतियों को प्रसव के लिए सीएचसी पुखरायां या फिर जिला अस्पताल अकबरपुर अस्पताल भेज दिया जाता है। वहीं एलटी की तैनाती न होने के कारण लैब भी बंद रहती है। जिसका फायदा निजी लैब संचालक उठाते हैं। इस बावत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. पूनम शर्मा ने बताया कि स्टाफ की कमी के चलते अव्यवस्था रही है। जिन्हें दुरस्त कराया जाएगा।



मूसानगर पीएचसी के जननी सुरक्षा कक्ष में भरा चिकित्सीय सामान।





पीएचसी के पिंक शौचालय में बंद ताला। अमृत विचार

## कार्यालय ग्राम पंचायत टोडरपुर, विकास खंड मैथा, जनपद- कानपुर देहात

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत/निर्माण/वर्ष 2023-24 दिनांक-07-03-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत टोडरपुर में मनरेगा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं दिनांक 09-03-2024 से 14-03-2024 तक आमंत्रित की जाएंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09-03-2024 से 14-03-2024 तक कार्यालय दिवस में प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक कार्यालय ग्रा.पं. टोडरपुर पंचायत भवन में जमा की जा सकती हैं। तथा निविदाएं 14-03-2024 को अपराहन 3 बजे खोली जाएंगी। अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में उसी समय पर खोली जाएंगी।

| क्रमांक | प्रस्तावित कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | दो प्रतिशत धरोहर धनराशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टोडरपुर में राजू सविता के दरवाजे से करुनेश के घर तक 60 मी. इंटरलांकिंग निर्माण कार्य | 2,14,757 | 429 | 4295 | 6 माह |
| 2 | टोडरपुर में रमेश तिवारी के दरवाजे से मनोज शुक्ला के घर तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य | 232771 | 465 | 4655 | 6 माह |

जीएसटी नंबर व पैन कार्ड अनिवार्य है। धरोहर राशि दो प्रतिशत आवेदन के साथ, 8 प्रतिशत टेण्डर स्वीकृत होने के उपरांत एफडी के रूप में जो सचिव ग्राम पंचायत टोडरपुर के पक्ष में बंधक होगी। नगद धनराशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा की जा सकती है। सौ रुपये का स्टांप भी जमा करना होगा। नियमानुसार सभी करों की कटौती की जाएगी। अन्य नियम व शर्तें निविदा व अनुबंध पत्र के अनुसार होंगी।

**किरन देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- टोडरपुर,
विकासखंड- मैथा,
जनपद कानपुर

**दीपिका त्रिपाठी**
सचिव
ग्राम पंचायत- टोडरपुर,
विकासखंड- मैथा,
जनपद कानपुर

हेलो डाक्टर
मनोरोग से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
घबराहट एवं तनाव से होने वाले रोगों के लक्षण, जानकारी और उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के मनोरोग विभाग के असिस्टेन्ट प्रो. डॉ. शशांक रैकवार से करें सवाल।
दिनांक 09 मार्च दिन शनिवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707




अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# गैंगरेप कांड में चढ़ने लगा सियासी पारा

## आप और बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पीड़ित परिवार के गांव पहुंचा आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** घाटमपुर के बरौली के ईंट भट्ठे में दो किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर दोनों की लाशें टंगी मिलने के मामले में सियासी पारा चढ़ने लगा है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना का प्रतिनिधि मंडल गांव पहुंचा और दोनों पीड़ित परिवारों की इंसाफ की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों परिवारों का दर्द बांटने की कोशिश की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में फुफेरी बहनों के साथ जिस तरह जघन्य खेल खेला गया, उसमें घाटमपुर पुलिस शुरू से ही लीपापोती करने की कोशिशों में जुटी है। पुलिस प्रशासन की ओर से मामले को हल्के में निपटाने की जिस तरह कोशिश की गई, उसी का नतीजा रहा कि एक किशोरी का पिता अपनी जान देने को मजबूर हो गया। अभी भी घाटमपुर पुलिस की लचर कारगुजारी से पीड़ित परिवार खासा सहमा है।

- **इंसाफ की लड़ाई में हर संभव सहायता देने का दिया भरोसा**

अब यह मामला सियासी रंग लेने लगा है। शुक्रवार को बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना और आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार से मिलकर दर्द बांटने की कोशिश की। दोनों प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेताओं ने इंसाफ की लड़ाई में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और कहा कि इस मामले को ईपर तक ले जाएंगे। बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को उनकी लड़ाई में साथ होने का भरोसा दिलाया और न्याय के लिए आंदोलन की बात कही। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता और नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने भी पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

## आज परिवार का दर्द बांटने आएंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पीड़ित परिवार से मिलकर लेंगे घटनाक्रम की जानकारी**

**अमृत विचारः** इस सनसनीखेज मामले में पहले दिन से ही सक्रिय हुई कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को गांव पहुंचेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों का दर्द बांटेगा और पूरी जानकारी हासिल कर प्रदेश सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।


अजय राय।

घाटमपुर क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में दो किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर उनकी लाशें मिलने के बाद कांग्रेस महिला विंग की नेता करिश्मा ठाकुर के ट्वीट करने के बाद ही पुलिस हरकत में आई थी और फटाफट मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वारदात के बाद पुलिस की भूमिका से अब यह मामला सियासी रंग लेने लगा है। इस प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और भाजपा की डबल इंजन सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारे को मुद्दा बनाकर घेरने की तैयारी में जुट गई है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के ट्वीट के बाद अब शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय दोपहर बाद गांव पहुंचेंगे और दोनों पीड़ित परिवारों से हालात की जानकारी लेंगे। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय नौ मार्च को सुबह 10 बजे वाराणसी से कार द्वारा चलेंगे और अपराह्न दो बजे पीड़ित परिवार के गांव पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## परिवारों का जिंदगी भर का जख्म भरने को सौंपे गए 25 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मामला गरमाने के बाद गांव पहुंचे डीएम और एसपी**
- **दोनों किशोरियों के परिवार को 25-25 हजार का चेक**

**अमृत विचार।** पहले किशोरियों के साथ गैंगरेप, फिर संदिग्ध हालात में दोनों की मौत और अब धमकियों से परेशान एक किशोरी के पिता के आत्महत्या करने के मामले में सियासी पारा चढ़ने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। शुक्रवार को दोपहर बाद डीएम, एसपी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों को 25-25 हजार रुपये का चेक थमा कर जिंदगी भर का जख्म भरने की कोशिश की।

सिसोलर थाना क्षेत्र की रहने वाली गैंगरेप का शिकार किशोरियों के परिवारों की आर्थिक हालत बेहद दयनीय है। खास बात यह है कि एक किशोरी के पिता ने भी वारदात और धमकियों से आहत होकर फांसी लगाकर जान दे दी है, जिससे अब परिवार के सामने मुसीबतों के सिवा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन प्रशासन इस मामले को किसी तरह दबाने के प्रयास में जुटा है। 28 फरवरी को गैंगरेप की वारदात, 29 फरवरी को दोनों


25 हजार का चेक देते एसडीएम।

किशोरियों के शव पेड़ पर लटके मिलने और फिर छह मार्च को एक किशोरी के पिता द्वारा आत्महत्या करने के बाद शुक्रवार को जिला प्रशासन हरकत में आया।

शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, मौदहा एसडीएम राजेश चंद्रा, मोदहा सीओ श्रेयश त्रिपाठी गांव पहुंचे। डीएम ने दोनों किशोरियों के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 25-25 हजार रुपये का चेक सौंपा। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवारों को गरीबी रेखा के नीचे का राशन कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए। इस आर्थिक सहायता को गांव वाले दोनों परिवारों के साथ मजाक बता रहे हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह भी मौजूद रहे।

### ठेकेदार का ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा

पहली बार गांव पहुंचे जिलाधिकारी के सामने गांव वालों ने भट्ठा मजदूरों के ठेकेदार और गैंगरेप के आरोपी रामरूप निषाद की खुलकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को लेखपाल के जरिए जमीन की जांच-पड़ताल कराकर खाली कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

# दुराचार का आरोपी हत्थे चढ़ा

संवाददाता, बिधनू

- **कुरारा क्षेत्र की किशोरी से ट्रक में हुआ था दुराचार**
- **पुलिस ने आरोपी चालक और क्लीनर को पकड़ा**

**अमृत विचारः** करीब एक पखवारे पहले ट्रक की केबिन में किशोरी के साथ दुराचार करने वाले आरोपी ट्रक चालक और उसके मददगार क्लीनर को बिधनू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को दोनों की मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

हमीरपुर रोड पर बिधनू थाना क्षेत्र शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज के पास 24 फरवरी को ट्रक की केबिन में किशोरी के साथ उस समय दुष्कर्म किया गया था, जब वह अपने भाई के साथ ट्रक में बैठकर उन्नाव ईंट भट्ठे अपने मां-बाप के पास जा रही थी। हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र की रहने वाली इस 17 वर्षीय किशोरी के मां-बाप उन्नाव के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते हैं। वह अपने बड़े भाई के साथ घर से निकली थी। कुरारा के पास गांव का


बिधनू पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अमृत विचार

पड़ोसी चालक पिंटू मिल गया था। उसने उन्नाव चलने की बात कहकर ट्रक में दोनों को बैठा लिया था।

घटनाक्रम के मुताबिक शंभुआ आरओबी के पास उसका भाई शौच के लिए ट्रक से उतरकर खेत की ओर चला गया। इसी बीच चालक पिंटू ने क्लीनर जितेंद्र से ट्रक के केबिन के दरवाजे बंद करवा दिए और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने घटना के 11 दिन बाद छह मार्च को पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने चालक पिंटू और उसके मददगार क्लीनर जितेंद्र शंभुआ के पास गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## वादी की मौत से आया नया मोड़

**कानपुर।** ईंट भट्ठे में किशोरियों को जबरन बीड़ी-शराब पिलाने और गैंगरेप कर अश्लील वीडियो बनाने के बाद दोनों की लाशें लटकी मिलने के मामले में वादी की मौत से नया मोड़ आ गया है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अगर पुलिस ने निष्पक्ष तरीके से विवेचना की तो वादी के नहीं रहने का मुकदमे में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

बरौली के ईंट भट्ठे में हमीरपुर के सिसोलर थाना क्षेत्र के रहने वाले मजदूर परिवार की दो किशोरियों के साथ उस समय घिनौना कृत्य किया गया था, जब उनके परिवार गृहस्थी का सामान खरीदने बाजार गए थे। इस सनसीखेज मामले में जिस किशोरी के पिता ने घाटमपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी, उसने भी धमकियों से परेशान होकर छह मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# ठेकेदार की पत्नी और बेटी भी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **सिसोलर पुलिस ने भंवई गांव के पास दोनों को पकड़ा**
- **केस दर्ज होने के बाद भागने की फिराक में थीं**

**अमृत विचार।** गैंगरेप की शिकार किशोरी के पिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मौत की जिम्मेदार ठेकेदार की पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दोनों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह भागने की फिराक में थीं। दोनों को भंवई गांव के बस स्टैंड से पकड़ा गया।

घाटमपुर क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में किशोरियों को जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप करने और अश्लील वीडियो बनाने के बाद दूसरे दिन दोनों किशोरियों की लाशें बेरी के पेड़ में टंगी मिलने के मामले में पेचीदगी बढ़ती जा रही है। इस मामले में गांव के भट्ठा मजदूर ठेकेदार रामरूप निषाद, उसके बेटे रज्जू और भांजे संजू के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने और फिर गिरफ्तारी के बाद जेल भेजे जाने के बाद पीड़ित परिवार पर लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा था।

दबाव और धमकियों से भयभीत होकर एक किशोरी के पिता ने जिस तरह सिसोलर क्षेत्र के अपने गांव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, उसके लिए ठेकेदार की पत्नी और बेटी को जिम्मेदार ठहराया गया है। आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज होने के बाद शुक्रवार को सिसोलर पुलिस ने ठेकेदार की पत्नी निर्मला और उसकी बेटी सुधा को भंवई गांव के बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी दोनों मां-बेटी पुलिस से बचने के लिए भागने की फिराक में थीं।

## टेंपो-ट्रैक्टर देने से पीछे हटे थे गांव वाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** निषादों के डेरा में ठेकेदार रामरूप का इतना दबदबा है कि कोई उसका विरोध मोल नहीं लेना चाहता और पीड़ित परिवार की मदद करने में भी डर महसूस करता है। एक किशोरी के पिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद पुलिस को शव ले लाने के लिए वाहन की जरूरत थी। गांव में टेंपो और ट्रैक्टर होते हुए भी लोगों ने बहाने बनाकर कदम पीछे खींच लिया। अंततः ग्राम प्रधान ने अपना ट्रैक्टर भेजा, तब पुलिस शव लेकर निकल सकी।

निषादों का डेरा एक ग्राम पंचायत का मजरा है। ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह दूसरे गांव के निवासी हैं। बताते हैं कि गैंगरेप की शिकार एक किशोरी के पिता ने जब आत्महत्या कर ली तो पुलिस गांव पहुंची। रोड से गांव की दूरी करीब एक किलोमीटर है, जहां तक पहुंचने के लिए गलियारा वाला ऊबड़-खाबड़ रास्ता है। गांव में दो टैक्टर और दो टेंपो हैं, मगर पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाने को वाहन नहीं ढूंढे मिल रहा था। टेंपो और ट्रैक्टर मालिकों ने कोई न कोई बहाना बनाकर कदम पीछे खींच लिया। यह सिर्फ इसलिए कि ठेकेदार से बुराई हो जाएगी।

पुलिस परेशान रही। आखिर में सिसोलर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह से संपर्क किया। इसके बाद प्रधान ने अपना निजी ट्रैक्टर भेजा, तब गांव से शव को ले जाया गया। इसी से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठेकेदार के वर्चस्व से गांव वाले इतने डरे-सहमे हैं कि पीड़ित परिवार की चाहकर भी मदद नहीं कर पा रहे हैं।

## राष्ट्रीय पाठ्यचर्या क्रियान्वयन के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **विकासखंड सरवनखेड़ा में चल रहा नौ और दसवीं बैच का प्रशिक्षण खत्म**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या क्रियान्वयन के लिए बच्चों में शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में भाषा और गणित के कौशल निर्माण को लेकर विकासखंड सरवनखेड़ा में चल रहा नौवें और दसवें बैच का प्रशिक्षण समाप्त हो गया।

प्रदेश में निपुण भरत मिशन के लक्ष्य को 2026 तक प्राप्त करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के शिक्षक व शिक्षामित्रों को चार दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी स्तर पर दिया जा रहा है। इसके तहत सरवनखेड़ा विकासखंड में संचालित प्रशिक्षण के चौथे दिन संदर्भदता संजय शुक्ला ने प्रतिभागियों से चर्चा की। उन्होंने गणित विषय में साप्ताहिक, शिक्षण चक्र में अनुदेशात्मक कार्य में तीन शिक्षण योजना, अभ्यास कार्यपत्रक, गणित खेल, खोजें और जाने पर कार्य करने के बाद पांचवें दिवस समेकन, आकलन मैने सीख लिया एवं छठवें दिवस रेमीडियल के साथ साप्ताहिक पुनरावृत्ति पर कार्य करने के बारे में बताया।

एआरपी रुचिर मिश्रा ने बहुकक्षीय शिक्षण के प्रयोग के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि कक्षा चार एवं पांच में भाषा व गणित का शिक्षण कार्य शुरू करने से पहले हमें बच्चों के स्तरानुसार बेसिक और एडवांस के समूह मे बांटना जरूरी है।

एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने बच्चों के श्रुतलेख में सुधार के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के पठन क्षमता में सुधार कराएंगे। तभी बच्चा आगे सही व शुद्ध रूप से पढ़ने में सक्षम बन पाएगा। अरुण दुबे, राधा देवी, जयपाल, जावेद आलम, नरेश कुमार, गायत्री, ज्योति मिश्रा, अनुरीता रावत, कुसुम लता, पूनम कुमारी, सारिका सिंह, आरती खरे, सुमन देवी, अनीता वलेचा, आर्चना पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पत्नी के हत्यारोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



पुलिस हिरासत में पत्नी का हत्यारोपी।

**अमृत विचार।** पत्नी के प्रेम प्रसंग को लेकर पति ने ही उसकी हत्या कर शव हाईवे किनारे फेंका था। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

बता दें कि मूल रूप से भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनापुर गांव निवासी अजीत कुमार गुजरात में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी रूबी (35) चार बच्चों के साथ अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीपुर में किराये पर रहती थी। गुरुवार की सुबह रूबी का शव अकबरपुर क्षेत्र के शहजादपुर गांव के पास हाईवे किनारे पड़ा मिला था।

मौके पर पहुंचे एएसपी राजेश पांडेश, सीओ तनु उपाध्याय ने छानबीन की थी और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए थे।

- **व्हाट्सएप पर पत्नी व प्रेमी की डीपी देखकर आग बबूला हुआ था पति**

संदेह होने पर पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। मामले में हाल निवासी अकबरपुर के आघू रोड किराये पर रहने वाले मृतका के पिता सुरेंद्र संखवार ने दामाद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अभियुक्त ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। सात दिन पहले वह गुजरात के मौर्वी में मजदूरी करने गया था।

कुछ समय पहले उसे पता चला था कि पत्नी किसी पंकज नाम के व्यक्ति से बात करती है और उसके साथ ही आती जाती थी। मना करने पर वह झगड़ा करती थी।

आरोपी ने पुलिस बताया कि कुछ समय पहले पत्नी ने अपना सिम पंकज को दे दिया था। पंकज उस सिम पर अपना व्हाट्सअप चलाने लगा। एक दिन उसने देखा कि पंकज ने अपने व्हाट्सएप की डीपी पर उसकी पत्नी व अपनी फोटो लगाई है।

जिससे वह गुस्से में आ गया और 6 मार्च को गुजरात से वापस आकर फैक्ट्री में काम कर रही पत्नी से मिलने गया। शाम को फैक्ट्री से छुट्टी होने के बाद वह पत्नी के साथ वापस आ रहा था। तभी शहजादपुर के पास रास्ते में पंकज के मोबाइल में उसकी व पंकज की फोटो को लेकर उससे झगड़ा होने लगा।

इसके बाद गुस्से में आकर उसने पत्नी को सड़क के पास झाड़ियों में खीच लिया और उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव झाड़ियों में छिपाकर गुजरात जाने की फिराक में था। तभी पकड़ लिया गया। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

## कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया

संवाददाता रसूलाबाद

**अमृत विचार।** शुक्रवार को डूडावर ग्राम में श्रीमदभागवत कथा के अंतिम दिवस रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए व्यास उपेंद्र शास्त्री ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्म की पुत्री थीं और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मिणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य एवं गुणों के प्रशंसा सुनी तो उन्होंने मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।


कथा सुनाते आचार्य।

उन्होंने बताया कि रुक्मिणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह शिशुपाल के साथ करना चाहता था। रुक्मिणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के पास अपना संदेश भिजवा दिया। तब प्रभु श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए। शिशुपाल और उसके मित्र राजाओं के साथ उनका भयंकर युद्ध हुआ। जिसमें उन्होंने सभी को परास्त किया। रुक्मणी को उनकी इच्छानुसार उनका हरण कर लिया और द्वारिकापुरी लेकर आ गए और वहां पर उन्होंने रुक्मणी के साथ विवाह किया। श्रीकृष्ण रुक्मणी का विवाह सुन श्रोता भाव विभोर उठे। हरिशंकर, कलावती, गीतम सिंह, परशुराम, प्रवीन, रमा, कमला, अमरेश, सुलखान, वैष्णवी, मुस्कान, महक आदि मौजूद रहे।

## कोटेदार व शिक्षकों के विवाद में पांच पर केस

संवाददाता राजपुर

- **शिक्षक व कोटेदार संगठनों ने अपनी-अपनी तरफ से कार्रवाई की उठाई थी मांग**

**अमृत विचार।** पिटाकपुर में कोटेदार के यहां एमडीएम का राशन लेने के दौरान शिक्षक व कोटेदार के बेटे में मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के पिटाकपुर गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक सुरेश कटियार मंगलवार को कोटेदार पुष्पा देवी के यहां मिड डे मील का राशन लेने गए थे। इस दौरान राशन की गुणवत्ता को लेकर कोटेदार के बेटे प्रांशू व शिक्षक सुरेश कटियार में मारपीट हो गई थी। कोटेदार पुष्पा देवी का आरोप है कि शिक्षक ने एमडीएम खाद्यान्न के बदले पैसे की मांग की। इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। जबकि शिक्षक का कहना है कि कोटेदार द्वारा दिए जाने वाले गेहूं-चावल की गुणवत्ता खराब होने पर राशन बदलने पर कोटेदार के बेटे ने अभद्रता के बाद स्कूल में आकर हंगामा किया। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायती पत्र दिया था। गुरुवार को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन ने सैकड़ों शिक्षकों के साथ थाने में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। इधर राशन डीलर संगठन के कोटेदारों ने एसडीएम सिकंदरा को ज्ञापन देकर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

समारोह | कन्नौज के सांसद ने सिसाही गांव में अंत्येष्टि स्थल निर्माण का किया शिलान्यास

# भाजपा सरकार में मिल रही पक्की छत

संवाददाता रसूलाबाद, अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा का बसपा से गठबंधन था और कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का प्रत्याशी भी नहीं लड़ा था। तब भी भाजपा की चुनाव में जीत हुई थी। आगे भी एक बार फिर कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में कमल खिलेगा। यह बात कन्नौज लोकसभा सांसद सुब्रत पाठक ने सिसाही गांव में कही।

शुक्रवार को कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक सिसाही गांव पहुंचे। जहां प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार राठौर ने फूल माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। उन्होंने अंत्येष्टि स्थल निर्माण का विधिविधान से भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। करीब 24.63 लाख रुपये की लागत से ग्राम पंचायत निधि की धनराशि से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य होगा।



सिसाही गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक।

सांसद ने गांव में चौपाल को भी संबोधित करते कहा कि भाजपा में रोटी, कपड़ा और मकान की बात चरितार्थ हो रही है। लोगों के पास अपनी पक्की छत है और खाने के लिए सरकार मुफ्त राशन दे रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था अच्छी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस व्यवस्था से आज प्रदेश में गुंडा व माफिया प्रदेश छोड़ रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू दुबे, सदस्य जिला पंचायत जनार्दन सिंह ऋषि, शिवम दीक्षित चेयरमैन रसूलाबाद देवशरण कमल, मंडल अध्यक्ष ओमशंकर सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत शैलेंद्र पांडेय लालू, रामू कठेरिया, अभिमन्यु सिंह, संजय चौहान, शोभित दीक्षित, मीनू शुक्ला, पंकज दुबे, राजू राठौर, आशुतोष त्रिपाठी, जयराम सिंह, राजेंद्र सिंह, रामकेश रमेश आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा, ऑटो वालों पर नहीं नकेल, ट्रैफिक चौपट

**मुसीबत**

- शहर की सड़कों पर दिन भर रही जाम की समस्या
- रूट न तय होने से बेतरतीब भागते रहते हैं ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर ई-रिक्शा व ऑटो का कब्जा नजर आता है। जिस कारण से दिन भर जगह-जगह जाम लगना आम बात हो चुकी है। इतना ही नहीं इनका संचालन नबालिग चालकों द्वारा भी बिना रोकटोक के किया जा रहा है। इसके बावजूद इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जाता। संचालकों की मनमानी ऐसी है कि उनके द्वारा अपने वाहनों को सवारी के चक्कर में कहीं भी रोक दिया जाता है। साथ ही नियम और कानून को ताक पर रखकर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर उनकी भी जान जोखिम में डाल देते हैं। दिनों दिन बढ़ती आमद के बाद भी वाहन स्टैंड व रूट प्लान न होने के चलते शहर की सड़कों पर यह बेतरतीबी से दौड़ते नजर आते हैं।

नया मोटर व्हीकल एक्ट लागू किए जाने के बाद पुलिस व परिवहन विभाग दो पहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग के लिए लगातार अभियान चलाते दिखाई दे जाते हैं। लेकिन सड़को पर दौड़ रहे ऑटो व ई-रिक्शा चालकों पर कोई कार्यवाही न किए जाने से इनकी मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। कुछ साल पहले तक शहर में ऑटो व ई-रिक्शा की संख्या काफी कम थी। लेकिन कुछ ही समय में इनकी संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। नतीजन शहर के अंदर स्थित प्रमुख चौराहों, प्रमुख सड़कों पर इनकी बेतरतीब पार्किंग से जाम लगता रहता है। जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दिन ब दिन बिगड़ती ही जा रही है।


कुछ इस तरह से रहती है शहर की सड़कों पर ई-रिक्शों की मनमानी। अमृत विचार

### लगातार बढ़ती जा रही है ई-रिक्शों की संख्या

दोआबा में करीब सात हजार से अधिक ई-रिक्शा व ऑटो का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक शहर की सड़कों पर हर नौ मीटर में एक ई-रिक्शा व ऑटो का कब्जा रहता है। सबसे अधिक परेशानी सदर अस्पताल तिराहा, रोडवेज बसस्टाप, ज्वालागंज तिराहा, अशोक नगर आदि का रहता है।

### स्टैंड और मार्ग निर्धारण नहीं

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से ई-रिक्शा व ऑटो का मार्ग निर्धारित करने के साथ ही रूट चार्ट तैयार करवाए जाने की कवायद बीते वर्षों में शुरू तो की गई थी लेकिन परवान नहीं चढ़ सकी। तत्कालीन डीएम आंजनेय कुमार सिंह का स्थानांतरण गैर जनपद होने के बाद यह योजना भी अधर में लटक गई जिससे शहरियों की परेशानियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## हादसे में अपना दल (एस) नेता बचे

**बिंदकी।** सड़क हादसे में अपना दल (एस) नेता पार्टी के जिला महासचिव बाल बाल बच गए, जबकि कार में सवार एक महिला घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया कि अपना दल (एस) नेता बैठक में भाग लेने के बाद लखनऊ से वापस अपने घर जा रहे थे।

गुरुवार की रात को लखनऊ से अपने घर कार द्वारा जा रहे अपना दल एस नेता पार्टी के जिला महासचिव अनिल पटेल निवासी भवानीपुर कोतवाली बिंदकी की कार अनियंत्रित होकर बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड बाईपास चौराहे में खंदक में घुस गई। हादसे के बाद हड़कंप मचा रहा। हादसे में अनिल पटेल बाल-बाल बच गए।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद

- पांच साल पहले हुसेनगंज क्षेत्र में हुई थी किशोरी से दुष्कर्म की घटना, कोर्ट ने सुनाई सजा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए बीस साल कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 10 हजार का अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने जुर्माना की रकम पीड़िता को देने के आदेश दिए है।

विशेष लोक अभियोजक देवेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की 29 मार्च 2019 को खेत गई थी। खेत में पहले से मौजूद रिश्तेदार सौखी लाल ने किशोरी से दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। पीड़िता ने घर आकर पिता को आपबीती बताई। पिता ने थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विशेष न्यायालय पाक्सो अनन्य न्यायाधीश मोहम्मद अहमद खान की कोर्ट में गुरुवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन की ओर से आठ गवाह पेश हुए।

न्यायाधीश ने दोनों पक्षो की दलीले सुनने के बाद आरोपी सौखी लाल को 20 साल कारावास की सजा और 10 हजार रुपया जुर्माना अदा करने के आदेश दिए।

# हर मरीज का मर्ज एक क्लिक करते ही आ जाएगा स्क्रीन पर

## नवीन यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफार्म नाम से पोर्टल लांच किया गया

**नई सुविधा**

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में अब हर मरीज का विवरण ऑनलाइन दर्ज होगा। इसके लिए विकसित किए गए नवीन यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफार्म नाम के पोर्टल को लांच किया गया है। ट्रायल के तौर पर पोर्टल पर मरीजों का विवरण दर्ज करने का काम किया जाएगा। जिले के निजी एवं सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों और पैथोलॉजी लैब संचालकों को एक-एक मरीज का विवरण इस पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा।

कोविड-19 ट्रैक की तरह इस पोर्टल पर जांच रिपोर्ट के साथ मरीज का पूरा विवरण जैसे नाम, पता, उम्र, बीमारी, मोबाइल नम्बर और संपर्क के व्यक्ति का नाम भी दर्ज करना होगा।

शासन की मंशा है कि कोरोना महामारी के दौरान पोर्टल पर संक्रमितों का विवरण दर्ज होने से इसके संक्रमण को रोकने, बचाव एवं इलाज के लिए पूरी तैयारी की गई। इसी तरह अन्य बीमारियों की रोकथाम बचाव और इनसे होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने के लिए सभी बीमारियों से संबंधित मरीजों का डाटा इस पोर्टल पर रोज अपडेट होना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखकर जनपद में सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की योजना बनाई जा सकेगी। पहले चरण में 64 बीमारियों का विवरण पोर्टल पर दर्ज होगा। इस पोर्टल से लोगों को काफी फायदा मिलेगा।



- अस्पतालों व पैथोलॉजी संचालकों को पोर्टल पर दर्ज करना होगा मरीजों का ब्योरा

### पोर्टल पर ऐसे दर्ज होगा विवरण

जिले में किसी भी पैथालाजी लैब, सरकारी और निजी डाक्टर के पास पहुंचने वाले मरीज की पर्ची पर बीमारी का विवरण दर्ज करना होता है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पैथालाजी लैब द्वारा सीधे विवरण दर्ज किया जा सकता है। डाक्टर द्वारा पर्ची के आधार पर विवरण दर्ज करना होगा। कोविड-19 ट्रैक पर पहले सही अधिकांश लैब, क्लीनिक और अस्पताल रजिस्टर्ड हैं।

नए पोर्टल पर हर मरीज और बीमारी का पूरा विवरण दर्ज करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए सम्बन्धितों जिम्मेदारों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

डा. केके सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी

## तिलक में डांस कर रही दूल्हे की मां की हार्टअटैक से मौत

**फतेहपुर।** बेटे के तिलक समारोह में डीजे पर डांस कर रही मां अचानक गिरी और बेहोश हो गई। यह देख समारोह में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन महिला को अस्पताल लेकर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना से शादी वाले घर की सारी खुशियां गम में तब्दील हो गईं।

धाता थाना क्षेत्र के देवरार गांव निवासी सुखराम के बेटे कुलदीप की शादी कौशांबी के सैनी कोतवाली क्षेत्र के उचरावां गांव में तय थी। 11 मार्च को कुलदीप की बारात जानी है। देर रात लड़की पक्ष के लोग तिलक लेकर लड़के के गांव पहुंचे थे। लड़के पक्ष के रिश्तेदार भी तिलक समारोह में मौजूद थे। इस दौरान समारोह में डीजे बज रहा था। इस बीच खुशी के माहौल में दूल्हे कुलदीप की मां ज्ञानमती (50) भी डीजे के धुन पर डांस करने लगीं। अचानक वह गश खाकर गिरीं और उनकी मौत हो गई।

# बदली जीवनशैली से कमर का दर्द

संवाददाता फतेहपुर

- जिला अस्पताल में तेजी से बढ़ रहे स्लिप डिस्क मरीज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में स्लिप डिस्क के मरीजों की संख्या दो दर्जन से अधिक हो गई है। कमरदर्द के जितने मरीज आ रहे हैं उनमें 50 फीसदी मरीजों में कमरदर्द की वजह स्लिप डिस्क निकल रही है। डॉक्टर इसके पीछे बिगड़ी लाइफ स्टाइल को सबसे प्रमुख वजह बताकर मरीजों को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

जिला अस्पताल में चलने वाली हड्डी रोग की ओपीडी में आ रहे कमर दर्द के मरीजों में सबसे अधिक संख्या स्लिप डिस्क के शिकार मरीजों की है। इसके बाद कमरदर्द की दूसरी बड़ी वजह चोट निकल रही है। तीसरे नम्बर पर कमरदर्द की वजह स्पॉन्डलाइटिस पता चल रही है। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव का कहना है कि कमरदर्द के औसतन 80 मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। इसमें 40 मरीजों के कमर दर्द की वजह स्लिप डिस्क निकल रही है। स्लिप डिस्क के लिए डॉक्टर लाइफ स्टाइल को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि स्लिप डिस्क की वजह से कमरदर्द की शिकायत लेकर आने वाले कई मरीजों से पूछताछ में पता चल रहा है कि उनकी लाइफ स्टाइल ही उनके बीमारी की वजह है। इसमें वह लोग शामिल हैं जो गलत तरीके से कुर्सी पर बैठकर काम करते हैं, अधिक देर तक लगातार कुर्सी पर बैठे रहते हैं। लम्बे समय तक खड़े होकर काम करते हैं, पौष्टिक खाने की बजाय फास्टफूड खाते हैं।


ओपीडी में जांच करते चिकित्सक।

### कमर के पास वजन बढ़ना स्लिप डिस्क की प्रमुख वजह

मरीजों को स्लिप डिस्क के बारे में बताते हुए डॉक्टर कहते हैं कि रीढ़ व कमर के जोड़ के पास दो हड्डियों के बीच डिस्क होती है। कमर के आसपास वजन बढ़ने से मांसपेशियों पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में जोड़ पर भी दबाव होने से डिस्क दो हड्डियों के बीच से निकल आती है। निकलते समय डिस्क से कोई नस दब जाती है। दबने वाली नस जिस अंग से जुड़ी होती है वहां तक दर्द, सूजन व सुन्न होने की समस्या पैदा हो जाती है।

### बरतें सावधानी

- भारी सामान बलपूर्वक उठाने की बजाय तकनीक से उठाएं
- कमर के आसपास के हिस्से पर वजन न बढ़ने दें
- एक स्थान पर लम्बे समय तक बैठने से बचें
- लम्बे समय तक बैठना मजबूरी हो तो बीच-बीच में उठकर मसल्स को स्ट्रेच करें
- विशेषज्ञ से सीखकर सही तरीके से एक्सरसाइज करें

# रामदल कार्यालय के बाहर लगे बैनर को फाड़ने पर किया हंगामा

संवाददाता फतेहपुर

- धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश फिर हुई नाकाम
- मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर धर्मिक उन्माद फैलने की नीयत से अज्ञात लोगों ने रामदल कार्यालय के बाहर लगे बैनर को फाड़ दिया। जब इस बात की जानकारी रामदल के कार्यकर्ताओं को लगी तो मौके पर लोग हंगामा करने लगे। रामदल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

हथगाम थाना क्षेत्र के डिघुवारा पूर्वी वार्ड नम्बर-13 के रहने वाले रामदल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने थाना पुलिस को शुक्रवार की सुबह तहरीर दी। तहरीर में बताया कि संगठन का कार्यालय अधारी के पुरवा में रामदल का कार्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है।

कार्यालय के दीवार पर एक बैनर लगा था। जिसमे भगवान राम का चित्र बना था। शुक्रवार की सुबह महाशिवरात्रि पर्व पर धर्मिक उन्माद फैलने की नीयत से अज्ञात लोगों ने बैनर को फाड़ दिया और उसमें बने भगवान राम के चित्र साथ छेड़छाड़ किया है। लोगों ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया। वही रामदल के अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि जिन लोगों ने भगवान राम के चित्र के साथ अभद्रता की है। ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए पुलिस सख्त कार्यवाही करें। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस मौके पर पहुची और जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि रामदल के अमित कुमार ने जो तहरीर दिया है। उस पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर्व पर माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही होगी।


मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

## पुस्तैनी जमीन पर कब्जे का आरोप

**खागा, फतेहपुर।** एक तरफ सूबे की सरकार प्रदेश भर में अवैध कब्जा मुक्त करने की जहां घोषणा की है तो दूसरी तरफ हर दिन अवैध कब्जा कर लोग निर्माण भी करा रहें है। अल्बब्ता सरकार द्वारा कब्जा मुक्त का नारा प्रदेश के कई जिले में प्रभावी नहीं है।

खखरेरु थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव में अवैध कब्जा को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई के विरुद्ध स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीडित ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि परिवार की पुश्तैनी जमीन कुल्ली गांव के कोट खागा मार्ग के किनारे काफी समय से भूमि के रूप में पड़ी है। उसी ज़मीन पर छोटा भाई पूर्ण रूप से सारी की सारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा है। शिकायत कर्ता ने यह भी बताया की छोटा भाई पेशे से वकालत कर रहा है। जिसके दम पर धौंस जताकर जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया है। जिसका विरोध करने पर मुझे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मौके से भाग जाने की धमकी दी।

# शिव मंदिर परिसर में छात्राओं का सम्मान

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर ओमराज फाउंडेशन के तत्वावधान में बल्दीधाम कोढई में गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड प्रभारी भाजपा प्रकोष्ठ के ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी, पूर्व विधायक करन सिंह पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मेघावी सम्मान समारोह में बोलते हुए विधायक जय कुमार जैकी ने कहा कि आज बच्चों के लिए बहुत ही शुभ दिन महाशिवरात्रि पर्व पर उनका सम्मान किया जा रहा है। हाई स्कूल में प्रथम आने वाले बच्चों को एक साल की फीस जमा करने के लिए चेक दिया गया है। जिससे बच्चे अपनी पढ़ाई जारी रखे और किसी बच्चे को पढ़ाई में कोई समस्या होगी तो सरकार से मदद दिलाने का काम किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शिक्षा में क्षेत्र में बहुत काम किया है। सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए बेहतर प्रयास कर रहे है। ओमराज फाउंडेशन के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर बल्दीपुर कोढाई गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, सुंदरकांड के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना व भक्ति जगरण के साथ मेघावी छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। हाईस्कूल में प्रथम पांच गांव कोढाई, मंगदपुर, परशुरामपुर, बिलन्दपुर और कांधी के बच्चों को एक साल की फीस का चेक दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, योगेश, प्रदीप, संतोष तिवारी, देवेंद्र सिंह गौतम रहे।



मेधावी छात्राओं का सम्मान करते विधायक जय कुमार जैकी, ओमराज फाउंडेशन के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह। अमृत विचार

- ओमराज फाउंडेशन ने किया समारोह, हाईस्कूल में प्रथम आने वाली छात्रों को दी फीस

**मिलेगा ज्ञान** नए पाठ्यक्रम से तकनीकी शिक्षा को प्रारम्भिक कक्षाओं से ही मिलेगा बढ़ावा

# परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी चलाएंगे कम्प्यूटर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- छठवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी विज्ञान के साथ कम्प्यूटर की भी पढ़ाई करेंगे
- विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा व सावधानियों के बारे में भी विस्तार से पढ़ाया जाएगा

**अमृत विचार।** हाईटेक युग में कम्प्यूटर ज्ञान जरूरी हो गया है। इसी को देखते हुए एससीईआरटी (राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) ने परिषदीय विद्यालयों के पाठयक्रम में बदलाव किया है। छठवीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी विज्ञान के साथ कम्प्यूटर की भी पढ़ाई करेंगे। इसके लिए विज्ञान विषय में डिजिटल लिटरेसी अध्याय को जोड़ा गया है। नए सत्र से विद्यार्थियों को इसकी किताबें उपलब्ध होंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कम्प्यूटर ज्ञान को प्राथमिकता दी जा रही है। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद ने भी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालय के छठवीं से आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, नए सत्र से विद्यार्थी डिजिटल लिटरेसी अध्याय के तहत कम्प्यूटर के बेसिक कोर्स की पढ़ाई करेंगे। इसमें ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा, कम्प्यूटर, स्मार्टफोन व इंटरनेट कंनेक्टिविटी की जानकारी दी जाएगी। डिजिटल शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा व सावधानियों के बारे में भी पढ़ाया जाएगा। कम्प्यूटर की पढ़ाई के लिए परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित कराई जा रही हैं। शिक्षण कार्य में कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में जानकारी मिलेगी।



### तकनीकी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

जिला समन्वयक ने बताया एनईपी के तहत कम्प्यूटर विषय को बढ़ावा दिया जा रहा है। छठवीं से आठवीं कक्षा के विज्ञान विषय में डिजिटल लिटरेसी अध्याय के शामिल होने से डिजिटल तकनीक की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। विज्ञान, गणित, अंग्रेजी व अन्य विषय के साथ ही विद्यार्थी कम्प्यूटर को एक अध्याय के रूप में पढ़ सकेंगे।

### स्कूलों में होगी आईसीटी लैब

कम्प्यूटर की पढ़ाई के लिए परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित करने की योजना है। शिक्षण कार्य में कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में जानकारी मिलेगी। विभाग के मुताबिक, कम्प्यूटर शिक्षण कार्य के लिए प्रत्येक जिले में 200 शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रदेश स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# प्रतिबंध के बावजूद ढोए जा रहे मजदूर

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में आलू की फसल को खोद कर खेत उठाने के लिए मजदूरों को घर से खेत तक ले जाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जा रहा है। वहीं कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली को नाबालिग ही रोड पर दौड़ा रहे हैं। जिस पर न तो पुलिस की नजर पड़ रही है और प्रशासन की।

थरियांव क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज होने के कारण व दोआबा में बसे होने के कारण अधिक मात्रा में आलू की खेती किसान करते हैं। जिसको खेत से खोदकर निकलने के अधिक मजदूरों की जरूरत पड़ती है, मजदूरों को घर से खेत ले जे जाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग किया जाता है। सरकार के आदेश का भी किसान पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसी डग्गामारी होने से आये दिन हादसे होते रहते है। बता दें कि थरियांव क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज होने से किसान आलू की खेती अधिक करते हैं। वहीं क्षेत्रीय जनता ने बताया कि इस क्षेत्र में थरियांव के आसपास जुड़े गांवों में मजदूरों का ट्राली से पलायन होता है लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूल रहे हैं। हादसा होने पर फिर प्रशासन की आंख खुलेगी।


ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार मजदूर।

### 24 घंटे बाद भी नहीं मिला नहर में डूबा युवक

**बिंदकी।** 24 घंटा बीत जाने के बावजूद भी नहर में डूबे युवक का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस लगातार स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से नहर में जाल डालकर युवक को खोजने का प्रयास कर रही है। करीब दस किलोमीटर की दूरी तक नहर में खोजबीन की गई लेकिन अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। कोतवाली क्षेत्र के मेऊना गांव में गुरुवार की देर शाम नहर किनारे बैठा ज्ञान पुत्र मन्ना असंतुलित होकर नहर में गिर गया था। नहर में पानी का तेज बहाव था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर वि. खण्ड खजुहा, फतेहपुर**

पत्रांक: मेमो/निविदा/ 2023-24 दिनांक:07/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बहादुरपुर विकास खण्ड खजुहा द्वारा मनरेगा योजना-अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आवंटित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 9/03/2024 से 15/03/2024 तक निविदा सीलबन्द लिफाफे में जमा करें। दिनांक 16/03/2024 को प्रात: 11 बजे निविदायें खोली जायेंगी। बाद में आने वाली निविदाओं पर विचार संभव नहीं होगा।

सत्तार हुसैन
ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0 बहादुरपुर, वि0ख0 खजुहा
जिला-फतेहपुर

दिनेश श्रीवास्तव
सचिव
ग्रा0पं0 बहादुरपुर, वि0ख0 खजुहा
जिला-फतेहपुर

# भोलेनाथ की आराधना को मंदिरों में उमड़ी आस्था

## सुबह से ही शिव मंदिरों में गूंजने लगे जयकारे, जिले भर में शिव बारातों की धूम



भोलेनाथ के स्वरूप में बैठा बच्चा।



महाशिवरात्रि के पर्व पर जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार



नगर में घूमी भगवान शिव की झांकी। अमृत विचार

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** महा शिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। शिवालयों में भोर पहर से ही लोग जलाभिषेक एवं पूजा के लिए पहुंचे तो मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। इस बार भक्तों में कुछ ज्यादा ही उत्साह दिखा। ताम्बेश्वर मंदिर में भी भक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई। जनपद में कई स्थानों पर बैंड-बाजे के साथ शिव बारात भी निकाली गई।

शहर के ताम्बेश्वर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जहां भोले बाबा की पूजा अर्चना के साथ आराधना की गई। वहीं दिन भर मंदिर बम-बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे। इसके अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भजन संध्या के कार्यक्रम भी हुए। घरों में भी शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रत रखा। शहर के कालिकन मंदिर, मोटे महादेवन आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर पहुंचे महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भक्तों ने शिवलिंग पर धतूरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर आराधना की।

### गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

ओमघाट एवं भिटौरा गंगाघाट पर भी भक्तों का खासा हुजूम रहा। दूर-दूर से आए स्नानार्थियों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। यहां भी लोगों का पहुंचना सुबह से ही शुरू हो गया। स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। गंगा तट पर सुरक्षाकर्मी और गोताखोर भी तैनात रहे। स्नान करने के बाद भक्तों ने शिव मंदिरों में पूजा अर्चना भी की।

### भंडारे का चखा प्रसाद

महाशिवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान जगह-जगह आयोजित किए गए। इसके बाद भंडारे भी आयोजित किए गए। कन्याओं एवं गरीबों को दान दक्षिणा के रूप में किसी ने उपहार दिए तो किसी ने खानपान एवं कपड़ों का दान किया। शहर के हर चौराहों में आयोजित भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह से कई स्थानों में ठंडई वितरण के कार्यक्रम हुए।

### नाचते-गाते पहुंचे कांवड़िए

जलाभिषेक करने के लिए गंगा घाटों से कांवड़ में जल लाकर कावंड़ियां भी शिवालयों में पहुंचे। भोले बाबा का गुणगान करते हुए कांवड़ियों की टोली पहुंची तो भक्तों में और उत्साह बढ़ गया। वहीं तमाम भक्त परिक्रमा करते हुए भोले बाबा के दरबार में पहुंचे। कोई लेटते हुए तो कोई दूसरे तरीके से मंदिर तक पहुंच कर पूजा अर्चना की। कई स्थानों पर शिव बारात भी निकाली गई।

### गंगाजल से कांवड़ियों ने किया शिवलिंग का अभिषेक

**गाजीपुर।** क्षेत्र के जागेश्वर बाबा मंदिर में महाशिवरात्रि पर रात्रि दो बजे से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वहीं कांवरियां गंगाजल के साथ शंकर भगवान का अभिषेक किया। जागेश्वर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गाजीपुर व असोथर पुलिस मुस्तैद रही। कुछ श्रद्धालुओं ने पीतल के घंटे भी चढ़ाए, इसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। भगवान शिव के दर्शन के लिए अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक व एसडीएम के साथ जाफरगंज सीओ भी दर्शन करने पहुंचे।

### थवईश्वर में लगा भक्तों का तांता

**बहुआ।** क्षेत्र के थवईश्वर में भक्तों की काफी भीड़ जुटी। जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का जत्था नाचते गाते हुए पहुंचा। सिद्धपीठ थवईश्वर में जलाभिषेक के लिए भक्तों को घंटों लाइन लगानी पड़ी। भोर पहर से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ रही। वहीं मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी मात्रा में पुलिस के जवान लगे रहे।

### मेले में हुई खरीददारी

ताम्बेश्वर मंदिर में मेले का भी आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों ने जरूरत का सामान खरीदा। मेले में लगी दुकानों में खरीदारों की खासी भीड़ लगी रही। खासकर महिलाओं ने अपने श्रंगार समेत घर गृहस्थी का सामान खरीदा तो बच्चों ने खेलने का सामान खरीदा। बच्चों ने वहां लगे झूले भी झूले।

### भागवत कथा के समापन के बाद हुआ भंडारा

**जाफरगंज।** गहरुखेड़ा स्थित सिद्धपीठ भर्तृहरिश्वर मंदिर में भागवत कथा समापन के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम प्रधान अरविंद दुबे की अगुवाई में भण्डारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र से आए दर्जनों गांव के लोगों ने भण्डारे का प्रसाद चखा। वहीं दो दिवसीय मेले का शुभारम्भ हुआ। जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की। रात में रामलीला हुई।

### बिंदकी में गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात

**बिंदकी।** सुबह से ही नगर के शिवालियों में पूजा आराधना शुरू हो गई, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मोहल्ला छिपहटी स्थित शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई। कस्बे के मोहल्ला हजरतपुर ठठराही, बजरिया, खजुहा चौराहा, मेन बाजार, फाटक बाजार, गांधी चौराहा, तहसील रोड, ललौली चौराहा आदि प्रमुख मार्ग में घूमी। बारात में शिव पार्वती के अलावा मां काली तथा अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

### दुख एवं संताप से मुक्त होने का पर्व

प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने ज्वालागंज स्थित राजयोग केन्द्र में शिव अवतरण कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें डीएम सी इंदुमती, जिला जज रणंजय वर्मा, पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह, सीडीओ पंकज कुमार मीना ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सभी धर्मो के लोगों ने प्रतिभाग करते हुए सबका मालिक एक एक ज्योर्तिबिंदु ईश्वर की याद में वसुधैव कुटुम्बकम का नारा बुलंद किया गया। ब्रहम कुमारी नीरा बहन दीदी ने राजयोग अभ्यास कराया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को किया जागरूक

संवाददाता फतेहपुर

- ओरल कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी
- किरन सेवा समिति का हर माह स्वास्थ्य कैंप लगता

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई किरण सेवा समिति द्वारा गाजीपुर में महिलाओं मे जागरुकता लाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां डा किरण सिंह ने पहले सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर बधाई दी। इसके बाद उन्होंने महिलाओं में होने वाले ओरल कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें होने वाले लक्षणों के बारे में तथा बचाव के बारे में भी महिलाओं जागरूक किया।

किरन सेवा समिति की सचिव ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाता है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक और सरकार द्वारा जारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला मोर्चा की महामंत्री सुनिधि तिवारी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

मानव मंगल संस्थान व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सह संयोजक संगीता द्विवेदी द्वारा बताया गया कि महिला परिवार की धुरी है, परिवार को चलाने में उसकी अहम भूमिका होती है। इसलिए अपने अधिकारों को पहचानना चाहिए और आत्मनिर्भर होना चाहिए। इस मौके पर निशू तिवारी, वंदना पटेल, प्रीति, दिलशाद, निधि, संगीता द्विवेदी समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।




महिलाओं को जानकारियां देती डॉ.किरन सिंह। अमृत विचार



पाइप लाइन डालने के बाद नहीं किया गया मार्ग का मरम्मतीकरण। अमृत विचार

# पाइप लाइन के गड्ढे भरना भूल ही गया जल निगम

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत खखरेरू के कस्बा के अंदर जल निगम संस्था ने पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढा पुराई करना भूल गए। जानलेवा गड्ढों की वजह से हर दिन नगर वासी गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। संस्था द्वारा किए गए कार्य से आज तक मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच दो पहिया व चार पहिया वाहनों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

नगर निवासी मारूफ सिद्दीकी, शकील अहमद, शब्बीर अहमद, एजाज खान, सिद्दीक खान, रसूल अहमद, अनीस अहमद, विकास, रहमान, शिवम, शिब्लू, हम्माद आदि ने बताया कि कार्य करा रही जल निगम संस्था के कर्मचारियों से गड्ढे की पुराई की बात कई बार कही गई। लेकिन अनदेखी करते हुए मौके से चले गए। इन्होंने यह भी बताया कि कस्बे के अंदर का मुख्य मार्ग कटरा से होकर बाजार की ओर जाता है, इसी मार्ग से हमारे सभी संसाधन जुड़े हुए हैं। रात के अंधेरे में बुजुर्ग व छोटे बच्चे आए दिन गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। बारिश के पानी से इन्हीं गड्ढों में जलभराव होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग से चार पहिया व वाहन धंस जाते हैं, जिससे कई कई घंटा रास्ता बंद हो जाता है।

> मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी ने बताया कि यह कार्य जल निगम संस्था करवा रही है। इस पर जल निगम जेई से बात कर मार्ग को बहुत जल्द दुरुस्त किया जाएगा।
>
> **ज्ञान चन्द्र केशरवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष**

# महिला दिवस पर महिलाओं से पोषण पर चर्चा

**असोथर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्रामीण फाउंडेशन के द्वारा असोथर ब्लॉक के ग्राम पंचायत घाटमपुर में जिला पर्यवेक्षक धीरज सिंह के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख महिला के स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा की गई। बताया गया कि उनको अपने खानपान पर विशेष कर ध्यान देना चाहिए। साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं को किस प्रकार का भोजन करना चाहिए, जिसमें गर्भवती महिला और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। गर्भवती महिला के टीकाकरण एवं शिशु के टीकाकरण पर भी प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य और पोषण के बारे में बताया गया।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर से हादसे का खतरा

संवाददाता अमौली, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे के खजुहा तिराहे पर जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहा है। स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद बिजली विभाग अनदेखी कर रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है।

ओवर लोड के चलते उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना लाज़िमी हो गया है। बिजली फाल्ट सहित ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आम बात हो गई है। विभाग के द्वारा इस समस्या से निजात पाने के लिए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की कवायद शुरू हुई है। जिस पर कई जगहों में जमीन पर चार फुट की ऊंचाई में ईंट का चबूतरा बना कर 100 से 200 केवीए के ट्रांसफार्मर रखने का कार्य जारी है। कस्बे के जहानाबाद, खजुहा तिराहे पर रखे ट्रांसफार्मर के ठीक सामने अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानें भी हैं। जहां पर आए दिन नशेबाज जमीन पर लोटपोट होते रहते हैं। इतना ही नहीं आने जाने वाले हल्के व भारी वाहनों को मोड़ने के लिए यही जगह भी है। तेज रफ्तार वाहनों को ट्रांसफार्मर से सीधा भिड़ने के बाद हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।



जमीन पर खतरनाक तरीके से रखा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### बाजार में जुटती है हजारों लोगों की भीड़

कस्बे में हफ्ते के दो दिन बाजार लगती है। मंगलवार व शनिवार को बाजार में हजारों की तादाद पर क्षेत्रीय लोग बाजार करने आते हैं। इसके साथ ही 15 हजार की आबादी वाले कस्बे में वाहनों का आवागमन चलता रहता है।

# परीक्षा आज होगी खत्म, 16 से मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- यूपी बोर्ड कापियों के मूल्यांकन के लिए निर्देश जारी
- 13 दिनों में ही मूल्यांकन कार्य हो जाएगा समाप्त

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने वाली हैं। आज यानि नौ मार्च को परीक्षा का अंतिम दिन है। ऐसे में यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है।

यूपी बोर्ड ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम को घोषित कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के अंदर ही परीक्षक करेंगे। निर्देशों में बताया गया है कि मूल्यांकन के दौरान तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली की छुट्टी घोषित रहेगी। यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी जोरों पर शुरू कर दी है। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं।

जिले में चार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण किए जाने की सम्भावना है। यहां हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों की कॉपियां जांची जाएंगी।

### बाइक सवार दंपति को डंपर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास लखनऊ रोड पर बाइक सवार दंपति को डंफर ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार पत्नी गंभीर घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बकंधा गांव निवासी फारूक अपनी पत्नी यासमीन के साथ बाइक पर हुसैनगंज क्षेत्र के मातिनपुर गांव से वापस घर लौट रहा था। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास पर उसकी बाइक को डंपर ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी पत्नी यासमीन गंभीर घायल हो गई थी।

## सार-संक्षेप



टीम आने के बाद भी फैला हुआ है अतिक्रमण। अमृत विचार

### टीम आई और चली गई, अतिक्रमण अभी भी नहीं हटा

**औंग, फतेहपुर।** नेशनल हाईवे के उच्चाधिकारियों के द्वारा भेजी गई टीम शुक्रवार को बाजार से कुछ बांस उखाड़कर फेंका, लेकिन जिन लोगों को नोटिस जारी हुई थी जहां पर स्थाई व अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया है, वहां तक टीम नहीं पहुंची। अंदेशा लगाया जा रहा है कि पिछली रिपोर्ट की तरह इस बार भी निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लग जाएगी। ज्ञात हो कि गत माह हाईवे की धारा-26 (लैंड एंड ट्रैफिक) एक्ट 2002 के तहत स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण कारियों को जमीन खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। हाईवे के दिल्ली मुख्यालय को लगातार फर्जी रिपोर्ट देकर गुमराह किया जा रहा है। जबकि करीब चार बार डिजिटल लोकेशन के साथ अतिक्रमण के कायम रहने की तस्वीरें शिकायत कर्ता द्वारा भेजी जा चुकी हैं। इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने का नाम तक नहीं ले रहे हैं। जहां पर साप्ताहिक बाजार में छोटे दुकानदार थोड़ा बहुत बिक्री करके अपना जीवनयापन कर रहे थे और उन लोगों ने धूप से बचने के लिए बांस गाड़कर बरसाती तान लेते थे, वही बांस उखाड़कर हाईवे की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को झूठा अंजाम दे दिया है।

### रामगंगा नगर में डूब कर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव के पास स्थित रामगंगा नहर में पैर फिसल ने वृद्ध की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी स्व. सिंगार सिंह का पुत्र मुख्तार सिंह गांव के पास स्थित राम गंगा नहर के पास जानवरों को हकाने गया था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह नहर के गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के साले सूरज भान सिंह ने बताया कि मृतक खेती किसानी व मजदूरी करता था। उसने एक लड़का गोद लिया था। वह और उसकी पत्नी मुन्नी देवी गोद लिए लड़के के साथ रहते थे।

**लापरवाही की हद** — सिंचाई विभाग की उदासीनता पड़ रही भारी, किसानों की सहूलियत के लिए गठित की गईं समितियां

# जल उपभोक्ता समितियों का अस्तित्व खतरे में

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नहरों के रखरखाव व जल संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा जिले में जल उपभोक्ता समितियों का गठन किया गया था। नहर राजबहा व अल्पिकाओं में पदाधिकारियों का चयन किया गया था। फतेहपुर कमांड व लोअर गंगा कैनाल के राजबहों व अल्पिकाओं में भी जल उपभोक्ता समितियों का गठन किया गया। समय समय पर समितियों के सदस्यों को पिम योजना के तहत जिला स्तर तक में आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिससे समितियां नहर विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य बनाकर नहरों का रखरखाव कर सकें। नहर विभाग के अधिकारियों ने गठित समितियों के कोषाध्यक्ष, सचिव व अध्यक्षों के साथ बैकों में सयुंक्त खाते भी खुलवाए। जनपद में समितियों के गठन के बाद बैंक खाते खोलने के साथ ही अधिकारियों ने चुप्पी साध ली। हालात ये हैं कि गठित समितियां एक लम्बे समय के बाद भी क्रियाशील नहीं हो पाई हैं।

गत दिवस बिंदकी तहसील के ग्राम कंशमीरीपुर में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से अल्पिकाओं की जल उपभोक्ता समितियों के प्रशिक्षण का एक दिवसीय आयोजन किया गया। जहां से यह बात खुलकर सामने आई कि जनपद की 98 प्रतिशत समितियां आज भी क्रियाशील नहीं हैं। क्रियाशील भी तो कैसे जब उन्हें विभाग द्वारा कोई जानकारी ही नहीं दी गई है कि उनके खाते किस बैक में खुले हैं। पैन, टिन, बैंक पासबुक, कैश बुक व चेकबुक किसके पास हैं। मस्टररोल कुलाबा समितियों की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे सभी समितियां अनभिज्ञ हैं। अल्पिका जल उपभोक्ता समितियों के खाते सहायक अभियंता के साथ तथा अधिशाषी अभियंता के साथ राजबहों के पदाधिकारियों के साथ खोले गए हैं।

### विभाग नहीं है गम्भीर

कुलाबा, अल्पिका एवं राजबहा समितियों के गठन की सम्पूर्ण जानकारी सिर्फ नहर विभाग के पास है, जिसकी जानकारी गठित समितियों को नहीं दी गई है। ऐसे समितियों के क्रियाशील होने, विकासशील व विकसित होने का सवाल खडा होता है। जबकि शासन की मंशा के अनुरूप अन्य प्रांतों में विभागीय सहयोग से जल उपभोक्ता समितियां विकसित हैं और नहरों को रोस्टर के मुताबिक पानी मिल रहा है और ओसराबंदी के अनुसार सभी कृषकों को पानी मिल रहा और उन्हें फसलों का लाभ मिल रहा है।

### क्या बोले समिति के पदाधिकारी



लोअर गंगा नहर के सहायक अभियंता के साथ बैंक में खाता खोला गया था लेकिन आज तक बैंक पासबुक चेक बुक नहीं दी गई है। खाता खुलने के बाद से कभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई।

**-शिवदास पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समिति माइनर बकेवर**



विभाग द्वारा समिति का खाता खोलने के लिए बैंक के कागजों में दस्तखत कराकर आधार कार्ड की फोटो कापी ले ली गई थी। खाता किस बैंक की किस शाखा में खाता खोला गया है, अभी तक नहीं बताया गया, न ही पासबुक व चेक बुक दी गई है। यदि खाते से कोई लेनदेन विभाग ने किया है तो वह जिम्मेदार है।

**-राम स्वरूप, अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समिति-अल्पिका कंशमीरीपुर**

### किया जाता कुलाबा समितियों का गठन

पिम (नियम) के अनुसार सामान्य सभा के कृषक उपभोक्ताओं द्वारा कुलाबा समिति, कुलाबा समितियों के द्वारा अल्पिका जल उपभोक्ता समितियों के पदाधिकारियों का चयन और अल्पिका के पदाधिकारियों द्वारा राजबहा जल उपभोक्ता समितियों के पदाधिकारियों का चयन करते हैं।

# सशक्त बूथ बनाने के बताए मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




भाजपा की क्लस्टर बैठक में मंचासीन सांसद समेत अन्य। अमृत विचार

- भाजपा के क्लस्टर में तीन लोकसभा क्षेत्रों को किया गया है शामिल

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण संगठनात्मक क्लस्टर बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। क्लस्टर में बांदा चित्रकूट, हमीरपुर महोबा व फतेहपुर शामिल किए गए हैं।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने सशक्त बूथ की संरचना को जीत का मंत्र बताते हुए कहा कि हमारी प्रत्येक कार्ययोजना में सम्पर्क, संवाद, समन्वय तथा सक्रियता के कारण प्रत्येक परिणाम हमारे अनुकूल होते हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी दृष्टि से जिसे जो संचालन समितियों का लोकसभा व विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, हमें जिम्मेदारियों को पूरा करना है। वहीं धर्मपाल सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को घर-घर संपर्क से जनता के बीच ले जाना है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सभी पदाधिकारी नहीं, अपितु दायित्वधारी हैं। हमें अपने अपने दायित्वों का निर्वहन समय व पूर्ण शक्ति के साथ राष्ट्रनिर्माण के संकल्प की सिद्धि के लिए करना है। इस मौके पर क्लस्टर प्रभारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, बांदा चित्रकूट सांसद आरके पटेल, जिलाध्यक्ष फतेहपुर मुखलाल पाल, बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, हमीरपुर जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, महोबा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता के साथ ही रंजना उपाध्याय रामकिशोर साहू समेत सभी जिला प्रभारी, लोकसभा संयोजक, विधानसभा संयोजक समेत विधायक कृष्णा पासवान, विकास गुप्ता व राजेंद्र पटेल, निवर्तमान विधायक रणवेंन्द्र प्रताप सिंह व विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रत्याशी घोषणा व प्रचार की रेस में भाजपा आगे

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




- सपा समेत किसी दल ने नहीं घोषित किए प्रत्याशी
- अगले हफ्ते चुनाव की घोषणा संभव, प्रशासन तैयारी में जुटा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासनिक अमले के साथ ही राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। हालांकि कन्नौज की बात करें तो प्रत्याशी घोषणा व प्रचार की रेस में फिलहाल भाजपा आगे-आगे दौड़ रही है। अगले हफ्ते चुनाव की घोषणा होना संभव है, तो भी अब तक सपा समेत किसी दल ने अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। प्रत्याशी घोषणा के बाद ही बाकी दल रणनीति बनाकर प्रचार शुरू करेंगे लेकिन तब तक माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकार काफी आगे निकल चुके होंगे।

आम चुनाव को देखते हुए जनवरी में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अयोध्या में राम मंदिर में आनन फानन प्राण प्रतिष्ठा करके हिंदुत्व का तुरुप का पत्ता चल दिया गया है। इसके बाद ताबड़तोड़ आस्था की गाड़ी को विदेश से होते हुए वापस देश में ले आया गया। चुनाव से ठीक पूर्व माहौल पक्ष में बनाने के लिए बखूबी काम किया भाजपा के नीति निर्माताओं ने। इसके बाद प्रत्याशी घोषणा को लेकर माथापच्ची करते हुए छह दिन पूर्व पहली सूची जारी कर दी जिसमें इस लोकसभा से मौजूदा सांसद पर ही भरोसा जताते हुए टिकट दिया है। प्रत्याशिता घोषित होने के साथ ही पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता तेजी से प्रचार में जुट गए हैं। वहीं पार्टी की तरफ से भेजे गए प्रचार वाहन भी लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताकर कमल पर वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही संगठन के जिम्मेदारों को भी इस कार्य में लगा दिया गया है। आशय यह कि सत्तारूढ़ दल ने अभी से ताबड़तोड़ प्रचार शुरू कर दिया है जबकि चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। इधर, कन्नौज में भाजपा की लड़ाई प्रमुख प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी से मानी जा रही है लेकिन उसने भी अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। यह बात अलग है के समय समय पर सपा अध्यक्ष के यहां से लड़ने के कयास लगते रहते हैं और वे स्वयं भी कई बार इस बात का संकेत दे चुके हैं। अधिकृत घोषणा न होने से सपाई भी सुसुप्तावस्था में हैं और टिकट के एलान का इंतजार कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यह घोषणा आचार संहिता लगने के बाद या फिर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद ही होगी। बसपा की बात करें तो स्थानीय अल्पसंख्यक नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। यद्यपि सूत्र बताते हैं कि इनमें से एक नेता ने तो अपना हाथ खींच लिया है जबकि दूसरे लड़ने पर सहमति दे सकते हैं। जानकारों का कहना है कि बसपा की रणनीति भाजपा को वाकओवर देने वाली होने का अनुमान है। ऐसे में वह एक वर्ग विशेष को बहुत प्रभावित करेंगे, इसमें संदेह है। कांग्रेस की स्थिति पर बात नहीं कर सकते क्योंकि सपा से गठबंधन हो चुका है। फिलहाल भाजपा ने अभी से दौड़ना प्रारंभ कर दिया है। अन्य दलों का प्रचार प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही शुरू होगा।

# भाजपाइयों ने किया बूथ चलो-बूथ जीतो अभियान के तहत जनजागरण

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज



पत्रक वितरित करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा कर रही है। सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, जरूरतमंदों के लिए योजनाओं का संचालक कर हक व सम्मान देने का कार्य कर रही है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास कर भाजपा ने जनता से किए वादों को पूरा किया है। भाजपा फिर से सत्ता में आएगी। यह बात भाजपा नगर उपाध्यक्ष राकेश कौशल ने कही।

शुक्रवार को नगर के मोहल्ला सुभाष नगर व जवाहर नगर के बूथ संख्या 503, 504 और 505 में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भ्रमण कर बूथ चलो बूथ जीतो अभियान चलाया और लोगों को पत्रक वितरित किए। इसमें केन्द्र व सरकार द्वारा कराए गए व कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

इस दौरान नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, राकेश कौशल, भैया लाल दुबे आदि रहे।

## एक नजर

### मेड़ काटने के विवाद में युवक को पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुमटिया निवासी कन्हैयालाल पुत्र रामदयाल ने बताया कि गुरुवार की शाम चार बजे के करीब वह खेत पर था, उसी समय मेड़ काटने के विवाद में गांव के रामखिलावन पुत्र फकीरेलाल, जयचंद्र व बउआ तथा बल्देव पुत्र बनवारीलाल ने उसे पीट दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल भेज दिया।

### हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में होंगे प्रैक्टिकल

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड ने इंटरमीडिएट के उन परीक्षार्थियों के लिए प्रैक्टिकल देने का एक और मौका दे दिया है, जिससे वह किसी कारण वंचित रह गए थे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि छिबरामऊ के हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में 13 व 14 मार्च को सुबह नौ बजे से सभी विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी।

### दुर्घटना में दंपति घायल

**कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खालेपुरवा निवासी रामविलास ने बताया कि दो मार्च को वह बाइक से पत्नी सुमन को लेकर सदर ब्लॉक की तरफ जा रहे थे। तभी गैस एजेंसी क्रासिंग पर गोलकुआं की तरफ से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह व पत्नी घायल हो गईं, लेकिन उन्होंने दूसरी बाइक का मोबाइल से फोटो खींच लिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हत्या का प्रयास

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुमखोर निवासी आफाक खान ने बताया कि बुधवार को शाम पांच बजे वह गांव के शफीक की दुकान पर खड़ा था। तभी रंजिश के चलते इस्तियाक व दिलशाद ने उसे पकड़ लिया और गमछे से गला कसकर मारने का प्रयास किया। किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर घर में घुस गया तो आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में उसे चोटें आईं हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल भेज दिया है।

### विवाहिता को घर से निकाला

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोधनी निवासी प्रीति मिश्रा पुत्री सुरेंद्रनाथ ने बताया कि उसकी शादी 30 जून 2019 को जनपद औरैया के थाना एरवा कटरा अंतर्गत ग्राम पकनगोई निवासी आनंद स्वरूप मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन दस लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। कई बार रिश्तेदारों ने पंचायत की, लेकिन ससुरालीजनों की आदतों में कोई सुधार नहीं हुआ और उसे जान से मारने का प्रयास किया। 22 फरवरी 2024 को पति आनंद स्वरूप मिश्रा, ससुर रामगोपाल मिश्रा, सास मंजू मिश्रा, ननद साधना, जेठ अमित मिश्रा ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# आरोपी शिक्षक प्रवीन पाल की शिनाख्त करेंगे तीन बीईओ

## जनपद से भेजे गए विभागीय पत्र का उन्नाव की बेसिक शिक्षा अधिकारी ने लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उन्नाव से आकर कन्नौज के बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक के साथ मारपीट करने व फाइल से जबरन रुपये डालने के आरोपी शिक्षक की शिनाख्त के लिए टीम गठित हो गई है। तीन बीईओ को इसकी जिम्मेदारी देते हुए स्पष्ट रिपोर्ट मांगी गई है।

बीएसए उन्नाव संगीता सिंह ने जारी किए आदेश में कहा है कि कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा ने छह मार्च को पत्र भेजा है। उसमें कहा गया है कि 29 फरवरी को कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़ा है। इस मामले में ब्लॉक बांगरमऊ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय वैरी सादीपुर के सहायक अध्यापक प्रवीन पाल की भूमिका संदिग्ध है। बताया गया है कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी शिक्षक ने ही वरिष्ठ लिपिक से मारपीट की थी। इससे पहले फाइल में रखे नोट भी लिपिक पर फेंक दिए थे। बीएसए संगीता सिंह ने जारी किए पत्र में कहा है कि बीईओ बांगरमऊ के साथ ही गंजमुरादाबाद और बिछिया को जांच समिति में शामिल किया है। साथ ही कहा है कि सभी बिंदुओं पर जांच आख्या, साक्ष्य व समिति का स्पष्ट अभिमत जल्द उपलब्ध कराया जाए। दूसरी ओर पत्र मिलने के बाद औरैया व आगरा के बीएसए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है।


लिपिक विमल पांडेय के कक्ष के बाहर आरोपी शिक्षक व कुर्सी पर बैठा एंटी करप्शन टीम का सदस्य।

### पहले से ही रेकी कर रहे थे आरोपी

- वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को पकड़वाने में जो आरोपी व एंटी करप्शन टीम के लोग शामिल हैं, वह पहले से ही रेकी कर रहे थे। बीएसए कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर का शिक्षक अनुराग सिंह (अब निलंबित) और उन्नाव का शिक्षक प्रवीन पाल साथ-साथ शीशा लगे दरवाजे के बाहर कुछ देर तक खड़े रहते हैं। दोनों ही वरिष्ठ लिपिक को देखते हैं। उधर, दोनों शिक्षकों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वरिष्ठ लिपिक के कक्ष के बाहर स्थित कार्यालय में एंटी करप्शन टीम का भी सदस्य कुर्सी पर बैठा रहा। उसके पीठ पर बैग भी टंगा है। उसने भी प्रवीन पाल के बाद वरिष्ठ लिपिक के साथ मारपीट की है, यह सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। मामले की जांच के लिए जब पहले दिन एएसपी एंटी करप्शन इंदु प्रभा सिंह कन्नौज आईं थीं तो साथ आए इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने बैग टांगे आरोपी व्यक्ति को टीम का सदस्य बताया था। वही आरोपी वरिष्ठ लिपिक का हाथ पकड़कर बाहर सड़क पर भी दिखा और उसका वीडियो वायरल हुआ है।

### सीसीटीवी फुटेज से दिख रही संलिप्तता

- एंटी करप्शन टीम ने भले ही मारपीट, एनवीआर चोरी व तोड़फोड़ करने वालों को पहचाने से इन्कार किया हो, लेकिन जो सीसीटीवी फुटेज हैं, उसमें आरोपी शिक्षकों व टीम की संलिप्तता दिख रही है। अगर ऐसा न होता तो बैग टांगे बैठा व्यक्ति शिक्षक अनुराग सिंह व प्रवीन पाल के वरिष्ठ लिपिक के कक्ष में प्रवेश करने के दौरान टीम का सदस्य कुर्सी से न उठता। इसका मतलब है कि कहानी पहले से ही फिक्स थी।

# हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाओं का आज अंतिम दिन

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हुई थीं, जो नौ मार्च यानि आज समाप्त हो जाएगी। हाईस्कूल में उर्दू और इंटरमीडिएट में कृषि गणित का इम्तिहान होगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक आज हाईस्कूल में गुजराती, उर्दू समेत अन्य भाषा, इलेक्ट्रीशियन, आपदा प्रबंधन, सोलर सिस्टम रिपेयर व प्लंबर विषय का इम्तिहान है। इंटरमीडिएट में कुकरी, परिधान रचना एवं सज्जा सहित अन्य विषय, कृषि गणित व प्रारंभिक सांख्यिकी व कृषि रसायन विज्ञान की परीक्षा होगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह के मुताबिक सुबह की पाली में 15 और शाम की पाली में 12 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें करीब 500-500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। छह नकलची भी पकड़े गए हैं।

**16 से मूल्यांकन, तैयारियां शुरू:** डीआईओएस ने बताया कि 16 मार्च से बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। परीक्षकों की नियुक्ति भी हो गई है।



प्राथमिक स्कूल जलालपुर पनवारा में छात्र से बात करते उप शिक्षा निदेशक।

# निरीक्षण में प्राइमरी स्कूल में सब ठीक-ठाक मिला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना लखनऊ से आए उप शिक्षा निदेशक व वरिष्ठ विशेषज्ञ जितेंद्र ऐरी व राज्य सलाहकार रवि शर्मा जनपद में दो दिनों तक रहे। उन्होंने ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल जलालपुर पनवारा का भी गुरुवार को निरीक्षण किया। यहां पंजीकृत 314 छात्र-छात्राओं में से 286 मौके पर मिले। उप शिक्षा निदेशक को सभी बच्चों की यूनिफार्म व पहचान पत्र भी देखने को मिले। कक्षाएं अच्छी तरह संचालित थीं। 91 फीसदी हाजिरी पर अधिकारियों ने प्रसन्नता जताई और प्रधानाध्यापक मोहित दुबे की तारीफ की।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि अच्छी हाजिरी के लिए वह छात्र-छात्राओं के घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करते हैं। इस पर उप शिक्षा निदेशक ने स्मार्ट क्लास लगाए जाने के निर्देश बीईओ विपिन कुमार को दिए।

# नेत्रहीन मां की हत्या में युवक को भेजा जेल

फालोअप

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- पिता की मौत के दूसरे दिन उतार दिया था मौत के घाट
- बड़े भाई की तहरीर पर गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बेटे की पिटाई से वृद्धा की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पर गैरइरादन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसे पकड़कर जेल भेज दिया।

कस्बे के ककरहिया गांधीनगर निवासी तोताराम की मौत तीन दिन पहले कानपुर में इलाज के दौरान हो गई थी। पत्नी रामदेवी जो नेत्रहीन थी छोटे पुत्र आकाश उर्फ कल्लू के पास रहती थी। बुधवार की रात मे आकाश किसी बात से नाराज हो गया और उसने अपनी मां को हाथ-पैर से पिटाई कर उसे अचेत कर दिया। जब वह अचेत हो गई तो मेडिकल कॉलेज ले गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही दो अन्य भाईयों समेत बहनों में कोहराम मच गया। बहनों ने भाई पर पीट पीट कर हत्या करने का आरोप लगाकर एसपी को तहरीर दी। एसपी के निर्देश पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट शरीर पर पिटाई से आई गंभीर चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मृतक के भाई अवधेश की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी आकाश।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने की हड्डी टूटने से मौत बताई

- **तिर्वा।** वृद्धा के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद आई रिपोर्ट मे स्पष्ट हुआ कि पिटाई से सीने की हड्डी टूट गई थी जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

# दहेज न मिलने पर विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्सपुरवा निवासी संगीता ने बताया कि उसकी शादी दस साल पहले वारेलाल के साथ हुई थी। शादी के बाद पति, सास रेशमवती व जेठानी ममता पत्नी सर्वेश ने एक लाख रुपये व भैंस की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। गुरुवार को ससुरालीजनों ने उसकी साड़ी में आग लगाकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। किसी तरह वह ससुरालीजनों के चंगुल से छूटकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को सारी घटना बताई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मामले की विवेचना कुसुमखोर चौकी प्रभारी गौरव कुमार को दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सफाई के साथ पॉलीथिन मुक्त बनाएं नगर

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज,

- दुकानदारों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने की दी चेतावनी
- प्रत्येक सप्ताह सोमवार से गुरुवार होगा सफाई का निरीक्षण

**अमृत विचार।** नगर को स्वच्छ व पॉलीथिन मुक्त रखने के लिए अधिशासी अधिकारी ने पालिका टीम के साथ नगर में भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को कूड़ा कूड़ेदान में अलग-अलग डालने के लिए जागरूक किया। कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में पालिका का सहयोग करें। शिकायत व सुझाव के लिए पालिका में सूचना दें।

नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के वार्डों में भ्रमण कर निरीक्षण किया। आह्वान किया कि नागरिक नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कूड़ा पृथक्कीकरण के नियमों को अपनाएं। इससे सफाई कर्मियों को परेशानी न हो। पेयजल की बर्बादी न करें। पानी की बर्बादी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि प्रत्येक सप्ताह में सोमवार से गुरुवार तक सुबह 07 बजे वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा।


महिला को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते ईओ अनिल पंडित। अमृत विचार

नगर के सब्जी, फल बिक्रेताओं व अन्य दुकानदारों को पालीथिन का प्रयोग न करने की अपील की। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, प्रसन्नजीत मिश्रा, संजीव सिंह, अशोक शर्मा, आकाश सक्सेना, मनोज तिवारी, राजन बाबू, अशोक बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# छह शातिरों पर लगाया गैंगस्टर, सभी जेल में

**कन्नौज।** क्षेत्र में दुकानों के शटर काटकर शराब चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले छह शातिर चोरों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने गैंगलीडर मोनू सहित पांच अन्य चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सभी आरोपी इस समय जेल में बंद हैं। कोतवाल ने बताया कि जनपद औरैया के थाना सहायल अंतर्गत नवी मोहन सुक निवासी गैंगलीडर मोनू उर्फ विकास, मोहल्ला बनारसीदास औरैया निवासी घनश्याम, ग्राम लक्ष्मन का पुरवा थाना फफूंद निवासी रमेश, राहतपुर औरैया निवासी दिनेश बाबू, ग्राम झाबर का पुरवा दिबियापुर निवासी विनोद उर्फ भूरे, पुरवा फकीरे थाना सहायल जनपद औरैया निवासी सर्वेश ने जिले में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। मानीमऊ क्षेत्र में इन चोरों ने दुकानों के शटर काटकर लाखों रुपये की शराब चोरी कर ली थी। इनके खिलाफ औरैया, ठठिया, इंदरगढ़ व कानपुर देहात के रसूलाबाद में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

खाका तैयार

प्रशासनिक मद से चमकाया जाएगा भवन, हेल्प डेस्क से मिलेगी जानकारी

# विकास भवन आने वालों के बैठने का होगा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन का स्वरूप अब और बेहतर किया जाएगा। यहां आने वाले फरियादियों के बैठने का इंतजाम होगा। साथ ही कौन सा कार्यालय किस स्थान पर है यह बताने के लिए सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) भी बनेगा। इसको लेकर सीडीओ ने खाका तैयार कर लिया है।

सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि भूतल के अलावा विकास भवन के पहले व दूसरे मंजिल पर भी कई विभागों के कर्यालय हैं। गांव व कस्बों से आने वाले सभी लोगों को इसकी जानकारी नहीं है कि कौन सा विभाग भूतल पर है या पहली व दूसरी मंजिल पर।

इसकी जानकारी देने के लिए कुछ कर्मचारियों को गेट पर बैठाया जाएगा। कमरा नंबर के साथ कार्यालय की जानकारी आगंतुकों को दी जाएगी। गुरुवार को सीडीओ ने पीडी डीआरडीए रामऔतार के साथ नई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही चर्चा भी की।

सीढ़ियों के पास दरवाजे बनाने पर भी चर्चा हुई। बारिश के बाद गाड़ियों के आसपास होने वाले जलभराव से निपटने व टाइल्स लगाने पर भी विचार हुआ। सीडीओ ने बताया कि प्रशासनिक मद से विकास भवन में कार्य कराया जाएगा। करीब 10 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। निरीक्षण के दौरान जेई राकेश सिंह, स्टेनो दिनेश रहे।


हेल्प डेस्क को लेकर बात करते सीडीओ आरके चौधरी व पीडी रामऔतार सिंह।

# किसान तकनीक अपना कर बढ़ाएं पैदावार

**जलालाबाद, कन्नौज।** अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण हुआ। इसमें कन्नौज, जलालाबाद, छिबरामऊ, तालग्राम व गुगरापुर ब्लाकों के लगभग 160 किसानों ने प्रतिभाग किया। किसानों से तकनीक अपनाकर अधिक पैदावार ले सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल सचान ने कहा कि किसान विशेषज्ञों द्वारा बताई गई तकनीक को अपना कर किसान लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्नतशील खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। खाद डालने के पहले मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। कृषि विशेषज्ञ डॉ. हरिश्चंद्र ने मक्का व मूंगफली के उत्पादन तकनीक पर चर्चा की। कीट वैज्ञानिक डॉ. कृपाशंकर ने जायद फसलों में कीट व रोग नियंत्रण की जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार ने बागों के जीर्णोद्धार के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने जायद में लगाई जाने वाली गृहवाटिका में फसलों की जानकारी दी।

Goverment Of India

## सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र (एफएफडीसी)

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
प्रत्यक्ष साक्षात्कार

दिनांक 13.03.2024 (बुधवार) समय प्रातः 10:30 बजे, सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र, कन्नौज में फ्रेगरेंस एन्ड फ्लेवर एसोशिएशन ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा प्रायोजित परियोजना "भारतीय सुगंध उद्योग के लिए प्रतिबंधित/ निषिद्ध कच्चे माल की वैज्ञानिक मान्यता" के अंतर्गत निम्न पदों पर एक वर्ष के लिए अथवा परियोजना पूर्ण होने अथवा उससे कम अवधि हेतु पूर्णतः अस्थायी अनुबंध पर भर्ती किये जाने हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त पद पूर्णतः अस्थाई तथा परियोजना अवधि के लिए ही हैं, जिसके उपरान्त इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का वाद -विवाद मान्य नही होगा तथा इस परियोजना में कार्य करने के उपरान्त अभ्यर्थी का किसी भी स्थिति में एफएफडीसी, कन्नौज में किसी प्रकार की अस्थाई या स्थाई नौकरी हेतु दावा स्वीकार नही किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी प्रासंगिक विवरण (शैक्षिक योग्यता, अनुभव व अन्य सभी प्रमाणपत्रों की मूल प्रति एवं प्रस्तुत करने हेतु एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति ) के साथ उपस्थित हों। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई भी टीए/ डीए स्वीकार्य नही होगा। अधिक जानकारी के लिए केन्द्र की वेबसाइट www.ffdcindia.org का अवलोकन करें।

| परियोजना का नाम | पद व संख्या | शैक्षिक योग्यता | अवधि | अधिकतम आयु सीमा | पारिश्रमिक प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| भारतीय सुगंध उद्योग के लिए प्रतिबंधित/ निषिद्ध कच्चे माल की वैज्ञानिक मान्यता | शोध सहयोगी (01) | **अनिवार्य:** 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान /एमवीएससी में मास्टर डिग्री या इंजीयनिरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक डिग्री और 2. विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठन और वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं के औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थान में अनुसंधान और विकास में चार साल का अनुभव अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान/ इंजीयनिरिंग / प्रौद्योगिकी/ फार्मा / एमडी / एमएस में डॉक्टरेट की डिग्री **वांछनीय:** विष विज्ञान अनुसंधान में कार्य अनुभव | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 40 वर्ष | रु 40000/-+ एफएफडीसी परिसर में आवास |
| | परियोजना सहयोगी -1 (01) | **अनिवार्य** : रसायन विज्ञान /वनस्पति विज्ञान /कृषि /जीव विज्ञान में मास्टर डिग्री या रासायनिक क्षेत्र में इंजीयनिरिंग या प्रोद्योगिकी में स्नातक की डिग्री या जैव- रसायन विज्ञान / रसायन विज्ञान /वनस्पति विज्ञान में स्नातक की डिग्री के साथ पोस्ट डिप्लोमा इन अरोमा प्रॉसेस एण्ड इट्स मैनेजमेंट / अरोमा टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 35 वर्ष | रु 25000/-+ एफएफडीसी परिसर में आवास |
| | कुशल श्रमिक (02) | **कार्य अनुभव** : औषधीय एवं सुगन्धित पौधों में कार्य अनुभव | 1 वर्ष /परियोजना अवधि | 55 वर्ष | रु 12000/- |

FFDC

सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
मकरन्द नगर, जी. टी. रोड, कन्नौज - 209726
वेबसाइट: www.ffdcindia.org
ई मेल : ffdcknj@gmail.com


सिद्धपीठ गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना करती महिलाएं।


बाबा गौरीशंकर मंदिर में दर्शन के लिए लगी महिलाओं की कतार। अमृत विचार


मंदिर में सुरक्षा का जायजा लेते सीओ सिटी कमलेश कुमार। अमृत विचार


शिव बारात में आतिशबाजी चलाते भक्त। अमृत विचार

# शिवालयों में पूजन के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने लगाए बोल बम के जयकारे, सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर में अभिषेक के लिए लगी लंबी लाइन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर भक्ति एवं आस्था का ऐसा ज्वार उमड़ा कि इत्रनगरी का कण-कण शिवमय हुआ। मंदिरों की तरफ जा रहा भक्तों का रेला हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे लगाते हुए जा रहे थे। सभी शिवमंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक व जलाभिषेक कर मनौतियां मांगीं। कांवड़ियों ने गंगाजल चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया तो हजारों भक्तों ने महाशिवरात्रि पर्व पर पतित पावनी गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई।

शहर के प्राचीनतम सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लग गई। हजारों भक्तों ने बृह्ममुहूर्त की बेला में शिवलिंग के दर्शन कर जलाभिषेक किया। मंदिर के बाहर महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतार लगी थी और महादेव के भक्त हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे लगा रहे थे। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। टीले वाले मंदिर मकरंदनगर में 11 क्विंटल दूध से भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया गया। इससे पहले यज्ञ किया गया। संरक्षक अखिलेश दुबे, पुष्पा दुबे, पीयूषा दुबे, पूजा दुबे, शिवम दुबे, सुमित, अंकित आदि रहे।


मकरंदनगर स्थित टीले वाले मंदिर में दुग्धाभिषेक करते भक्तगण।

### मंदिर परिसर में किया गया मेले का आयोजन

सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों ने खिलौने खरीदे तो महिलाओं से सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री खरीदी। युवाओं ने भी घरेलू तथा पूजा-पाठ की सामग्री खरीदी। भक्तों ने घर ले जाने के लिए प्रसाद खरीदा। कई समाजसेवियों ने भक्तों के जूते-चप्पलों को सुरक्षित रखने के लिए स्टाल लगाकर सेवा की।

### दौलेश्वर धाम में तड़के उमड़े श्रद्धालु

**तिर्वा, कन्नौज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर कस्बे के दौलेश्वर मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। दूर दराज से आए शिवभक्तों ने विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की। सुबह तीन बजे से दौलेश्वर मंदिर में कावंड़ियों का आना शुरू हो गया। शिवभक्त कांवर में जल लाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा सामग्री अर्पित की। मंदिर परिसर के बाहर लगे मेले में भक्तो ने खुब जमकर खरीददारी की। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


तिर्वा के दौलेश्वर धाम शिवभक्तों को मंदिर में प्रवेश कराती पुलिस।

### मंदिरों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, पुलिस रही सतर्क

पर्व पर मंदिरों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। सभी ऐतिहासिक मंदिरों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने सभी मंदिरों का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए तो सभी पुलिस वालों को अराजकतत्वों व चेन स्नेचिंग करने वालों पर नजर रखने के निर्देश दिए। पुलिस मंदिर में जेबकतरों की भी तलाश करती रही।

### शिविर लगाकर दिया धर्म का संदेश

**गुरसहायगंज।** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की बहनों ने नगर के रेलवे स्टेशन परिसर में शिविर लगाकर लोगों को धर्म का संदेश दिया। केंद्र संचालिका बीके नीलम ने बताया कि धर्म स्थापना के लिए भगवान धरती पर अवतार लेते हैं। भगवान का नाम सदा शिव है। बताया कि आत्मा में तीन सूक्ष्म शक्तियां रहती है। मन, बुद्धि और संस्कार। इस दौरान कोतवाल जेपी शर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित लोगों को पुस्तक व चित्र भी भेंट किए। इस दौरान पूनम, रेखा, रागिनी, डॉ. गायत्री, विमला कौशल, राम सिंह, राम अवतार मौजूद रहे।

### मजिस्दों के बाहर भी रही कड़ी चौकसी

**गुरसहायगंज।** महाशिवरात्रि और जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर भी पुलिस बल तैनात रहा। जबकि कोतवाल जेपी शर्मा ने पुलिस बल के साथ नगर सहित क्षेत्र में भ्रमण कर अराजकतत्वों पर नजर रही।

### जल और दूध से अभिषेक कर मांगी सुख- समृद्धि

**गुरसहायगंज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर सहित क्षेत्र के देवालयों में सुबह से ही भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा गया। नगर के मनकामेश्वर मन्दिर, श्रीराम मंदिर, गंगेश्वरनाथ मन्दिर, प्राचीन मां काली देवी मन्दिर, मां संतोषी माता मन्दिर, पशुपतिनाथ मंदिर, सती माता मंदिर, शिव मन्दिर, सीता राम धाम आदि में भक्तों ने जलाभिषेक कर भोले के प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, बेर, फल, फूल, मिष्ठान, इत्र, शहद, दूध, वस्त्र, दक्षिणा आदि चढ़ाकर आराधना की। जबकि कई स्थानों पर रूद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। इतना ही नहीं भक्तों ने जगह-जगह भांग से निर्मित ठंडाई का प्रसाद भी वितरित किया। नगर के देवालयों में दिन भर बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। देर शाम तक शिवालयों में भगवान शिव की उपासना का क्रम चलता रहा। सुरक्षा के मद्देनजर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, विनय शर्मा, आनंद मिश्रा पुलिस कर्मियों के साथ रहे।


गुरसहायगंज के देवालय में भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते शिव भक्त। अमृत विचार

### गंगा स्नान कर कावड़ियों ने भरा जल

**गुरसहायगंज।** महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर ग्राम जलेसर व चियासर स्थित गंगा तटों पर शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। जहां कावड़ियों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने गगा स्नान कर जल भरा और मंदिरों में पूजा अर्चना कर भोलेनाथ की आराधना की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल जेपी शर्मा के साथ भ्रमण करते रहे, जबकि गोताखोरों सहित पुलिस बल गंगा तटों पर तैनात रहा।

## ओम नमः शिवाय से नगर हुआ शिवमय

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में महाशिवरात्रि पर्व बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। शिवभक्तों ने बम-बम भोले एवं ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ शिवलिंग को गंगाजल से जलाभिषेक किया। नगर के शिवभक्त यहां से घटियाघाट एंव तीर्थस्थल श्रंगीरामपुर पहुंचे और गंगा स्नान के बाद अपनी-अपनी कावंड़ों से गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पण किया। शुक्रवार को नगर के गंगेश्वरनाथ मन्दिर, मंशेश्वरनाथ मन्दिर, रूपेश्वरनाथ मन्दिर, विजयनाथ मन्दिर, बाबा विश्वनाथ मन्दिर आदि पर हजारों की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिवभक्त बम-बम भोले के नारे लगाते हुये शिवालयों की तरफ बढ़े चले जा रहे थे। नगर के गंगेश्वरनाथ मन्दिर में हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव को गंगाजल से स्नान कराया। मन्दिर परिसर पर लगे मेले में भी शिवभक्तों ने जमकर खरीदारी की। बाबा गंगेश्वरनाथ पर जाकर मनौतियां मांगी एंव प्रसाद वितरण किया।


गंगेश्वरनाथ मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते भक्त। अमृत विचार

### शिव मंदिरों में हुई भव्य सजावट

**छिबरामऊ।** शुक्रवार को शिवरात्रि का पर्व होने के चलते नगर के सभी शिव मन्दिरों को सजाया गया था। नगर के ऐतिहासिक गंगेश्वरनाथ मंदिर को कारीगरों द्वारा सजाया सजाया गया था। वहीं मंशेश्वर नाथ मन्दिर का भी भव्य श्रंगार किया गया था। इसी के साथ नगर के पीपल चौराहा स्थित बाबा विजय नाथ मन्दिर का फूल-मालाओं से श्रंगार किया गया था। नगर के सौरिख स्थित बाबा रूपेश्वरनाथ मन्दिर की सुबह से ही सजावट व श्रंगार शिवभक्तों द्वारा किया गया था। सजावट देखने लोग उमड़ रहे थे।

# भोलेनाथ की बारात में जमकर नाचे 'भूत-प्रेत'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर में धूमधाम से निकाली गई शिव वर यात्रा
- आतिशबाजी छुड़ाकर मनाया जश्न, गगन भेदी जयकारे

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शहर में धूमधाम से शिव वरयात्रा निकाली गई, जिसमें भूत-प्रेत के रूप में कलाकार नाच रहे थे। हर कोई भगवान भोलेनाथ की अद्भूत बारात को देखकर आनंदित हो रहा था। भक्तों ने आतिशबाजी चलाकर जश्न मनाया और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारे लगाए।

शुक्रवार की शाम को शहर के मोहल्ला ग्वाल मैदान से भगवान शिव की वर यात्रा धूमधाम से निकाली गई। आयोजन समिति के लोगों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद दूल्हा रूप में नंदी पर सवार भगवान भोलेनाथ की वरयात्रा को धूमधाम से निकाला गया। बारात में कई रथों पर विभिन्न देवी-देवता भी शामिल हुए। भूत-प्रेतों के रूप में सजे कलाकारों ने अद्भुत नृत्य किया, जिसे देख लोग आनंदित हो रहे थे।

शिव वरयात्रा को देखने के लिए शहर व देहात क्षेत्र से हजारों की तादाद में लोग जुटे और हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयकारे लगाए। सुरक्षा के लिए वरयात्रा के साथ भारी तादाद में पुलिस बल भी चल रहा था। देर रात शिव वरयात्रा सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंची, जहां धूमधाम से माता पार्वती व भगवान शिव का विवाह संपन्न कराया गया।

## सार-संक्षेप

### कांवड़िया से बाइक सवारों ने छीना फोन व पैसे

**छिबरामऊ।** शिवरात्रि के मौके पर गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िया को फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम उधरनपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों रोक कर लूट लिया। लुटेरे मोबाइल व पैसे छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। नगर के सराय गूजरमल नई बस्ती निवासी शिव लखन पुत्र दिनेश चंद्र ने बताया कि वह शिवरात्रि के मौके पर श्रृंगीरामपुर से जल भरकर वापस घर जा रहा था। तभी फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्राम उधरनपुर के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए और मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। दिनेश ने बताया कि मोबाइल कवर में 2700 रुपये भी रखे थे, जो फोन के साथ चले गए।

### जल भरने गया कांवड़िया लापता, तलाश जारी

**तालग्राम, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जरामऊ अलमापुर निवासी नरेन्द्र सिंह का पुत्र नीरज ठाकुर गुरुवार की शाम गांव के अन्य कांवड़ियों के साथ ट्रैक्टर से फर्रुखाबाद के सिंघीरामपुर घाट पर जल भरने गया था, जहां गंगा में स्नान के दौरान युवक लापता हो गया। जानकारी होने पर साथियों ने उसकी खोजबीन की लेकिन पता नहीं लग सका। इसके बाद साथियों ने इसकी सूचना गंगा घाट में तैनात पुलिस कर्मियों को दी। शुक्रवार को युवक के परिजन गंगा घाट पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कई घंटों तक गंगा में युवक की तलाश की। लेकिन सुराग नहीं लग सका।


नीरज ठाकुर।

### झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी राख

**तालग्राम।** ग्राम सुताह निवासी सुनीता देवी ने बताया कि पति ब्रजेश कुमार मुम्बई में कुल्फी बेचता है। वह पुत्र विकास व आकाश के साथ झोपड़ी में रहती है। गुरुवार की रात वह अपने पुत्रों के साथ झोपड़ी में सो रही थी। तभी झोपड़ी में आग लग गई। महिला व उसके पुत्रों ने भाग कर जान बचाई। आग से झोपड़ी में रखा बक्सा, चारपाई, बिस्तर, आटा व 1500 रुपये जलकर राख हो गए।

# मारपीट में पांच घायल

**तालग्राम।** ग्राम घुसुआपुर निवासी मदनपाल व कमलेश के बीच खेत को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोगों में गालीगलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें मदन पाल, उसकी मां संतोषी देवी, कमलेश व उनकी पत्नी किरन, रामबेटी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। पुलिस ने मदन पाल की तहरीर पर कमलेश, उसके पुत्र शोभित, लालू, उदयवीर पर मारपीट कर घायल करने, जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### पुरानी रंजिश में महिला के साथ मारपीट

**छिबरामऊ।** अपनी पैतृक जगह पर लकड़ी रखने गई महिला को गांव के ही दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी अनुराधा पत्नी पीयूष ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह 9 :30 बजे अपनी जगह पर लकड़ियां रखने गई थी। तभी गांव के ही कुछ दबंगों ने उसके साथ बेवजह मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि उक्त दबंग कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

# कन्नौज पर लगे 'कलंक' को धोने की जिम्मेदारी सबकी : पूर्व मंत्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वीर एवं प्रतापी सम्राट जयचंद को गद्दार कहने वाले अंग्रेज इतिहासकारों की कुटिल मंशा थी कि वह समाज को विघटित कर लंबे समय तक शासन करें। कन्नौज के माथे पर लगे कलंक को धोने की जिम्मेदारी सबकी है और एक दिन महाराज जयचंद का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। शुक्रवार को किले के पास आयोजित महाराज जयचंद स्मृति समारोह में यह बात राष्ट्रकवि व पूर्व मंत्री ओमपाल सिंह निडर ने कही।


सम्राट जयचंद के बारे में जानकारी देते कवि ओमपाल सिंह निडर।


महाराज जयचंद स्मृति समारोह में उपस्थित लोग। अमृत विचार

कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाजसेवा समिति की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर सुशील राकेश शर्मा की पुस्तक सम्राट जयचंद का विमोचन किया गया तथा पीएसएम डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामेंद्र बाबू चतुर्वेदी, लालचंद्र शर्मा, डॉ. अजीत राय, अनिल द्विवेदी तपन, डॉ. कृष्णकांत द्विवेदी, डॉ. अमरनाथ दुबे व राकेश यादव ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव ने कहा कि कन्नौज के प्रतापी राजा जयचंद को गद्दार साबित करने वाले को पांच लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। आने वाले दिनों में इस धनराशि को और भी बढ़ाया जाएगा। साजिश के तहत गलत तथ्यों से आम जनता को भ्रमित किया गया है, जिसे कन्नौज की जनता स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम में आल्हा सम्राट संग्राम सिंह व काजल सिंह ने कन्नौज के राजाओं की वीरता का बखान किया। विभिन्न स्कूलों से आए नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अनुराग मिश्र, डॉ. आरएन मिश्र, उमेश द्विवेदी, सुशील भारद्वाज, इंद्रेश यादव, संजय दुबे, प्रकाश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


जांच का पता नहीं | रामपुर मझिला क्षेत्र की विद्यावती को मृत बताकर पेंशन बंद करने का मामला

# मंत्री का दावा हवा-हवाई, गलत सत्यापनकर्ता पर नहीं कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला को मृत बताकर वृद्धावस्था पेंशन बंद करने के मामले में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आरोपी सत्यापनकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही थी। इसको लेकर मंत्री ने सोशल मीडिया पर भी लिखा था। हालांकि 10 दिन बीत जाने के बाद तक मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। डीएम का भी निर्देश ठंडे बस्ते में जा रहा है।

दरअसल, तिर्वा तहसील क्षेत्र के रामपुर मझिला ग्राम पंचायत क्षेत्र के रामपुर निवासी करीब 80 वर्षीय विद्यावती को जांच रिपोर्ट में मृत दिखा दिया गया। उसके बाद उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी गई। आईजीआरएस में शिकायत और 27 फरवरी को समाज कल्याण कार्यालय में संपर्क करने पर उनको हकीकत पता चली। इस मामले को 28 फरवरी को 'अमृत विचार' ने शीर्षक 'लापरवाही: वृद्धा को जांच रिपोर्ट में मृत दिखा बंद करा दी वृद्धा पेंशन' के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद समाज कल्याण मंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पेज पर लिखा था कि प्रकरण में जांच के आदेश दिए हैं। पेंशन शीघ्र शुरू होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी ओर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने भी जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को जांच करने के निर्देश दिए थे। इन सभी दावों को लेकर 29 फरवरी को शीर्षक 'जीवित को मृत दिखाने वाले पर होगी कार्रवाई' के साथ खबर प्रकाशित हुई थी।


Asim Arun @asim_arun · 25m
इस प्रकरण में मैंने जांच के आदेश दिए हैं

माताजी की पेंशन को शीघ्र शुरू किया जाएगा

दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही होगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा

सोशल मीडिया पर समाज कल्याण मंत्री की पोस्ट। अमृत विचार

### लापरवाही इतनी कि दो बार मृत दिखाया

सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले और पेंशन पाने वालों के सत्यापन में इस कदर लापरवाही बरती जाती है कि गलत रिपोर्ट लगाकर पात्रों को लाभ से दूर कर दिया जाता है। खास बात यह है कि विद्यावती को दो बार मृत दिखाया गया है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के वार्षिक सत्यापनों में ऐसा किया गया है।


जीवित को मृत दिखाने वाले पर होगी कार्रवाई

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जीवित बुजुर्ग महिला को सत्यापन में मृत दिखाकर पेंशन बंद करने वाले मामले का समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले में आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। साथ ही जांच के आदेश भी हुए हैं।

अमृत विचार समाचार पत्र में 28 फरवरी को 'लापरवाही: वृद्धा को जांच रिपोर्ट में मृत दिखा बंद करा दी वृद्धा पेंशन' शीर्षक के साथ खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसमें सत्यापनकर्ता ने तहसील तिर्वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर (मझिला) निवासी 80 वर्षीय विद्यावती पत्नी श्रीराम को मृत दिखा दिया है। उसके बाद महिला को वृद्धावस्था पेंशन से वंचित कर दिया गया। 24 सितंबर 2022 को वृद्धावस्था पेंशन की अंतिम किस्त आई थी। उसके बाद अब तक लाभ नहीं मिला है। बताया गया है कि डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को इस मामले में जांच कराकर कार्रवाई करने को कहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि डीएम के निर्देश पर डीसी मनरेगा/प्रभारी बीडीओ दयाराम यादव को पत्र लिखा गया है।

इस मामले की जांच कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि विद्यावती को सत्यापन रिपोर्ट में मृत दिखाया गया है। सत्यापन का काम ग्राम पंचायत सचिव व लेखपाल आदि करते हैं। दूसरी ओर समाज कल्याण मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स व फेसबुक पेज पर पोस्ट की है कि उन्होंने प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। माताजी (विद्यावती) की पेंशन शीघ्र शुरू की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर को डीएम ने लिया संज्ञान

पहले भी मृत दिखाया गया था

भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो विद्यावती को पूर्व में भी मृत दिखाया गया था। उसके बाद किसी तरह वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराई गई। अब फिर से उसे मृत दिखा दिया गया है।

28 फरवरी को प्रकाशित खबर।

अमृत विचार में 28 फरवरी को प्रकाशित खबर।


मृत दिखा बंद करा दी वृद्धा पेंशन

सितंबर 2022 में आई थी अंतिम किस्त, उसके बाद लाभ नहीं, दर्ज कराई शिकायत

वाह रे सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

समाज कल्याण विभाग में पुत्र के साथ बाहर जानकारी देती विद्यावती।

जनवरी 2024 में की शिकायत तो पेंशन निरस्त करने की हुई जानकारी

समाज कल्याण कार्यालय से मंगलवार को पता चली असलियत की हकीकत

लग सकता एक साल, मारा जाएगा हक

प्रकरण की जानकारी नहीं है। कार्यालय से मामले की हकीकत पता की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
-सृष्टि अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी

29 फरवरी को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> मैंने 28 फरवरी को ही बीडीओ उमर्दा को पत्र लिखकर जीवित पेंशनर को मृतक दिखाने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था। सत्यापन रिपोर्ट में विद्यावती को मृत दिखाया गया है। कार्रवाई को लेकर अब तक रिपोर्ट नहीं आई है।
>
> -सृष्टि अवस्थी
> जिला समाज कल्याण अधिकारी

> विद्यावती नाम की दो महिलाएं थीं। एक रामपुर निवासी है तो दूसरी रावतपुर गांव की है। इसमें रावतपुर गांव की विद्यावती का निधन हो चुका है। पता स्पष्ट न होने की वजह से ऐसा हुआ होगा। सत्यापनकर्ता सचिव गंभीरता से काम करता है।
>
> -दयाराम यादव
> प्रभारी बीडीओ, उमर्दा

# आवारा कुत्तों के हमले में 20 भेड़ों की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- हिंसक हुए कुत्तों से बूढ़ों व बच्चों को खतरा

**अमृत विचार।** आवारा कुत्तों ने भेड़ों के झुंड में घुसकर हमला कर दिया। हमले में 20 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गईं। घटना की जानकारी होते ही कस्बे में दहशत हो गई। हिंसक हुए इन आवारा कुत्तों से बूढ़े तथा बच्चों के लिए खतरा बढ़ गया है।

थाना विशुनगढ़ कस्बा में पानी टंकी के पास निवासी प्रदीप खटीक पुत्र राकेश खटीक टट्टर का घेरा बनाकर उसमें भेड़ें पालकर अपना तथा अपने परिवार का जीवनयापन करता है। शुक्रवार को अचानक आवारा कुत्तों ने उसकी भेड़ों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने भेड़ों को बुरी तरह से नोच डाला। घटना में 20 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 गंभीर रूप से घायल हो गईं। लोगों ने बताया कि इन आवारा कुत्तों का कस्बे में आतंक मचा हुआ है। आए दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना लेते हैं। मौके पर पहुंची विशुनगढ थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने जांच की और उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बात कर कुत्तों को पकड़वा देंगे। वहीं मवेशी अस्पताल के चिकित्सक रिजवान खान ने घायल भेड़ों का उपचार किया। इस घटना के बाद कस्बे में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बताते चलें कि पिछले महीने शहर में एक बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला था। 2022 में भी एक बालक पर कुत्तों ने हमला कर जान ले ली थी।

## एक नजर

### गवाह से मारपीट, जान से मारने की धमकी दी

**फर्रुखाबाद** । हत्या के मुकदमे में गवाही देकर लौट रहे गवाह को हत्यारोपितों ने घेरकर पीटा और जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव जरारी निवासी अलाउद्दीन ने गांव के ही कश्मीर, रोहित कुमार, पड़ोसी जिला कन्नौज कोतवाली व कसबा छिबरामऊ निवासी शाहिद, खालिद और ताहिर के खिलाफ फतेहगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि अलाउद्दीन 28 फरवरी को कचहरी में हत्या के मुकदमे की गवाही देने गए थे। गवाही देकर वह लौट रहे थे तो रास्ते में हत्यारोपितों ने उसे घेर लिया। गालीगलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई की। धमकी दी कि जैसे बबलू की हत्या की, उसी तरह तुम्हें भी जिंदा नहीं छोड़ेंगे। जान बचाना चाहते हो तो मुकदमे में पैरवी मत करो। कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि अलाउद्दीन की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सड़क दुर्घटना में अज्ञात युवक की मौत

**फर्रुखाबाद** । राजेपुर थाना क्षेत्र में बरेली इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात करीब एक बजे जमापुर मोड़ पर दुर्घटना में घायल 38 साल का अज्ञात युवक पड़ा मिला। उसे लोहिया अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। शव मोर्चारी में रखवा दिया। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नही हो पाई है।

### घायल अधेड़ की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को साइड में खड़े अधेड़ को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट के पास पीयूष अग्रवाल की गोदाम है। उनकी गोदाम में ही रामकिशोर पुत्र गेंदालाल रहकर मजदूरी का कार्य करता है। कल वह चौधरी ढाबा के पास खड़ा हुआ था। तभी ओमनी ने टक्कर मार दी, जिससे रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चले रामकिशोर का लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान रामकिशोर की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। रामकिशोर अपने पीछे दो पुत्रिया व दो पुत्र छोड़ गए।


# शिव मंदिर के दावे वाले मकबरे में बाउंड्रीवाल का काम शुरू

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

- राष्ट्र धरोहर मानते हुए पुरातत्व विभाग करवा रहा जीर्णोद्धार सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात

**अमृत विचार**। 16वीं शताब्दी के नवाब रशीद मियां के मकबरे (रौजा) में शिव मंदिर होने के दावे के बाद, उसकी सुरक्षा के लिए पुरातत्व विभाग ने बाउंड्रीवाल का काम शुरू करा दिया है। मकबरे के चारों ओर बाउंड्री के ऊपर ग्रिल व गेट लगाया जाएगा। आपको बता दें कि बादशाह अकबर की सल्तनत में चार हजार सैनिकों के मंसबदार व शमसाबाद के जागीरदार नवाब रशीद मियां ने अपनी जागीर में चौक, किला, बड़ा बाजार, सैदपुर आदि मोहल्ले बसाए थे। कोट में उन्होंने एक खूबसूरत बाग लगवाया था। अपने जीवनकाल में ही नबाब ने वर्ष 1607 में इसी बाग में एक मकबरे की बुनियाद रखी थी।1649 में उनका इंतकाल हो गया। उन्हें इसी मकबरे में दफन किया गया था। इससे इस मकबरे को रशीद मियां का रौजा कहा गया। मकबरे को राष्ट्र की धरोहर मानते हुए पुरातत्व विभाग ने इसका जीर्णोद्धार कर इसे संरक्षित कर लिया। पिछले दिनों हिन्दू जागरण मंच के नेता प्रदीप सक्सेना ने मकबरे में शिव मंदिर होने का कोर्ट में दावा कर दिया। कोर्ट के आदेश पर टीम द्वारा इसकी जांच भी हो चुकी है। पुरातत्व विभाग की सूचना पर पिछले माह प्रशासन ने इसकी सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी। अब पुरातत्व विभाग की ओर से मकबरे के आसपास बाउंड्रीवॉल का कार्य शुरू हो गया है। यहां काम करा रहे ठेकेदार रमेश चंद्रा ने बताया कि चारों ओर बाउंड्री के बाद ग्रिल लगेगी, एक गेट लगेगा। गेट के बाहर पार्किंग आदि की व्यवस्था की जाएगी।

मकबरे की देखरेख के लिए चौकीदार भी तैनात है। एसडीएम यदुवंश कुमार ने बताया कि मुगलकालीन मकबरा पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है। मकबरे के आसपास अतिक्रमण न हो, साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए पुरातत्व विभाग द्वारा बाउंड्री कराई जा रही है। आज महाशिवरात्रि के चलते इस मकबरे के दोनों खेतों पर ताला लगा रहा और पुलिस भी तैनात रही।


विवादित मकबरे में तैनात पुलिस दल। अमृत विचार

# जनपद में अवैध चल रहे 38 मदरसे बंद करेगा बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। जनपद में अवैध रूप से संचालित 38 मदरसे बंद किए जाएंगे। मदरसा बोर्ड ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। यू-डायस पोर्टल पर न चढ़े 22 मदरसों का पंजीकरण भी निरस्त किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कमेटी गठित कर मदरसों की जांच कराई थी। जांच के दौरान बिना पंजीकरण व अमानक भवनों में 38 मदरसे संचालित होते पाए। कुछ मदरसे मस्जिद व घरों में भी चलते मिले। ऐसे मदरसों को अब मदरसा बोर्ड बंद करने की तैयारी में है। इसके अलावा नई व्यवस्था के तहत पंजीकृत मदरसों का यू-डायस पोर्टल पर डाटा फीड कराया गया। जिले में संचालित 111 मदरसों में से 89 ने ही बच्चों, शिक्षकों सहित पूरा डाटा फीड किया। जबकि 22 ने किनारा कर लिया। बताया जा रहा है कि इन मदरसों में अब बच्चे ही पंजीकृत नहीं हैं। इससे यह भी बंदी की श्रेणी में हैं। वर्ष 2019 में जिले में 151 पंजीकृत मदरसे संचालित थे। छात्रवृत्ति के खेल पर शिकंजा कसने के साथ धीरे-धीरे 40 मदरसे पहले ही बंद हो चुके हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पंजीकृत जिन मदरसों ने यू-डायस पर डाटा फीड नहीं किया है, उनका पंजीकरण निरस्त कराने की संस्तुति की जाएगी। जबकि सत्यापन में बिना मान्यता के चलते मिले 38 मदरसों के खिलाफ शासन से आदेश आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गूंजे महादेव के जयकारे

## महाभारत कालीन पाण्डेश्वरनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, दूध, दही व घी से किया गया अभिषेक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के शिवालयों में भोर होते ही श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया। रेलवे रोड स्थित श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर में सुबह 5:00 से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लग गई।वहीं कोतवाली के पीछे स्थित श्री कोतवालेश्वर नाथ महाराज मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी।

पुठरी स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों में पुलिस बल मौजूद रहा। शुक्रवार को भोर से ही शिव मंदिरों के कपाट खुल गए। घरों में भी लोगों ने सुबह से ही पूजन की तैयारियां शुरू कर दीं। स्नान आदि करने के बाद लोगों ने पहले घरों में पूजा की और इसके बाद अपने आसपास स्थित शिव मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए चल दिए। महाभारत कालीन पांडवेश्वरनाथ मंदिर में मंदिर परिसर से लेकर सड़क तक महिला और पुरुषों की लाइन लगी नजर आईं। मंदिर के बाहर और अंदर दोनों जगह महिला व पुरुष पुलिसबल तैनात रहा। लाइन लगाकर भक्तों ने शिवलिग के दर्शन कर दूध, दही, जल, गन्ना रस से जलाभिषेक किया।

घुमना कोतवाली के पीछे स्थित कोतवालेश्वरनाथ मंदिर को भी भव्यता के साथ सजाया गया। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही रेलवे रोड स्थित बालाजी, सिटी हॉस्पिटल के पास स्थित श्री बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर और फतेहगढ़ स्थित शिव मंदिरों में भी पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा की।


रुद्राभिषेक करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार


पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन करने वालों की लगी रही कतार। अमृत विचार

### पुलिस देखती रही, लोग लाइन से हटकर करते रहे दर्शन

- पांडवेश्वरनाथ मंदिर में भीड़ के चलते भक्तों की लाइनें लगी थीं। लाइन से हटकर कोई दर्शन न करे, जिसके लिए महिला व पुलिसबल लगा था। इसके बावजूद महिलाएं, युवतियां व युवक लाइन से हटकर पीछे के रास्ते से शिवलिग पर जल चढ़ाने के लिए पहुंच रहे थे, जिन्हें रोकने के दौरान पुलिस की उनसे झड़प भी होती रहीं।

### पुठरी के प्राचीन शिव मंदिर में उमड़ा कांवड़ियों का रेला

- नवाबगंज के गांव पुठरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में कांवड़ियों का रेला उमड़ा ।गंगातट पर पहुंचकर कांवड़ियों ने स्नान किया और फिर कांवड़ में गंगाजल भरकर बम बम भोले के जयकारों के साथ पुठरी मंदिर का रुख किया। पुठरी मंदिर में लाइन लगाकर भक्तों ने जलाभिषेक किया।

### नीवलपुर बड़े शिव मंदिर में सांसद ने किया रुद्राभिषेक

- शहर से सटे गांव नीवलपुर में प्रसिद्ध बड़े शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने परिवार के साथ पहुंच रुद्राभिषेक किया ।इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, राहुल राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कछुआ चाल से हो रहा रेलवे स्टेशन का काम

**फर्रुखाबाद**। अमृत भारत मिशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद के सुंदरीकरण का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इसके चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे विभाग भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद के सुंदरीकरण में 16.85 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। अगस्त 2023 में रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद का सुंदरीकरण कार्य शुरू हुआ था। मार्च 2024 में निर्माण पूरा होना था, लेकिन जिस गति से कार्य चल रहा है, उससे लगता है कि निर्माण पूरा होने में अभी लगभग दो-तीन माह लगेंगे। दिसंबर माह में मुख्य भवन का निर्माण शुरू किया गया था। पिलर खड़ा करने के बाद काम बंद कर दिया गया। लगभग एक माह से काम बंद पड़ा है। पुराने भवन के पोर्टिको का लिंटर भी अभी नहीं टूट सका है। निर्माण के चलते रेलवे स्टेशन का मुख्यगेट बंद कर दिया गया है, जिसके चलते यात्रियों को दिक्कत होती है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि सुंदरीकरण के काम में तेजी लाई जाएगी।

# हार्डवेयर कारोबारी की पत्नी ने लगाई फांसी, थमीं सांसें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस को नहीं मिली तहरीर मोहल्ले की महिलाओं ने पंखे से लटके शव को नीचे उतारा

**अमृत विचार**। फतेहगढ कोतवाली क्षेत्र में हार्डवेयर कारोबारी की पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान दे दी। हार्डवेयर कारोबारी आशीष यादव की 26 वर्षी पत्नी पूजा यादव ने संदिग्ध परिस्थितियों में मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टा डालकर फांसी लगा ली। आसपास की महिलाओं ने उसे फंदे से नीचे उतारा।

तब तक पूजा यादव की मौत हो चुकी थी। सूचना पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह, फतेहगढ़ कोतवाल व सिविल लाइन चौकी इंचार्ज समेंत फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मृतका का आशीष यादव के साथ करीब 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। और उसके एक डेढ़ वर्ष की पुत्री है। बताया गयाहै कि पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था।

वही मृतका का पति आशीष यादव घटना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा है । जबकि घर से कुछ ही दूरी पर उसकी मोहल्ला भूसा मंडी में हार्डवेयर की दुकान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाई शुरू कर दी है। मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गई है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### डेढ़ करोड़ की अफीम के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**फर्रुखाबाद**। पुलिस एवं स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 1.5 करोड़ की अफीम सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। स्वाट टीम ने योगेंद्र निवासी महाजना शहजहांपुर, इकबाल पाकी झारखंड, तबारक गारू झारखंड को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि आरोपितो को थाना जहानगंज के ताजपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 4.5 किलो अफीम बरामद हुई है।जिसकी कीमत 1करोड़ 50 लाख रुपए है। आरोपी इकबाल, तबारक ने पूछताछ में बताया कि झारखंड से कम दाम पर अफीम खरीदकर लाते थे। झारखंड से लाई अफीम को उदयवीर, योगेंद्र को बेचते थे। पहले भी झारखंड के कई तस्कर पकड़े जा चुके हैं।

# बासी बिरयानी खाने से दर्जन भर लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। थाना नवाबगंज क्षेत्र में राजा दावत ए वलीमा में बची बासी चिकन बिरियानी खाने से एक ही परिवार के दर्जन भर लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी को देर रात लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टर इन्हें फूड पॉइजनिंग बता रहे हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम राजा रामपुर मेई में मैकू खान के पुत्र इरफान के निकाह का वलीमा गुरुवार को चल रहा था। उसी दौरान साफ सफाई करने वाले दुर्गेश को दी गई चिकन बिरियानी को वह घर ले गया, जहां उनके 8 बच्चों और पत्नी ने उसे खाया और उनके भाई राजेश और एक भतीजे ने भी चिकन बिरियानी खाई। इससे पूजा (40) पत्नी दुर्गेश, राजेश (36) पुत्र अर्जुनलाल, अंजली (17) पुत्री दुर्गेश, कामिनी (15) पुत्री दुर्गेश, हिना (10) पुत्री दुर्गेश, राधा (4) पुत्री दुर्गेश, करन (4) पुत्र दुर्गेश, सुरजीत (15) पुत्र सर्वेश, रीता (32) पत्नी राजेश, कृष्णा (3) पुत्र दुर्गेश, संजीव (9) पुत्र सर्वेश, नीलम (12) पुत्री दुर्गेश बीमार हो गईं। करीब एक घंटे बाद सभी को पेट दर्द, उल्टी, दस्त शुरू हो गए। गांव के झोलाछाप को दिखाने पर कोई आराम नहीं मिला। दो एंबुलेस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दर्जन भर मरीज आने से इमरजेंसी में अफरा तफरी जैसा हुआ माहौल पैदा हो गया। नतीजतन एक बेड पर 4-4 मरीजो को लिटा कर इलाज शुरू किया गया।


अस्पताल में भर्ती कराए गए बीमार लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मारपीट का आरोप, दो दर्जन से अधिक लोगों पर केस दर्ज

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । कोतवाली कायमगंज में 6 ज्ञात, 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। दर्ज रिपोर्ट में नीरज कश्यप पुत्र राम सिंह कश्यप निवासी ग्राम गढ़िया ढिलाबल थाना मऊदरवाजा ने कहा है कि वह 6 मार्च को अपने गांव से राजा का रामपुर थाना के गांव गढ़िया बारात में अपने कुछ साथियों के साथ शामिल होने गया था। उसका आरोप है कि बारात में डीजे बजने को लेकर मामूली विवाद हुआ था ।इसके बाद हम लोग अपने घर वापस लौट रहे थे ।आरोप है कि उसी समय 8 -10 गाड़ियों में सवार अंकित शाक्य वअभिषेक शाक्य ,विवेक शाक्य ,भोला यादव -लालू शर्मा, छोटू शाक्य सहित 24-25 अज्ञात लोग कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव मुख्य मार्ग पर स्थित बिराहिमपुर जागीर के पास आ गए। इन लोगों ने उनकी गाड़ी को रोककर उसको गाड़ी से नीचे खींच और लाठी डंडों से मारा पीटा ।आरोप लगाने वाले नीरज कश्यप ने तो यहां तक कह दिया कि निशाना बनाकर उसकी तरफ एक फायर किया ।जिससे उसका एक साथी बाल-बाल बच गया ।उसने कहा कि रात काफी हो चुकी थी ।चारों तरफ सन्नाटा पसरा था फिर भी तोड़फोड़ तथा फायर एवं चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर बहुत से ग्रामीण पहुंच गए ।इसके बाद यह लोग भविष्य में देख लेने की धमकी देते हुए चले गए । तहरीर के आधार पर पुलिस ने जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया ।उधर इस संबंध में जब लक्ष्य हॉस्पिटल कायमगंज के निवासी बताए जाने वाले अभिषेक शाक्य से बात की गई तो आश्चर्यचकित होते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें आरोपी बनाया गया ।पता नहीं कैसे आरोप लगा दिया ।उन्हें तो इस मामले में कोई जानकारी तक नहीं है और जिस दिन की घटना बताई जा रही है। सच तो यह है कि मैं कायमगंज -अलीगंज इन दोनों क्षेत्रों में था ही नहीं ।अपने निजी काम से बाहर गया हुआ था।आरोप निराधार है ।ऐसा मालूम हो रहा है कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर मामले में मेरा नाम घसीटने का प्रयास किया जा रहा है।

### मुफ्त बिजली के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू

**फर्रुखाबाद** । सरकार ने निजी नलकूप किसानों को एक अप्रैल 2023 से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। यह लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा, जो 31 मार्च 2023 तक के बकाए का पूर्ण भुगतान कर चुके होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों के पंजीकरण शुरू हो गए हैं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक पंकज कुमार ने निर्देश दिए हैं कि एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप उपभोक्ताओं (एलएमवी-5) को मुफ्त बिजली देने के लिए विभागीय अधिकारी उनका ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। योजना का लाभ एक अप्रैल 2023 से उन्हीं उपभोक्ताओं को दिया जाएगा, जो 31 मार्च 2023 तक के बकाए का पूर्ण भुगतान कर चुके होंगे। ब्याज व विलंब अधिभार की गणना 31 मार्च 2023 तक के कुल बकाए पर की जाएगी। उपभोक्ता अपना पंजीकरण यूपीपीसीएल .ओआरजी वेबसाइट पर स्वयं कर सकते हैं। पंजीकरण के समय उपभोक्ता को मूल बकाए की 30 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी। 30 प्रतिशत धनराशि जमा करने पर ही उपभोक्ता को इस योजना के तहत पंजीकृत माना जाएगा। एकमुश्त जमा करने पर ब्याज व विलंब अधिभार में शत-प्रतिशत छूट, तीन किस्तों में भुगतान करने पर 90 प्रतिशत और छह किश्तों में भुगतान करने पर ब्याज व विलंब अधिभार में 80 प्रतिशत छूट दी जाएगी। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। जो किसान 30 जून तक रजिस्ट्रेशन कराकर पूर्व का बिल जमा नहीं करेंगे, उनको मुफ्त निर्धारित यूनिट 1300/1045 क्षेत्रानुसार का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने निजी नलकूप किसानों से आह्वान किया कि वह लोग निर्धारित तिथि तक पंजीकरण कराकर योजना का लाभ लें।

### दर्शन कर लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**फर्रुखाबाद** । शादी की सालगिरह पर भोले बाबा के दर्शन कर बाइक से लौट रहे दम्पति की बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। थाना कादरी गेट के मोहल्ला पांचाल घाट के रहने वाले विनय शुक्ला अपनी पत्नी सुषमा को बाइक से लेकर भोले बाबा के दर्शन करने गए थे। मंदिर से लौटते समय ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे सुषमा की मौके पर मौत हो गई। कादरी गेट के दरोगा राजूलाल माथुर सुषमा को लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। 11 साल पहले सुषमा की शादी हुई थी। वह अपने पीछे ईशु और कृष्णा दो बच्चों को छोड़ गई है। सुषमा के मृत घोषित होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

लापरवाही — कमालगंज के प्राथमिक विद्यालय कटरी मानपुर का मामला, ग्रामीण कर रहे विरोध

# चार लाख खर्च कर तारों से बनाई स्कूल की बाउंड्री

कार्यालय फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। परिषदीय स्कूलों के कायाकल्प के लिए सरकार ने खजाना खोल रखा है लेकिन सरकार के बजट का बंदरबांट के चलते स्कूलों की दशा नहीं सुधर रही। एक परिषदीय स्कूल की बाउंड्री के लिए चार लाख से अधिक का बजट भेजा गया लेकिन स्कूल की बाउंड्री के नाम पर खंभे लगाकर कटीले तार खींच दिए गए। कमालगंज विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय कटरी मानपुर में बाउंड्रीबाल बनाने का अजब गजब मामला सामने आया है।

स्कूल की बाउंड्री बनाने को लेकर चार लाख 42 हजार रुपए भेजे गए थे। इसमें बाउंड्रीबाल का काम होना था। स्कूल की जमीन ऊंची नीची और बाढ़ प्रभावित रहने के कारण तय किया गया था कि जिस ओर अधिक ऊंचाई निचाई है उस ओर खंभा और तार लगाकर जमीन को सुरक्षित कर लिया जाना था। लेकिन स्कूल के तीन साइड में सीमेंट के खंभे लगाकर कटीले तार लगा दिए गए। इसको लेकर जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो मामला तूल ने पकड़ा। ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक से विरोध जताया।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि बाउंड्रीबाल के लिए चार लाख 42 हजार रुपए आए है। स्कूल की जमीन ऊंची नीची है इसलिए उन्होंने बाउंड्री बनवाने को लेकर असमर्थता जाहिर की। इसपर खंड शिक्षा अधिकारी और डीसी निर्माण ने उनसे कहा था कि बाउंड्री वह बनवा देंगे लेकिन रुपए निकालने पड़ेंगे। बताया स्कूल के आगे की साइड में ईट आदि से बाउंड्री बनाई गई, लेकिन तीन साइट कटीले तार खींच दिए गए। इसपर उन्होंने रुपए नही निकाले। इससे नाराज खंड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के नाम पर स्कूल पहुंची और उनका वेतन रोक दिया।

डीसी निर्माण भारती मिश्रा ने बताया बाउंड्री का रूपया प्रधानाध्यापक के खाते में जाता है उन्होंने ही कार्य कराया है। प्रधानाध्यापक जो आरोप लगा रहे हैं वह निराधार हैं। खंड शिक्षा अधिकारी यास्मीन रहमान ने बताया कार्य प्रधानाध्यापक ने कराया है। वेतन इसलिए रोका गया है कि स्कूल के निरीक्षण में कई खामियां मिली थीं। प्रधानाध्यापक का आरोप सरासर गलत है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया जांच कराकर कर्रवाई की जाएगी।


कटीले तार, खंभों से की गई स्कूल की बाउंड्री।

### बच्चों के लिए खतरा बने कटीले तार

- **फर्रुखाबाद**। स्कूल की बाउंड्री के नाम पर स्कूल के तीन ओर खींचे गए कटीले तार अब खतरा बन गए हैं। हालांकि स्कूल भवन और खींचे गए कटीले तार की दूरी है। क्योंकि स्कूल की जमीन पर्याप्त है। लेकिन ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चे खेलते खेलते अगर कटीले तारो की ओर गए तो वह घायल हो सकते हैं।

### मानक बताने को कोई तैयार नहीं

- **फर्रुखाबाद**। प्राथमिक विद्यालय कटरी मानपुर की बाउंड्री बनने के क्या मानक है अब इसपर कोई बोलने को तैयार नही है। मां लिया कि स्कूल की जमीन अधिक है उसको सुरक्षित करना जरूरी था तो क्या कतीले तार लगाया जाना उचित था। जब इसपर खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी की गई तो वह नही बता सकी। डीसी निर्माण भी इसपर बार अधिक बोलने से बचती नजर आईं।

# बीएसएफ जवानों ने किया रूट मार्च

**फर्रुखाबाद**। आगामी लोक सभा चुनाव शांति पूर्ण व निष्पक्ष बनाने के लिए सीओ सिटी ने बीएसएफ के साथ रूट मार्च किया। जुम्मे की नमाज को लेकर शहर क्षेत्र में बीएसएफ के साथ पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के साथ शहर में घूम घूम कर गस्त किया। सीओ प्रदीप सिंह ने सदर,कादरी गेट और फतेहगढ में पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। चुनाव से पूर्व आई बीएसएफ कंपनी के साथ फ्लैग मार्च का शहर के मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दिया।

कायमगंज प्रति निधि के अनुसार कोतवाली से ट्रांस फोर्ट चौराहा, भूसा मंडी से होते हुए श्यामागेट ,बजरिया' तहसील पुल गालिब क्षेत्र में घूम घूम कर लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिया। चुनाव से पूर्व आई बीएसएफ कंपनी के साथ रूटमार्च शहर क्षेत्र में किया गया।

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहै:।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है,लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें,परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है,यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों,उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था,जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं,पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां,माधुरी कहती हैं," मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी,उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं,क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है,जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं,पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है,पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने,पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं,जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों,बेटियों,बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें,आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे,जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, विलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं'कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा,किसी का खो जाएगा,किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट,जो प्रायोजित नहीं हैं,कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों,मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें,जो रचेगा,सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िएः चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी


राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है,आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा,कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए,क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही,कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं,वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं,लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना,हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं,उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों,बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान,जानवर,राक्षस,संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर,वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी,मगर विशाल विराट बदन में दिल,तब दिखेगा,जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं,मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।


हफीज किदवई
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था,किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त,न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं,तपस्या हैं,तप हैं, प्रताप हैं,सरल हैं,साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है,वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस,दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है,यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

**-फेसबुक वॉल से**

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं,परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं,ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों,युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज,उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन),हृदयाघात (हार्टअटैक),रुमैटिक हृदय रोग,विविध कैंसर-स्तन,योनि,गर्भाशय,घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन,नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना,बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैः युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## भोलेनाथ को प्रसन्न करने को किया जलाभिषेक, बेल पत्र, धतूरा अर्पित कर मांगी मनौतियां, भोर से देर रात तक लगा रहा तांता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को जिलेभर में श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। शिवालयों में रात 12 बजे से श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठे। शहर में जगह-जगह ठंडाई व गन्ने के रस का प्रसाद वितरित किया गया। महाशिवरात्रि पर श्री रामचरितमानस के अखण्ड पाठ व भजन कीर्तन के साथ भक्ति गीतों की चारों ओर धूम रही।

**टिक्सी महादेव के दरबार में भी खूब पहुंचे भक्त:** ग्वालियर रोड स्थित शहर के ऐतिहासिक टिक्की महादेव के दरबार में भी महाशिवरात्रि पर सुबह से रात तक भक्तों का हुजूम उमड़ा रहा। मंदिर कमेटी की ओर से सभी भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। सुबह से रात तक मंदिर व आसपास के क्षेत्र में हर-हर महादेव के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

**केदारेश्वर मंदिर में भी हुई पूजा-अर्चना:** लॉयन सफारी के सामने निर्माणाधीन केदोरश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से पूर्जा अर्चना करने वाले भक्तों की भीड़ रही। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, वीरू भदौरिया सहित तमाम कांवड़ियों ने पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा की। इस मंदिर का निर्माण सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की देखरेख में हो रहा है।



नीलकंठ मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार



केदारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य व अन्य। अमृत विचार

### नीलकंठ महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

इटावा। शहर के लालपुरा स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पर सुबह तीन बजे आरती के बाद से ही भगवान के जलाभिषेक के लिए कांवरियों की लाइनें लग गई थीं। दस बजे तक कांवरियों के द्वारा अभिषेक किया गया इसके बाद देर शाम तक अन्य भक्तों की लाइनें पूजन अर्चन के लिए लगी रहीं। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### 14 घंटे तक कांवड़ियों ने किया हजारी महादेव का जलाभिषेक

ताखा। हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर मे बाबा हजारी के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की लंबी लाइनें लगी रहीं। यहां पर दोपहर तक 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु भोलेनाथ का पूजन अर्चन व जलाभिषेक कर चुके थे। श्रंगीरामपुर से गंगाजल लेकर पहुंचे हजारों कांवड़ियों ने बाबा का जलाभिषेक किया भक्तों की भारी को संभालने के लिए पुलिस और प्रशासन ने अट्ठारह घंटे तक खड़े रहकर भक्तों की कतारों को आगे बढ़ाया। हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर में तीन दिन उत्सव जैसा पर्व रहा जिले में सबसे ज्यादा कांवड़ियों कांवर लेकर हजारी महादेव मंदिर पर पहुंचते हैं। उपजिलाधिकारी ताखा देवेंद्र कुमार पाण्डेय, तहसीलदार मो असलम, थानाध्यक्ष ऊसराहार बेचन कुमार सिंह पुलिस व पीएसी के साथ डटे रहे।

# कांवड़ लेकर आ रहे युवक की हुई मौत

संवाददाता बसरेहर, इटावा



अरुण यादव।

**अमृत विचार।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मूंज के गांव नगला हरजू के रहने वाले युवक की अचानक मौत हो गई। उसकी मौत की खबर से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

35 वर्षीय अरुण यादव उर्फ छोटे पुत्र तार सिंह बुधवार को गांव के तमाम साथियों के साथ मिलकर फर्रुखाबाद के श्रंगीरामपुर से कांवर भरने गया था। जोड़ीदार के रूप में चचेरा भाई लालू यादव पुत्र वेदराम भी इसके साथ में गया था। श्रंगीरामपुर से कांवड़ भरकर हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर हजारी महादेव मंदिर में गंगाजल से अभिषेक करने आ रहा था। अचानक रास्ते में रामनगर के पास अर्जुनपुर गांव के सामने अरुण यादव चलते-चलते चक्कर खाकर गिर पड़ा। अरुण को उसके साथी चचेरे भाई लालू और ममेरे भाई पिंटू ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किशनी ले गए, जहां से गंभीर अवस्था होने पर उसे जिला अस्पताल मैनपुरी के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई तो उनका रो-रोकर बुरा हाल था। मामले की जानकारी थाना किशनी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पति ने लोहे की राड से की पत्नी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मेन गेट पर ताला बंद करके भाग निकला आरोपी

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक युवक ने अपनी पत्नी की लोहे की राड मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति घर के मेन गेट में ताला बंद करके भाग निकला। युवती से फोन पर बात न हो पाने पर पिता पहुंचे तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



पूनम।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हरिशंकरपुरम में रहने वाले पवन कुमार ने अपनी पत्नी पूनम की लोहे की राड मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह मेन गेट का बाहर से ताला बंद करके भाग निकला। जयसिंहपुर किशनी मैनपुरी के रहने वाले मृतका के पिता रामचंद सिंह ने शुक्रवार की सुबह अपनी बेटी के फोन पर काल की तो फोन नहीं मिला। इससे उनको चिंता हुयी और वह कुछ समय में ही अपनी बेटी के घर हरिशंकरपुरम पहुंच गये। लेकिन मेन गेट में बाहर से ताला लगा देखा तो। उन्होंने पड़ोसी से सीढ़ी लेकर घर की छत पर चढ़कर नीचे पहुंचे। अंदर कमरे खुले पड़े थे और एक कमरे में बेड पर पूनम का खून से लथपथ शव पड़ा था।

पड़ोसियों की जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। घटना स्थल से पुलिस को खून से सनी लोहे की राड मिली है। इसी राड से हत्या किये जाने की संभावना है। कुछ ही देर में एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और छानबीन की। शव से दुर्गंध आ रही थी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दो तीन दिन पहले घटना को अंजाम दिया गया है।

मृतका के पिता ने बताया कि पवन पूनम को 5 मार्च को उसके मायके से लेकर आया था। उसने अपने दामाद पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि मृतका पूनम के तीन बेटे हैं। वह अपनी ननिहाल में रह रहे हैं। पवन उन्हें भी पूनम के साथ ले आना चाहता था लेकिन पूनम उन्हें अपने साथ नहीं लाई थी। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि शव को देखने से लग रहा है कि घटना तीन दिन पुरानी है।

### जेवर-नकदी के अलावा अन्य सामान भी गायब

मृतका के पिता ने बताया कि हत्या को अंजाम देने के बाद उसका दामाद पवन अपने घर से जेवर नकदी के अलावा उसका मोबाइल भी ले गया। इसके अलावा घर के कागजात भी गायब है। उन्होंने बताया कि उसका दामाद शादी के बाद से अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। पुत्री के कहने पर उसने एक लोडर भी खरीदकर दिया था लेकिन बाद में पवन ने उसे बेच लिया। उसने अपनी पुत्री के नाम से हरिशंकर पुरम में प्लाट खरीदकर मकान बनवा दिया था। मकान बनवा देने के बाद भी वह रुपयों की मांग करता था। पांच मार्च को पवन पूनम को बहला फुसलाकर अपने साथ ले लाया और उसकी हत्या कर दी।

# एआरटीओ को देख मौंरग भरे ट्रक को लेकर भागा चालक

संवाददाता ऊसराहार, इटावा

- गांव में घुसकर ग्रामीणों को कर दिया आगे

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर एआरटीओ को देखते ही ओवरलोड मौंरग भरे ट्रक के ड्राइवर ने ट्रक को एक गांव में घुसा दिया। ग्रामीणों को आगे कर ड्राइवर ने ट्रक को कार्रवाई से बचा लिया। दरअसल मामला औरेया जिले का होने के कारण एआरटीओ को लौटना पड़ा।

शुक्रवार सुबह एआरटीओ ब्रजेश कुमार ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्री परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चेकिंग कर रहे थे। वह ओवरलोड वाहनों की भी चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर आ रहे ओवरलोड ट्रक को जैसे ही एआरटीओ ने रोका। ड्राइवर ने ट्रक को भगा दिया। पीछे से एआरटीओ ने अपनी कार से ट्रक का पीछा किया तो ट्रक का चालक नगला दुली के समीप से औरैया के चिरैयापुर गांव में पहुंच गया। बताया गया कि ट्रक का ड्राइवर भी उसी गांव का था तो उसने गांव में घुसते ही ग्रामीणों को आगे कर दिया। तमाम ग्रामीण एआरटीओ के सामने खड़े हो गए और उन्हे गांव में अंदर नहीं जाने दिया। ग्रामीणों और एआरटीओ के बीच कहासुनी भी हुई लेकिन बाद में पता चला वह गांव औरैया जिले में लगता है। इसके बाद एआरटीओ भी वापस हो गए।

# विशिष्ट महिलाओं को मिला समारंभा वनिता सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सामाजिक स्वीकार्यता ही महिला को सशक्त बनाएगी : ऋचा राय

**अमृत विचार।** समारंभा फाउंडेशन ने पक्का बाग स्थित होटल सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारंभा वनिता सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय ने दीप जलाकर किया।

महिलाओं को प्रेरित करते हुए ऋचा राय ने कहा कि महिलाएं अधिकारों के प्रति सजग हो रही हैं।

चौधरी चरण सिंह पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रत्येक पुरुष की सफलता के पीछे भी कोई महिला ही होती है। पानकुंवर कॉलेज के निदेशक डॉ कैलाश यादव ने कहा कि महिला दिवस का आयोजन पुरुष वर्ग को करना चाहिए जिससे कि महिलाओं को समानता का अनुभव हो। डॉ रमाकांत रावत ने कहा कि महिलाओं को प्रेरित करने को हम सभी को मिल के प्रयास करना है।

शिक्षा के क्षेत्र में डॉ पदमा त्रिपाठी, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ रजनी रावत, साहित्य के क्षेत्र में सुनीता दीक्षित, समाज सेवा के क्षेत्र में किरण मित्तल को समारंभा वनिता सम्मान प्रदान किया गया।

बेसिक शिक्षा में अध्ययनरत बच्चों सहित, डीपीएस इटावा की छात्रा अव्यांशिका सिंह, नारायण कॉलेज की छात्रा आराधना मिश्रा एवं निष्ठा तथा पान कुंवर की श्रेयांशी एवं हर्षिता को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रेरणा स्वरूप कवयित्री शालिनी शर्मा, डॉ नीलम यादव, रेखा गुप्ता, डॉ अनामिका सिंह, संतोष कुमारी, संजू शंखवार, शशिप्रभा, प्रीति, शौइबा आदि को सम्मानित किया गया।

मुख्य रूप से डॉ अशीष दीक्षित, संजीव चतुर्वेदी, आनंद मित्तल, डॉ देवेश चंद्रा, डॉ अमित यादव, डॉ गीता चतुर्वेदी, श्यामला पाण्डेय, प्रीति शर्मा, स्नेह पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजू संखवार ने किया।



समारंभा वनिता सम्मान से सम्मानित महिलाओं के साथ में ऋचा राय। अमृत विचार

# बच्चों को संस्कार जरूर दें : डॉ.सुशील

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबंधक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने अभिभावकों से अपील की कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें। घर पर बच्चों को भी समय दें। वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही आवश्यक है।

आंदोलन की राह — ऑनलाइन सूचना भेजने के दबाव पर शिक्षकों में नाराजगी, प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षक की हुंकार, सरकारी सिम नहीं तो ऑनलाइन हाजिरी भी नहीं

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सैफई ने बीआरसी कार्यलय पर टैबलेट से ऑनलाइन अभिलेख व उपस्थिति के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा को ज्ञापन दिया। अध्यक्ष प्रद्युम्न यादव ने कहा कि सरकार शिक्षकों पर ऑनलाइन सूचना भेजने का दबाव डाल रही है। टैबलेट उपलब्ध करा दिया और सिमकार्ड की व्यवस्था नहीं की तथा व्यक्तिगत सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो नियम के विरुद्ध है। संगठन की मांग है जब तक सरकारी सिमकार्ड एवं डाटा उपलब्ध नहीं कराया जाता है। शिक्षक टैबलेट का प्रयोग ऑनलाइन उपस्थिति से लेकर अभिलेखों का ऑनलाइन कार्य करने में नहीं करेंगे।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का अवकाश एवं द्वितीय शनिवार एवं अर्ध अवकाश की व्यवस्था सरकार को करानी होगी। अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो शिक्षक निदेशालय एवं जिला बेसिक अधिकारी शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश कांत निराला, जिला संयुक्त मंत्री मुकेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आफताब हुसैन, संगठन मंत्री केपी सिंह शाक्य, डीपी यादव, कमल कांत दुबे, मंजू भदौरिया, राजदा खातून, सुनीता यादव, अनुपम कौशल, राम सखी, नेहा आयुष्मान, दीपक पाल, भूपेंद्र, रामकेश, महाराज सिंह, श्याम किशोर सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।




बीईओ सैफई नवाब वर्मा को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा बीडीओ को ज्ञापन

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत ब्लाक ताखा में हुई। जिला अध्यक्ष युवा संजेश कुमार की उपस्थिति में 11 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी ताखा को सौंपा गया।

ज्ञापन में हाल में हुई ओलावृष्टि का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने, खाद बिजली पानी उपलब्ध कराने, क्षेत्र में खराब पड़े फुंके हुए ट्रांसफार्मर बदलवाने, खराब ट्यूबवेलों को सही कराने, निजी नलकूपों के पूर्व के बिजली बिल वापस लेकर रीडिंग के बाद ही बिल निकलवाने एवं भरतिया पंचायत में सरकारी जमीनों को खाली कराने की मांग की गई। इन मांगों को अतिशीघ्र ना माना गया तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

इस मौके पर रामकिशोर, अखिलेश यादव, चौधरी राजेंद्र सिंह, संरक्षक सुरेश, रमाकांत यादव, उदयवीर सिंह, योगेश कुमार, लालू यादव, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, उमेश कुमार, शिव प्रताप, सनी यादव, बालक राम, नाथूराम, सुखवीर सिंह, सुखराम शाक्य, मोहनलाल, दफेदार सिंह, इंद्रेश कुमार, एके सिंह, करण सिंह, राजबहादुर आदि मौजूद रहे।



ताखा के बीडीओ को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लेह, लद्दाख और सिंधु जाने पर 20 हजार रुपये देगी सरकार

ताखा, इटावा। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लेह में सिंधु नदी के दर्शन करने के लिए जाने वाले सिंधी तीर्थयात्रियों को 20 हजार रुपये देने का फैसला किया है। सिंधी समुदाय सिंधु नदी को पवित्र मानता है। योगी सरकार का मानना है कि जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद अब लेह का माहौल टूरिज्म के पक्ष में है। यूपी सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग ने बुधवार को सभी जिला अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे सिंधी अकेडमी और उसके प्रतिनिधियों को यह संदेश पहुंचा दें ताकि वे लेह की यात्रा पूरी करने के बाद 20 हजार रुपये पर अपना दावा पेश कर सकें। धर्माथ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। बताते चलें आमतौर पर सिंधु नदी यात्रा जून में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित की जाती है जिस समय सिंधु दर्शन फेस्टिवल का भी आयोजन होता है। एसडीएम ताखा देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदक को पहचान पत्र, सक्षम स्तर से निर्गत निवास प्रमाण पत्र, यात्रा पूरी करने के प्रमाण पत्र सहित 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यात्री को जीवनकाल में एक ही बार अनुदान दिया जाएगा।




हाथों में लगी मेहंदी दिखाती महिलाएं। अमृत विचार

### भारतीय संस्कृति के अनुरूप मिले महिलाओं को सम्मान

इटावा। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार से प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान ने महेवा ब्लॉक के व्यासपुरा ग्राम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, गीत, नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम किए। समूह सखी मीना ने कहा कि व्यक्ति नारी को अपने तरीकों से इस्तेमाल करने की कोशिश करता है जो कि बहुत ही अपमानजनक और चिंताजनक बात है। आज की दशा को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि हम नारी के सम्मान को बचाएं। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी, दुर्गा व लक्ष्मी आदि का यथोचित सम्मान दिया गया है अत: उसे उचित सम्मान दिया ही जाना चाहिए। आशा ट्रेनर जय शिव मिश्रा ने कहा नारी उपयोगी परिश्रम करके देश की प्रगति में योगदान तो दे ही रही है साथ ही साथ परिवार की आर्थिक समृद्धि भी बढ़ा रही है। निदेशक हरि नारायण बाजपेयी ने कहा आज की महिला निर्भर नहीं हैं। वह हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र प्रदान करने के पश्चात व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रशिक्षु को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में चंदन पोरवाल, इन्दू, मधु, मधुमाला, शारदा श्रीवास्तव, ममता, ऋतु के साथ लगभग 40 महिला उपस्थित रही।



स्मार्ट फोन के साथ तिरुपति बालाजी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

सैफई, इटावा। छिमारा स्थित श्रीतिरुपति बालाजी महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरित किए गए। भाजपा नेता लोकसभा प्रभारी फर्रुखाबाद अजय धाकरे ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्हें स्मार्टफोन की तकनीकियों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष अभिलाख सिंह ने स्मार्टफोन के उपयोग के बारे में भी बताया। प्राचार्य डॉ. कुंवर उदयवीर सिंह पवार ने स्मार्टफोन पर उत्कर्ष, महिंद्रा सहित अनेक अध्ययन ऐप के बारे में भी बताया। छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य के तहत स्मार्टफोन के उपयोग और दुरुपयोग को भी समझाया। इस मौके पर प्रवक्ता पुनीत मिश्रा, अमित दुबे, आनंद प्रकाश, वैशाली शर्मा, मनोज मिश्रा, सत्यम मिश्रा, सुबोध यादव, मदन मोहन मनमोहन साहिल आदि उपस्थित रहे।

### बीमारी के चलते फॉलोवर की मौत

इटावा। 28वी वाहिनी पीएसी में फॉलोवर की शुक्रवार को बीमारी के चलते मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 28वी बटालियन पीएसी में फॉलोवर के पद पर तैनात शिशुपाल सिंह 59 वर्ष पुत्र हुकुम सिंह पिछले करीब बीस साल से पीएसी में काम कर रहा था। वह सांस के रोग से पीड़ित था। शुक्रवार की दोपहर को अचानक उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गई। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र 2017–2019 अनुक्रमांक 1740800041806 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा पुत्री सुरेश कुमार मिश्र ग्राम ओरीपुर नौगीर, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIL से बदलकर MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI S/O: MOHAMMAD BASHEER, R/O: 435, BUTCHER MOHAL, SADAR BAZAR, CANTT, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम अब्दुल अजीज खान से बदलकर अजीज खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **अजीज खान पुत्र नन्कऊ, निवासी– ग्राम–दर्जिनपुरवा, महादेवा सलारपुर, पोस्ट– डान्डे कुइया, थाना–हरदत्त नगर गिरंट, जनपद–श्रावस्ती**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0– 2245163 वर्ष 2000 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0– 0671111 वर्ष 2006 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 7521073903 पर सम्पर्क करे। **रोहित सिंह पुत्र बृजलाल भारती, निवासी– एम0एम0 एस 2/75बी, सेक्टर– सी, जानकीपुरम् थाना– विकासनगर, लखनऊ**

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्या. : गोण्डा निकट बस स्टैण्ड, बहराईच रोड, गोण्डा-271001
**सूचना**
आगामी वित्तीय वर्ष (2024-25) में ऋण वसूली कार्य हेतु नए एजेंसी के आवेदन आमंत्रित कर रहा हैं। इच्छुक एजेंसी/व्यक्ति / कंपनी अपना बायोडाटा व आवेदन ऋण वसूली विभाग को जमा कर सकते हैं।
नियम व शर्तें लागू

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का मूल अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 212611992 वर्ष 2021 है जो कि उ0प्र0मा0शि0परि0 प्रयागराज द्वारा निर्गत था। वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री मो0 युसुफ ग्राम गढ़ी, पोस्ट– दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज, तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा।**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
**आवश्यकता है**
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– प्रवक्ता बी.ए.– हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। प्रवक्ता एम.ए.– शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। प्रवक्ता बी. एड.– 04 पद। योग्यता– यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतन– राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

# शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

## हवन-पूजन के साथ हुआ प्रसाद वितरण, सुबह से देररात तक उमड़ते रहे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनायी गयी । सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रही । श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुये पूजा अर्चना की। स्थानीय बाबा परमहंस नगर में पुरानी दिबियापुर मार्ग पर स्थित नवनिर्मित मंदिर में राधाकृष्ण की मूर्ति तथा शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुयी। आचार्य पुनीत मिश्र ने धार्मिक अनुष्ठान के पांचवे दिन हवन पूजन के साथ भण्डारे में प्रसाद वितरण कराया। इस मौके पर मंदिर के निर्माणकर्ता यजमान उमादेवी एवं राजू सेंगर ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में रघुराज सेंगर , पुष्पेन्द्र सिंह , अजीत सिंह, शिवा सिंह , सैंकी सेंगर एवं सभासद कृष्णकुमार कश्यप ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया । मंदिर परिसर में हुये भण्डारे में सैंकड़ो भक्तो ने प्रसाद छका।

वहीं सहायल तिराहा स्थित पंचमुखी शिव मंदिर में सुबह से भक्तों ने पूजा अर्चना की। देर शाम को मंदिर में हवन हुआ उसके बाद मंदिर पर भोलेनाथ का भोग लगाकर प्रसाद एवं ठण्डाई का वितरण हुआ। इस मौके पर अजय गुप्ता पैराडाइज, नंद किशोर विश्नोई, अशोक गुप्ता , रमेश चन्द्र विश्नोई , कन्हैया गुप्ता, गोपाल गुप्ता , आशीष जैन, गोलू गुप्ता , सभासद सुशीला पोरवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।


नवनिर्मित मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार


श्री पंचमुखी शिव मंदिर में मौजूद भक्त। अमृत विचार

### शेखरेश्वर शिव मंदिर में हुआ प्रसाद वितरण

**औरैया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद भगवान परशुराम शोभा यात्रा की संरक्षिका एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर विभा तिवारी के संयोजन में शुक्रवार को शेखरेश्वर शिव मंदिर नगर पंचायत दिबियापुर मे रस और दही का प्रसाद वितरण हुआ। जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश सचिव पंडित बृज किशोर तिवारी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुशील कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी, धीरज शुक्ला जिला संगठन मंत्री विवेक शर्मा, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष कमलेश नारायण दुबे, जिला कोषाध्यक्ष विवेक दीक्षित, जिला सचिव धनंजय दुबे, विवाह प्रकोष्ठ के नीरज दुबे व सक्रिय सदस्य दीपू मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार अग्निहोत्री, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आकाश मिश्रा आदि भक्त मौजूद रहे।


प्रसाद वितरण करते भक्त। अमृत विचार


पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

## शिव जी का अभिषेक कर कमाया पुण्य

**फफूंद।** पाता चौराहे पर स्थित बारह धरी शिव मंदिर पर सुबह से ही भक्तजनों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नगर के विभिन्न शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं श्रधालुओं ने शिव लिंग पर जलाभिषेक किया तथा नगर के विभिन्न मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे इस मौके पर पुजारी लज्जा राम,मीरा देवी,ऐवरन राजपूत, सुलेखा देवी, सुनील कुमार, सुषमा, सन्नो, अमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, मुकेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता,रिषु, सहित सैकड़ों शिव भक्त उपस्थित रहे।

# बैग से रुपये पार करने वाली महिलाएं गईं जेल

संवाददाता बिधूना,औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे में एक मुनीम के बैग से बीते दिवस रुपये निकालने के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक चोरी के मुकदमें दर्ज हैं।

कस्बा निवासी बृजकिशोर गुप्ता का सहार रोड पर डोडापुर गांव के समीप शिवम किसान सेवा केन्द्र (पेट्रोल पंप) है। इस पम्प पर ऐरवाकटरा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी राहुल यादव मुनीम के रूप में काम करता है। राहुल ने गुरुवार को दिन में करीब 12:30 बजे भारतीय स्टेट बैंक बिधूना से छह लाख रुपये निकाले थे।

राहुल बैंक काउंटर से रुपये लेकर बैग में रख कर बैंक से बाहर निकलने के लिए गेट पर आया तो वहां बीच गेट पर एक महिला खड़ी थी, जबकि एक महिला व एक लड़की साइड में खड़ी थी। जब उसने गेट पर खड़ी महिला से हटने को कहा और वह उसके हटने का इंतजार करने लगा तभी पीछे खड़ी महिला ने उसके बैग की चेन खोलकर उसमें रखे पैंतीस सौ रुपये निकाल लिए। राहुल कुछ हरकत होती देख चिल्लाने लगा तो तीनों महिलाएं भागने लगीं। तभी आसपास मौजूद लोगों व दुकानदारों के सहयोग से उसने दोनों महिलाओं व लड़की को पकड़ लिया। इसी बीच बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लड़की समेत दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उनके पास से पैंतीस सौ रुपये बरामद किए हैं। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी तीनों महिलाओं को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली पुलिस ने कहा कि आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक चोरी के मुकदमें पंजीकृत हैं। आरोपी महिलाओं के नाम सरोजनी, सुषमा पत्नी गौतम जिआ पुत्री गौतम सिसौदिया निवासी ग्राम कडिया थाना गोंडा मध्यप्रदेश बताये जा रहे हैं।

## विवाहिता को पति व ननद ने पीट कर घर से निकाला

**बिधूना,औरैया।** एक विवाहिता ने अतिरिक्त दहेज में बाइक और तीस हजार रुपये की मांग को लेकर पति और ननद पर मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने एवं बच्चों को छीन लिए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साहूपुर निवासी शबाना बेगम पत्नी अमर हुसैन ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पति एवं ननद अतिरिक्त दहेज में बाइक और तीस हजार रुपये की मांग को लेकर आये दिन उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। बीते दिनों भी उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था और उसके बच्चे छीन लिए थे।

कहा उसके घर वालों के समझाने बुझाने के बाद उसका पति उसे घर ले गया। पीड़िता ने कहा कि शुक्रवार को उसके पति व ननद ने बाइक और तीस हजार रुपयेकी मांग को लेकर पुनः उसके साथ मारपीट कर उसके बच्चे छीनकर उसे घर से निकाल दिया।

# बम भोले के साथ भक्तों ने किया रुद्राभिषेक

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत हर्राजपुर के मजरा मेरखपुर में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव भक्तों का सुबह से ही तांता लगा रहा। जहां भक्तों ने सुबह से ही भोलेनाथ के जयकारे के साथ पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद वितरण भी किया।

वहीं ग्राम पंचायत सदस्य ने अपने परिवार सहित भोले बाबा का रुद्राभिषेक कराया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विकास बाबू, कुसुमलता, आलोक, अमित, विपिन ,किशन, सिद्धार्थ, जयप्रकाश कमलाकांत, अनिल सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।


रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मांगी पेंशन

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, उ.प्र. के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में औरैया में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर बिधूना में शंकर जी मंदिर पर एक बैठक में महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष ज्योत्स्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश की सरकार महिला सशक्तीकरण की बातें तो खूब करती है लेकिन प्रदेश में कार्यरत एवं रिटार्यड की जा रही आंगनबाड़ी महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा अपना सारा जीवन विभाग में करने के बाद 62 वर्ष पूर्ण कर चुकी आंगनबाड़ी महिलाओं को बिना ग्रेच्युटी, पेंशन के सेवानिवृत कर दिया जा रहा है । उन्होंने कहा उनके संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय द्वारा भी प्रदेश स्तर से लेकर केंद्र तक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को सम्मानजनक मानदेय दियाये जाने के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तभी सही मायने में महिला सशक्तीकरण होगा । लता त्रिपाठी, पुष्पा सेंगर सुनीता राजावत सुमन , अरुणा देवी , विनीता, नीरज आदि मौजूद रहीं।

## सवा घंटे बंद रही रेलवे क्रॉसिंग

**अछल्दा।** कस्बा के 13 बी क्रॉसिंग पर सुबह रेलवे फाटक में तकनीकी खराबी हो गई जिससे रेलवे फाटक सवा घण्टे नहीं खुल सका। फाटक बन्द रहने से वाहनों की लंबी कतार लग गयी। कस्बा से निकली रेलवे क्रासिंग 13बी पर सुबह 07:33 मिनट पर रेलवे क्रासिंग को बन्द किया गया जिसके बाद रेलवे फाटक में तकनीकी खराबी आने से फाटक नहीं खुल सका। फाटक न खुलने से बिधूना फफूंद मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। गेटमैन ने फाटक में खराबी की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे रेलकर्मी ने मशक्कत के बाद सवा घंटे बाद फाटक खुल सका और वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

## श्रद्धालुओं ने सुनीं कंस वध की कथा

**अछल्दा।** क्षेत्र के गांव खुमानपुर में चल रही भागवत कथा में आचार्य अवधेश नारायण शास्त्री ने कहा कि धरती पर जब पाप अधिक बढ़ जाता है, तो भगवान किसी ना किसी रूप में धरती पर जन्म लेकर पाप का सर्वनाश कर देते हैं। आचार्य ने श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को किसी के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए । इस दौरान उन्होंने कथा में कंस वध सुनाया। कंस वध होते ही श्रद्धालुओं ने जय श्रीकष्णा का जयघोष किया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm B. Pharm
DMLT X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# पत्नी को जलाने में पति को चार साल की सजा

- कोर्ट ने 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** लगभग 7 वर्ष पूर्व पत्नी को प्रताड़ित करने के साथ जलाकर घायल करने वाले पति को जनपद न्यायाधीश गिरीश कुमार वैश्य ने 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार निवासी मैथा भाड़ा थाना शिवली जिला कानपुर देहात ने थाना फफूंद में 1 सितंबर 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री अर्चना की शादी औरैया जिले के निवासी श्याम के साथ हुई थी। बाद में उसकी पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये व एक प्लाट की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे और इसी के चलते 31 अगस्त 2016 को अर्चना ने फोन द्वारा उसे सूचना दी कि उसके पति व ससुर ने 25 अगस्त 2016 को जान से मारने की नीयत से मिट्टी का तेल डालकर आग के हवाले कर दिया, जिससे वह बुरी तरह जल गई। वह बेटी की ससुराल आया तो उसकी पुत्री उसे घायल अवस्था में मिली जिसे लेकर वह थाने गया था। पुलिस ने उसके पति श्याम के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद जनपद सत्र न्यायाधीश गिरीश कुमार वैश्य द्वारा दोषी पति श्याम को 4 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ उस पर तीस हजार रूपये का अर्थ दंड भी लगाया है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**अजीतमल,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ऊंचा चौकी निवासी शनि राजपूत पुत्र राजेश कुमार ग्राम महाराजपुर निवासी को खेतों पर जाते समय अजय कुमार पुत्र मन्नी सिंह भदौरिया पुरवा चंदेल ने जाति सूचक गलियां दी और तमंचे से फायर झोंक दी, और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इन लोगों पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं राजेश कुमार को भी घर में घुस कर जान से मारने की धमकी दी। और असलहों को लहराते हुए निकल गए। मुकदमे में वांछित अभियुक्त को सीओ राममोहन शर्मा और राजकुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक ने चेकिंग के दौरान अजय भदौरिया को एक देशी तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बाकी तीन साथियों की तलाश जारी है।

**लक्ष्य अधूरा** किसानों को रास नहीं आ रही कृषि यंत्रीकरण योजना

# महंगे यंत्र नहीं खरीद रहे किसान

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत 12 प्रकार के यंत्रों के लिए 106 किसानों को अनुदान देने के लक्ष्य इस बार कृषि विभाग को मिला है। इसके लिए 14 फरवरी से 28 फरवरी तक आवेदन मांगे गए थे। लेकिन अभी तक जिला स्तर पर कृषि विभाग के पोर्टल पर एक भी आवेदन नजर नहीं आ रहा है। जबकि पिछले साल कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत 229 क़िसानों को योजना का लाभ देने का लक्ष्य था। लेकिन अभी तक 100 किसान कृषि यंत्र खरीदकर पोर्टल पर बिल अपलोड कर सके हैं। हालांकि विभाग मार्च तक लक्ष्य पूरा करने में जुटा हुआ है।

इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने के बाद किसानों का चयन किया जाता है। यदि एक कृषि यंत्र पर योजना के तहत किसान को अनुदान पर लाभ दिया जाना और उसके लिए एक से अधिक किसानों ने आवेदन किया है तो ई-लाटरी से किसान का चयन किया जाएगा। इसके बाद किसान उस कृषि यंत्र को अपने पास से रुपये खर्च कर खरीदना होता है। बाद में उसके बिल को विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने पर 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिल जाता है। जैसे कल्टीवेटर का बाजार में मूल्य 65 से 70 हजार रुपये है, तो करीब 30 हजार रुपये योजना में चयनित किसान को अनुदान में सरकार की तरफ दिए जाएंगे। सुपर सीडर करीब 2.20 लाख में आती है। इसमें 1.03 लाख रुपये से अधिक अनुदान किसानों को मिलेगा। लेकिन यंत्र महंगे होने के चलते छोटे किसान रुचि नहीं लेते हैं।

इसके साथ ही यंत्र पराली से संबंधित अधिक हैं। हालांकि चुनाव बाद फिर से पोर्टल खुलने की उम्मीद है। उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि कृषि यंत्रों लेने के लिए लगातार किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ उठा सकें।


यह यंत्र काफी महंगे हैं और इनको खरीदने के लिए रुपये की जरूरत होती है। छोटे किसानों के पास इतने रुपये नहीं होते कि वह इन यंत्रों को खरीदें।
-अखिलेश शुक्ला, किसान व पूर्व प्रधान, दखलीपुर


ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया काफी कठिन है। इसके चलते किसान इस योजना में कम रुचि दिखाते हैं। अधिकांश यंत्र ट्रैक्टर से चलने वाले हैं। ट्रैक्टर सभी किसानों के पास नही होता है।
-महावीर वर्मा,इटहा,किसान

### अनुदान योजना में यह यंत्र शामिल

इस योजना में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, हैपी सीडर, सुपर सीडर, पैड्डी स्ट्रा चापर, थ्रेसर व मल्चर, रोटरी स्लेसर, प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, जीरो टिल सीड ड्रिल, क्राप रीडर, ट्रैक्टर माउन्टेन, रीपर कम्बाइन्डर शामिल हैं।

VAMCRH VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989


मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
ब्लड बैंकः - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।
उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## एक नजर

### उप्र में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला दिवस पर उप्र. की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि, राज्य में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। सपा प्रमुख के मुताबिक, हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है।

### प्रो. ओंकार बने लोकपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस रहे प्रवक्ता प्रो. ओंकार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा। इन्हें शासन सरस्वती सम्मान से भी सम्मानित कर चुकी है। वह एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोधवेत्ता है।

# आने वाले समय में प्रदेश में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

## गोरखपुर में सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय मे उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं।

समारोह को सांसद कमलेश पासवान और विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता, अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, साथ में अन्य। अमृत विचार

- केंद्रीय मंत्री ने की मुख्यमंत्री की सराहना
- कहा, प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर

### दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआत : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है।

### 165 करोड़ रुपये की पूंजी से प्लांट स्थापित

इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में तीन मूर्तियां बनाने को दिए 21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमती किनारे 65 फीट ऊंची होगी अटल, मुखर्जी व दीन दयाल की मूर्तियां

**अमृत विचार :** गोमती किनारे बसंत कुंज योजना के सेक्टर जे में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 65 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्तियां लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए शासन ने 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च करने की अनुमति दी है। इसी के साथ संस्कृति निदेशालय से मूर्ति निर्माण समिति के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

शासन ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल योजना के लिए कार्यदायी संस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण को करीब 139 करोड़ रुपये में 5 मार्च को जारी किए थे। शासन के संयुक्त सचिव गिरीश चंद्र मिश्र की ओर से गुरुवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को जारी आदेश के मुताबिक, तीन अदद स्टैच्यू की स्थापना व क्रय हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा मूर्ति निर्माण समिति के मार्गदर्शन में टेंडर के आधार पर 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत म्यूजियम क्यूरेशन के लए 24.50 करोड़ को पास नहीं किया गया है। इसका क्रियान्वयन बाद में संस्कृति विभाग से होगा। इस म्यूजियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के जीवन से जुड़ी चीजें दिखायी देंगी। यह म्यूजियम डिजिटल होगा। इसमें इन महापुरुषों के भाषणों के अंश भी सुनने को मिलेंगे।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का इंतजार

65 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए मिले 117 करोड़ मिल चुके हैं। बीते माह 27.86 करोड़ की धनराशि देकर जीबीसी के दौरान 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से लोकार्पण कराना था। मगर, कार्य पूरा करके तैयारी नहीं हो पाई। यहां अन्य प्रकार की कई सुविधाओं को लेकर भी काम जारी है।

# आचार संहिता से पहले पीडब्ल्यूडी का धनावंटन पर फोकस

## रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग का बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मॉनीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने 24 घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

लखनऊ-कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग तथा हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग के गोमतीनदी पर बने घैलापुर के क्षतिग्रस्त पहुंचमार्ग की मरम्मत भी तेजी से पूरा करने के लिए 1.47 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में डालीगंज से निशातगंज मार्ग पर इंदिराब्रिज के विशेष मरम्मत के लिए शासन ने 46.57 लाख रुपये जारी किए हैं।




- अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना

### 61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था। सूत्रों का कहना है कि इस धनराशि से सिर्फ शिलान्यास की औपचारिकता ही पूरी हो पाएगी। काम अगले सत्र में शुरू हो पाएगा।

### नटवाडीह टीला संवारने को मिला 1.14 करोड़

लखनऊ विकास प्राधिकरण के लिए शासन ने बिजनौर रोड स्थित नटवाडीह डीला की चारदीवारी, कंक्रीट सड़क और पार्किंग का निर्माण कार्य कराने के लिए 2.29 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश जारी करते हुए इसकी 50 फीसदी धनराशि 1.14 करोड़ से अधिक निर्गत करने का आदेश दिया है।

# मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने को शर्तें तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की योजना को अमली जामा पहनाने में जुटी राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ शर्तें निर्धारित की हैं। दरअसल, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का लाभ 1 अप्रैल 23 से दिया जा रहा है लेकिन उन्हें 31 मार्च 2024 से पहले के सभी बकाया का भुगतान करना होगा।

ऊर्जा विभाग ने बकाया चुकाने के तीन विकल्प किसानों को दिए हैं। पहले विकल्प के तहत एकमुश्त बकाया भुगतान करने पर 100 प्रतिशत ब्याज और विलंब अधिभार में छूट दी जाएगी।

वहीं, दूसरे विकल्प के तहत अगर तीन समान किस्तों में बकाया चुकाया जाता है तो ब्याज व विलंब अधिभार में 90 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। तीसरा विकल्प छह किस्तों में बकाया चुकाने का है, इसके तहत ब्याज और अधिभार में 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं, अगर किसान किस्तों में बकाया चुकाने का विकल्प चुनता है और समय पर अदायगी नहीं कर पाता है तो उसे छूट का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे में 31 मार्च 2024 तक जीरो बिल करने पर 140 यूनिट्स प्रति किलोवॉट तक की छूट मिलेगी। बुंदेलखंड क्षेत्र में 9.32 किलोवाट एवं 1300 यूनिट प्रतिमाह एवं अन्य क्षेत्रों में 7.46 किलोवाट एवं 1045 यूनिट तक छूट मिलेगी।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की दी सुविधा

बकाया भुगतान में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को 30 जून तक (uppcl.org) रजिस्ट्रेशन करना होगा और पंजीकरण के साथ ही मूलधन की 30 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी। बिजली छूट का प्रयोग जिम्मेदारी से करने के लिए बिजली खपत के मानक भी सरकार ने तय किए हैं। इन्हें बुंदेलखंड क्षेत्र और शेष राज्य में बांटा गया है।

# प्रदेश में आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को न सिर्फ वित्तीय बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी।

उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह राज्य सरकार का बड़ा कदम होगा। औद्योगिक प्राधिकरण 24 घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे व एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे या बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशा निर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके।

### बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

### 24 घंटे तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन

सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24 घंटे तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी, उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है। इनमें फैक्ट्री अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, अनुबंध श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम एवं रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम शामिल है।

# पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा।

### एटीएस को भी ऑनलाइन करने की तैयारी

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा। डाटा बैंक और ऑनलाइन होने के बाद जरूरतमंदों को राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3.1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।

5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।

6.1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।

9.1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।


2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।

4.1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी

5.1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।

7.1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।

8.1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 नै | चा |
| | | 7 शै | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** — आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष** — आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन** — आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क** — आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह** — आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** — आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।


**धनु** — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर** — आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** — आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- सीता और गीता — सुबह : 10.28
- जिस देश में गंगा रहता है — रात : 07.00

**Sony Pix**
- हेलबॉय — सुबह : 10.52
- 2012 — रात : 08.45

**Sony Max**
- यारियां 2 — सुबह : 09.48
- स्टारफिश — रात : 09.30

**Zee Cinema**
- डैडी — सुबह : 10.30
- करीब करीब सिंगल — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- तू चोर मैं सिपाही — दोपहर : 12.31
- दृश्यम 2 — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## एक नजर

### गोवंश की तस्करी में वांछित हुआ गिरफ्तार

**इटावा।** चौबिया थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सदनपुर तिराहे के पास से गोवंश की तस्करी में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि 25 फरवरी की रात्रि मे थाना चौबिया एवं ऊसराहार पुलिस को नगला पीपल चौराहे के पास सं गोवंश से लदे एक ट्रक को बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि उनके अन्य साथी भाग जाने पर सफल रहे थे। पुलिस भागे तस्करों की तलाश में थी। चौबिया एसओ ने सूचना पर सदन पुर तिराहे के पास कुँवरपाल पुत्र सुघरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए।

### किशोरियों को बहला कर ले जाने वाला धरा गया

**इटावा।** भरथना थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चितभवन तिराहे के पास से एक किशोरियों को बहला फुसलाकर भगाने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों किशोरियों को भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव से दो किशोरियां कोचिंग पढ़ने के लिए भरथना आई थी तभी दोनों गायब हो गई। परिवार के लोगों ने इस सम्बंध में मामला दर्ज कराया था। पुलिस किशोरियों की तलाश में थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चितभवन तिराहे के पास से किशोरियों को बरामद कर लिया। इसके अलावा उन्हें बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले सोमवीर यादव पुत्र जगवीर यादव को गिरफ्तार कर लिया।

### सिद्ध सागर महाराज की अंतिम यात्रा में उमड़ा सैलाब

**जसवंतनगर, इटावा।** शुक्रवार को सिद्ध सागर जी महाराज की समाधी जसवंतनगर संत भवन में हो गयी। मुनि श्री सिद्ध सागर जी का जन्म सन 1962 में खण्डवा मध्य प्रदेश में हुआ था। सिद्ध सागर जी के गृहस्थ जीवन का नाम यतेंद्र कुमार जैन था। सिद्ध सागर जी ने सन 2015 में ग्रह त्याग कर 15 अक्टूबर 2016 को शिखरजी में आचार्य आदर्श सागर जी महाराज से दीक्षा प्राप्त की। सिद्ध सागर जी का डोला जैन मंदिर संत निवास से निकला। आगे-आगे आचार्य आदित्य सागर उनके पीछे सिद्ध सागर का डोला रहा। प्रमुख मार्गों से विचरण करते हुए समाधी स्थल महावीर वाटिका में पहुंचा, सर्व प्रथम सिद्ध सागर जी की पूजा, शांति धारा, अभिषेक उपरांत समस्त अंतिम किर्याए आचार्य आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई।

# बिना एनओसी सड़क के किनारे बने मकान हटेंगे

## सड़क के बीच से 50 फीट की दूरी तक तय है निर्माण का मानक

संवाददाता ककोर, औरैया

- फोरलेन सड़क के चौड़ीकरण का मामला

**अमृत विचार।** औरैया जिले में जिला मुख्यालय से बेला तक प्रस्तावित फोरलेन का सर्वे अंतिम दौर में चल रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने शासन को एस्टीमेट बनाकर भेजा है। वहीं सड़क के किनारे नहर बाजार पर एक नये पुल का निर्माण होना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग और नहर विभाग का सर्वे पूरा हो चुका है। अब विभाग ने इस रूट पर साइड लैंड कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत नहर के आसपास बने करीब 300 से अधिक मकान पर नोटिस देना शुरू कर दिया है। जिनके मकान बिना एनओसी के बने हुए हैं उन पर कार्रवाई भी करने का विचार चल रहा है। एक सर्वे के अनुसार सड़क के बीच से 50 फुट की दूरी तक करीब 300 से अधिक मकान बने हुए हैं उन सभी को चिह्नित भी कर लिया गया है, तथा घरों में नोटिस चस्पा भी कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियों ने बताया अप रोडसाइड लैंड कंट्रोल एक्ट के अनुसार सड़क किनारे निश्चित दूरी तक बिना विभागीय एनओसी के कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।

विभागीय कर्मियों ने ना ही इसकी किसी को इजाजत दी है। इसके बाद जो भी भवन स्वामियों ने निश्चित दूरी से अधिक सड़क के किनारे तक अपने मकान, दुकान को बना लिया है। पिछले कई वर्षों से औरैया से बेला तक फोरलेन सड़क के चौड़ीकरण प्रस्तावित है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता एस. के. तिवारी ने बताया कि हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका में आदेश दिया गया है। जिसमें सड़क नियमावली के अनुसार सर्वे के बाद बनाए गए मकान या दुकान निर्माण अवैध रूप से हो तो उन्हें नोटिस देकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस एक्ट के अंतर्गत या तो मकान मालिक अपना कब्जा स्वयं हटा ले अन्यथा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े दुकान के ताले तोड़ने से फैली सनसनी

संवाददाता बिधूना, औरैया

- दुकानदार ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**अमृत विचार।** बिधूना कस्बे में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के दिनदहाड़े दो नामजदों समेत उनके कई अज्ञात साथियों द्वारा ताले तोड़ने और विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी देने का पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

बिधूना कस्बे के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी कुलदीप गुप्ता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह बिधूना कस्बे के मोहल्ला किशोरगंज निवासी ओम कांत शुक्ला की फीडर रोड पर स्थित दुकान किराए पर लिए हैं। महाशिवरात्रि के त्योहार के कारण शुक्रवार को दुकान बंद थी, तभी दोपहर में अवधेश कुमार उसका भाई योगेश अपने लगभग 8-10 अज्ञात साथियों के साथ आए और उसकी दुकान के ताले तोड़ दिए जानकारी होने पर जब वह कई लोगों के साथ वहां पहुंचा तो सभी लोगों ने उसके साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और बाद में वह लोग फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने यह भी बताया है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन अज्ञात लोगों को मौके से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया है। कस्बे में दिनदहाड़े दुकान के ताले तोड़ने की हुई घटना से नगर में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप


भाजपा में शामिल हुए चेयरमैन के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

### लखना व बकेवर नपं के चेयरमैन भाजपा में शामिल

**इटावा।** जिले की दो नगर पंचायतों के चेयरमैन भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के इटावा आगमन पर सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया के प्रयास से इन दोनों चेयरमैन ने भाजपा की सदस्यता ली। जिले की लखना नगर पंचायत के अध्यक्ष गणेश शंकर पोरवाल तथा बकेवर नगर पंचायत के अध्यक्ष विवेक कुमार यादव सनी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है। इटावा आए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका भाजपा में स्वागत किया। दोनों चेयरमैन ने भाजपा की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। लोकसभा चुनाव से पहले जिले की दो नगर पंचायतों के चेयरमैन का भाजपा में शामिल होना भाजपा के लिए अच्छी खबर है।

### पांच के खिलाफ आत्महत्या को विवश करने की रिपोर्ट

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा में तीन दिन पहले सेल्समैन द्वारा खुदकुशी करने के मामले में एजेंसी संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने न देने पर प्रताड़ित करने से खुदकुशी को विवश करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला लालपुरा में रहने वाले 29 साल के सेल्समैन अमित राठौर ने अपने घर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित सुसाइड नोट पोस्ट करके खुदकुशी कर ली। परिजनों ने एजेंसी के समक्ष शव रखकर कार्रवाई की मांग की थी। अब मृतक की पत्नी माधुरी ने इसी मोहल्ला में जैन धर्मशाला के पास एजेंसी संचालक उमेश जैन, अतुल शर्मा फ्रेंड्स कॉलोनी, बंटी, अनुज तथा पवन के खिलाफ उपरोक्त आशय का मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि एक महीने पहले से यह सभी नामजद पति से 20 लाख रुपये की मांग करते हुए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इससे त्रस्त होकर उन्होंने खुदकुशी कर ली। शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**बसरेहर, इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर के मजरा नगला बरी में घर के अंदर कमरे में महिला का शव फंदे पर लटकता मिला। चौबिया पुलिस ने महिला के ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। महिला सपना उर्फ शिवानी 22 वर्ष पत्नी शेखर यादव फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतक महिला के भाई शिवम कुमार निवासी टकीपुरा थाना चौबिया को दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा ओर जानकारी थाना चौबिया थानाध्यक्ष मंसूर अहमद को दी। चौबिया पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाई शिवम ने बताया 18 फरवरी 2022 को उसने बहन की शादी की थी। तब से ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। इसी के कारण उसकी बहिन को फांसी लगाकर मार दिया। उसने बताया शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल के लोग परेशान करने लगे थे।


सपना।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**भरथना, इटावा।** दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे लाइन पार करते समय शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

### पिकअप पर चढ़े दो किशोर एचटी लाइन छूने से झुलसे

**अछल्दा, औरैया।** पिकअप पर चढ़कर नाच रहे दो नाबालिग बच्चे ऊपर से निकली 11 हजार की लाइन छू जाने से झुलस गये। आनन फानन दोनों बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर निवासी देबू पुत्र दिनेश कुमार उम्र 13 वर्ष, अरुण कुमार पुत्र कीरत सिंह उम्र 15 वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर दोपहर करीब 3 बजे गांव में ही पिकअप में लगे डीजे के गाने पर पिकअप के ऊपर चढ़कर नाच रहे थे, तभी ऊपर से निकली 11 हजार की विद्युत एचटी लाइन में दोनों बालक किसी तरह से छू गये उनका शरीर तारों से छूते ही करंट से झुलसकर पिकअप से दोनों बालक नीचे सड़क पर जा गिरे वहां मौजूद लोगों ने दोनों बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया।

# जायंट्स संगठन ने पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार जायंट्स ग्रुप दिबियापुर की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक चारू निगम से भेंट कर महिला दिवस पर बधाई दी। इसके बाद महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता के साथ स्मृति चिह्न भेंट किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जायंट्स संगठन की सभी महिलाओं का पुलिस ने विशेष आभार जताया। सभी महिलाओं ने एसपी के साथ होली भी खेली।

जायंट्स संगठन में महिलाओं को स्वावलंबन बनाने के साथ घरेलू कामकाजी महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए कई प्रकार की योजना चलाई जा रही है। जिससे अनाथ दिव्यांग पीड़ित महिलाएं भी इस ग्रुप में जुड़कर अपने व्यवसाय कार्य को स्वयं कर रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष संध्या अवस्थी, सपना गुप्ता, रोली गुप्ता, पूनम पुरवार एक दर्जन से अधिक महिलाओ ने सम्मानित किया।



एसपी चारू निगम को सम्मानित करतीं संगठन की पदाधिकारी। अमृत विचार



संगठन की पदाधिकारी को सम्मानित करतीं अन्य महिलाएं। अमृत विचार

### मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट की

महिला दिवस के उपलक्ष्य में राइज़िंग क्वींस द्वारा अपने समूह की सबसे वरिष्ठ एवं सक्रिय महिला का सभी पदाधिकारियों ने पुष्प माला पहना कर एवं शक्ति स्वरूप मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया। समूह की महिलाओं के द्वारा गरीब, असहाय बच्चों को फ्री कोचिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांसिंग, मेहंदी, सिलाई और कढ़ाई भी सिखाती हैं। वहीं शिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोगों को प्रसाद एवं भाँग का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर राइजिंग क्वींस की पदाधिकारी सपना गुप्ता, अपर्णा सिंह, ऋतु चन्देरिया, नीलम पोरवाल, नीता जैन, ज्योत्सना प्रधान आदि मौजूद रहे।

## सीएमएस ने महिला कर्मियों को मिठाई खिलाकर किया सम्मानित

**औरैया।** स्थानीय 50 सैय्या जिला अस्पताल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधीक्षक मंजू सचान ने एंबुलेंस सेवा में तैनात कर्मचारियों को मुंह मीठा कराने के साथ ही प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

महाशिवरात्रि एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 50 सैय्या युक्त जिला संयुक्त अस्पताल में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक मंजू सचान के द्वारा 108 एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत महिला कर्मचारियों को मिठाई खिलाई गई तथा प्रशस्ति पत्र दिये गये। उन्होंने कहा महिलाएं अब आत्मनिर्भर होने के साथ जागरूक हो रही हैं, एवं वह अपना भला बुरा स्वयं समझती हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का महिलाओं को लाभ उठाना चाहिए और वह लाभ उठा भी रही हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के साथ ही समाजिक उत्थान के साथ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इस मौके पर महिला ईएमटी प्रियंका, आकांक्षा, करिश्मा रहीं।



प्रशस्ति पत्र के साथ खड़े कर्मचारी। अमृत विचार

# रमजान को लेकर सभासद ने किया निरीक्षण


संवाददाता फफूंद, औरैया

- मंगलवार से हो सकती है पवित्र माह रमजान की शुरुआत

**अमृत विचार।** पवित्र माह रमजान की शुरुआत मंगलवार से हो सकती है जिसको लेकर नगर की मस्जिदों में तैयारियां शुरू हो गयी हैं। शुक्रवार को नगर पंचायत फफूंद के सभासद शब्बीर कुरैशी ने अपने वार्ड में साफ सफाई, पानी व प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों द्वारा बतायी गयीं समस्याओं को जल्द दूर करने का भरोसा दिलाया।

पवित्र माह रमजान की शुरुआत मंगलवार से हो सकती है। जिसको लेकर नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में साफ सफाई को लेकर तैयारियां शुरू कर दीं है। शुक्रवार को नगर पंचायत फफूंद के वार्ड जुबैरी के सभासद शब्बीर कुरैशी ने वार्ड के मोहल्ला बरकीटोला, जुबैरी, केसरवानी में जाकर मस्जिदों के आस पास साफ सफाई, पानी व प्रकाश व्यवस्था आदि का जायजा लिया।

इस मौके पर सभासद ने कहा कि वार्ड को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे है। इस मौके पर गुलाम फखरुद्दीन (मुन्ना), नसीम खान, दानिश कुरैशी, अजमेरी राईन, नईम लकी सहित आदि लोग मौजूद रहे।


वार्ड के निरीक्षण के दौरान सभासद शब्बीर कुरैशी व अन्य। अमृत विचार

## मंदिरों की साफ-सफाई कर हुआ चूना छिड़काव

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को शिवरात्रि को देखते हुये नगर पालिका की ओर से नगर के छोटे-बड़े मंदिरों में साफ सफाई कराई गई। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार भोर पहर सफाई कर्मियों की फौज नगर के 28 वार्डों में बने छोटे-बड़े मंदिरों के बाहर पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इसके साथ ही झाडू लगाकर मंदिरों को चकाचक किया। जिसके बाद चूने का छिड़काव कराया।

# नहर मार्ग पर लगाया गया हाइट गेज

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** निचली गंग नहर किनारे बनी सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही बन्द करने के लिये हाइटगेज लगाया गया है। कस्बा के नहर किनारे पर अछल्दा से लेकर दिबियापुर तक सिंचाई विभाग द्वारा डामर रोड बनाया गया था जिस पर भारी वाहनों का निकलना निरन्तर जारी था। भारी वाहनों के निकलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। भारी वाहनों की रोकथाम के लिये सरकारी अस्पताल के पास हाइटगेज लगा दिया गया, जिससे भारी वाहनों का आवागमन बन्द हो गया। बताया जा रहा है कि इस सड़क पर रेलवे का कार्य होने के चलते ज्यादातर भारी वाहन ट्रेलर सहित अन्य बड़े वाहन भी सामान लादकर सड़क से गुजरते रहे, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता दिनेश चन्द्र ने बताया कि भारी वाहनों के निकलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही थी इसीलिये हाइटगेज लगा दिया गया।



नहर मार्ग पर लगा हाइट गेज। अमृत विचार

**खेल के मैदान से** — केके कालेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह की हुई शुरुआत

# खेल में वैमनस्यता से भाग नहीं लेना चाहिए : एडीजे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कालेज की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति 2024 का उद्घाटन महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में हुआ। अपर जिला न्यायाधीश दिलीप कुमार ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलायी। कहा कि सभी को अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। गीता में भी योगः कर्मस्याःपरिश्रमः का प्रयोग किया गया है। इसका अर्थ है कि योग को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। खेल भावना का महत्व है। खेल में वैमनस्यता से भाग नहीं लेना चाहिए।

प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने कहा कि खेलों ने देशों को वहां की जनता को जोड़ने का कार्य किया है। खेल हमारे स्वास्थ्य में निसंदेह लाभदायक है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। मंत्री प्रबंध समिति ओमकार नाथ वर्मा, जिला क्रीड़ाधिकारी परमजीत सिंह का शिक्षकों, कर्मचारियों ने बुके, अंगवस्त्र एवम प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर आयोजन सचिव प्रो सुनील सिंह सेंगर, प्रो ओमकूमारी, क्रीड़ा समिति के प्रो पदमा त्रिपाठी, डा चित्रा त्रिपाठी, डा अनुपम मिश्रा, डा मुरली कुमार, डा रमाशंकर यादव, डा सुजीत कुमार, मिथलेश सिंह, डा अंकुर वर्मा, सुशील, प्रदीप, डा सनोज यादव सहित शिक्षक मौजूद रहे।


खेलकूद में प्रतिभा का प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार



खेलकूद समारोह को संबोधित करते एडीजे दिलीप कुमार। अमृत विचार

## खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता

**इटावा।** प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में छात्र संदीप ने प्रथम, सुधीर राजपूत ने द्वितीय, विमल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी छात्रा दौड़ में संजना ने प्रथम, कीर्ति यादव ने द्वितीय, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ छात्र में साहिल ने प्रथम, टिंकल ने द्वितीय, स्पर्श और विमल सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ छात्रा में राखी ने प्रथम सुरुचि ने द्वितीय दीक्षा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद छात्र में विमल सिंह ने प्रथम स्पर्श ने द्वितीय योगेंद्र बाबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद छात्रा में राखी ने प्रथम ज्योति ने द्वितीय अंजली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला भेंक में छात्र टिंकल शर्मा ने प्रथम गजेंद्र यादव ने द्वितीय विकास यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक छात्रा में कीर्ति यादव ने प्रथम अनीशा पाल ने द्वितीय शबीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेक छात्रा में राखी ने प्रथम संजना ने द्वितीय राशि भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक छात्र में गजेंद्र यादव ने प्रथम रॉकी द्वितीय साहिल सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 350 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**उन्नाव।** जिले में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 350 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 13 जोड़े शामिल रहे। सदर विधानसभा में 32, भगवंतनगर विधानसभा में 27, पुरवा विधानसभा में 56, मोहान विधानसभा में 73, सफीपुर विधानसभा में 41 व बांगरमऊ विधानसभा में 121 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

विधानसभा सदर क्षेत्र में विधायक पंकज गुप्ता, डीएम गौरांग राठी, सीडीओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिकंदरपुर सिरोसी व बिछिया विधानसभा पुरवा में विधायक अनिल सिंह, ब्लॉक प्रमुख हिलौली, बिछिया, पुरवा व अन्य गणमान्य व्यक्ति, एसडीएम पुरवा, खंड विकास अधिकारी पुरवा, हिलौली व असोहा, विधानसभा बांगरमऊ में विधायक श्रीकांत कटियार, बांगरमऊ, एसडीएम बांगरमऊ, विधानसभा सफीपुर में विधायक प्रतिनिधि, ऊगू, सफीपुर व मियागंज, विधानसभा मोहान में विधायक ब्रजेश रावत मौजूद रहे।

# बिझलामऊ में छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकशी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के बिझलामऊ गांव में गुरुवार देर रात एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मध्य रात्रि बड़ी बहन ने उसे फांसी पर लटका देखा। इस पर उसके होश उड़ गये। फांसी की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिझलामऊ के निवासी राम सिंह यादव की छोटे बेटी गोल्डी यादव (23) बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। गुरुवार रात खाना खाने के बाद कमरे में चली गई। इसके बाद देर रात उसने आंगन में लोहे के जाल के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रात दो बजे उसकी बड़ी बहन रोली उठी। जहां छोटी बहन का शव फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार सुन आस पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं फांसी की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जाजमऊ चौकी इंचार्ज ने बताया कि परिजन फांसी लगाये जाने का कारण नहीं बता सके हैं।

### छोटी से झगड़कर बड़ी बहन ने लगाई फांसी

**सफीपुर उन्नाव।** छोटी बहन से विवाद होने के बाद बड़ी बहन ने फांसी लगा ली। समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे फंदे से नीचे उतारा और सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी थानाक्षेत्र के रामसिंह खेड़ा गांव के मजरा इशुनिया निवासी खुशी (14) पुत्री प्रताप का घर में ही छोटी बहन रूपा से पैसों के लेन-देन को लेकर झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह फंदा बनाकर लटक गई। घर में मौजूद मां उर्मिला ने अचानक बेटी को फंदे से लटका देखा तो मोहल्ले के लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा और एंबुलेंस से सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।





## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14300-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7150-7200 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी


केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने



के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा-हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा-हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा-हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

### सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

# शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

मुंबई, एजेंसी

प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर



क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

# पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

मुंबई, एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

### सरकार बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदने की बना रही योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार



को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय



चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड दौरान आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के दौरान कैडेटों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

## नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

## एक नजर

### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया-मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

**पटना।** राजद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद चुनाव मैदान में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। राजद के अन्य उम्मीदवारों में अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

कोटा (राजस्थान) एजेंसी

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

## गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

# सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा-वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।


### सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है ।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18 साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड**




## वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग

आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी**-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

## ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम, पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।



## दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्यूमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी



- 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहली बार गाजियाबाद पहुंची।

## 11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

## एक नजर

### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।



### नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।



इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।


# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

# नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

# मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससे घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।



उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी




- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

## कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुरा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। ● एजेंसी

**विज्ञान** | विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज


# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रव्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

## तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की 24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।




दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।

## दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।